रोहतक
गुरुवार 30 अप्रैल 2026
वैशाख मास शुक्ल पक्ष,
चतुर्दशी वर्ष : 30, अंक : 85
पृष्ठ 12 मूल्य 3 .00

मौसम
अधि. 38.7
न्यून. 20.0

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com



7 भारतीय भारोत्तोलकों ने जीता 1 गोल्ड और 3 सिल्वर मेडल




### पश्चिम बंगाल
**कुल सीटें : 294, बहुमत : 148**

| एजेंसी | टीएमसी | भाजपा | अन्य |
|---|---|---|---|
| मैट्रिज | 125-140 | 146-161 | 6-10 |
| चाणक्य | 130-140 | 150-160 | 0-5 |
| पीपुल्स पल्स | 177-187 | 95-110 | 1-4 |
| पोल डायरी | 99-127 | 142-171 | 5-9 |
| प्रजा पोल | 85-110 | 178-208 | 0-5 |
| पी मार्क | 118-138 | 150-175 | 0-0 |

### असम
**कुल सीटें : 126, बहुमत : 64**

| एजेंसी | भाजपा | कांग्रेस+ | अन्य |
|---|---|---|---|
| मैट्रिज | 85-95 | 25-32 | 6-12 |
| चाणक्य | 88-98 | 22-32 | 3-5 |
| पीपुल्स पल्स | 68-72 | 22-26 | 3-5 |
| पोल डायरी | 86-101 | 15-26 | 3-7 |
| वोट वाइब | 90-101 | 23-33 | 0-6 |
| पी मार्क | 82-94 | 30-40 | 1-5 |

### केरलम
**कुल सीटें : 140, बहुमत : 71**

| एजेंसी | एलडीएफ | यूडीएफ+ | अन्य |
|---|---|---|---|
| मैट्रिज | 60-65 | 75-85 | 3-5 |
| वोट वाइब | 58-68 | 70-80 | 0-4 |
| पीपुल्स पल्स | 55-65 | 70-85 | 0-3 |
| एक्सिस | 49-62 | 78-90 | 0-3 |
| जेवीसी | 57-66 | 72-82 | 2-6 |
| पी मार्क | 62-69 | 71-79 | 1-7 |

### तमिलनाडु
**कुल सीटें : 234, बहुमत : 118**

| एजेंसी | डीएमके+ | एआईडीएमके+ | अन्य |
|---|---|---|---|
| मैट्रिज | 122-132 | 87-110 | 10-18 |
| पीपल पल्स | 125-145 | 65-80 | 20-30 |
| जीवीसी | 75-95 | 128-147 | 8-15 |
| पी मार्क | 125-145 | 65-85 | 17-27 |
| प्रजा पोल | 148-168 | 61-81 | 1-9 |
| पीपल्स | 120-140 | 60-70 | 30-44 |

### पुडुचेरी
**कुल सीटें : 30, बहुमत : 16**

| एजेंसी | एनडीए | कांग्रेस+ | अन्य |
|---|---|---|---|
| पीपल्स पल्स | 16-19 | 10-12 | 1-2 |
| एक्सिस | 16-20 | 6-8 | 3-7 |

## 5 राज्यों में विधानसभा चुनाव के बाद एग्जिट पोल आए सामने, नतीजे 4 को

# बंगाल में 6 में से 5 पोल्स में भाजपा सरकार, असम में हैट्रिक

तमिलनाडु में डीएमके, केरलम में यूडीएफ पुडुचेरी में एनडीए को बहुमत का अनुमान

**नई दिल्ली (भाषा)।** देश के चार राज्यों एवं एक केंद्रशासित प्रदेश के विधानसभा चुनाव के लिए मतदान संपन्न होने के बाद जारी अधिकतर एग्जिट पोल में पश्चिम बंगाल में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को बढ़त मिलने तथा असम में उसके जीत की हैट्रिक लगाने की संभावना जताई गई है। दूसरी तरफ, केरलम में 10 साल बाद यूडीएफ सरकार का अनुमान जताया गया है। वहीं, तमिलनाडु में डीएमके की वापसी होती दिख रही है। पुडुचेरी में भी एनडीए को पूर्ण बहुमत मिलता दिख रहा है। पश्चिम बंगाल में बुधवार को दूसरे एवं अंतिम चरण में मतदान संपन्न हुआ। इससे पहले बीते 23 अप्रैल को राज्य की 152 सीटों पर मतदान हुआ था। प्रदेश में विधानसभा की कुल 294 सीटें हैं। केरल, असम और पुडुचेरी में नौ अप्रैल तथा तमिलनाडु में 23 अप्रैल को मतदान संपन्न हुआ था। पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव को लेकर बुधवार शाम तक आए अधिकतर चुनाव सर्वेक्षण एजेंसियों के सर्वे में भाजपा को निर्णायक बढ़त या बहुमत मिलने की संभावना जताई गई। *(पैकेज पेज-5 पर)*



### पांचों राज्यों में 3 से 12% मतदान बढ़ा

पांचों राज्यों में इस बार रिकॉर्ड वोटिंग हुई। सबसे बड़ा फैक्टर वोटर लिस्ट रिविजन (एसआईआर) को बताया जा रहा है। डुप्लीकेट और मृत मतदाताओं के नाम हटाने से वोटर्स की संख्या घट गई, लेकिन वोट डालने वाले लोगों की संख्या लगभग समान रही। महिलाओं को कैश सहायता, मुफ्त यात्रा और आरक्षण जैसे वादों ने महिला वोटर्स को बड़ी संख्या में बाहर निकाला। इस बार महिलाओं का वोट प्रतिशत पुरुषों की तुलना में बंगाल-तमिलनाडु में 2%, असम में 1%, केरल में 5% और पुडुचेरी में 3% ज्यादा रहा।

## बंगाल में दूसरे चरण में छिटपुट हिंसा के बीच 92% वोटिंग

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में दूसरे चरण की 142 सीटों पर 92.32% वोटिंग हुई है। इस बीच मुख्यमंत्री ममता ने सीआरपीएफ पर टीएमसी समर्थकों से मारपीट का आरोप लगाया। ममता ने कोलकाता में कहा- सीआरपीएफ ने सभी बूथ कैप्चर कर लिए हैं। बंगाल पुलिस कहीं नहीं है। ममता ने कहा- सीआरपीएफ ने हमारे कई लोगों को गिरफ्तार किया है। वोटरों और सेंट्रल ऑब्सर्वर लोगों को मार रहे हैं। महिलाओं और बच्चों को भी नहीं छोड़ा। उन्हें बॉर्डर की रक्षा करनी चाहिए, लेकिन वे एक पार्टी की रक्षा कर रहे हैं। टीएमसी ने आरोप लगाया कि सीआरपीएफ के हमले से हावड़ा के उदयनारायणपुर में एक बुजुर्ग की मौत हो गई। टीएमसी महासचिव अभिषेक बनर्जी ने दावा किया कि बुजुर्ग अपने बेटे के साथ वोट डालने गए थे। केंद्रीय बलों ने उन्हें धक्का दिया और मारपीट की। बुजुर्ग को अस्पताल ले जाया गया जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। इधर, भाजपा ने आरोप लगाया कि डायमंड हार्बर के फालता में ईवीएम में भाजपा के बटन पर टेप लगाया गया है। चुनाव आयोग ने कहा कि जिन मतदान केंद्रों पर ऐसी शिकायतें सही मिलेंगी, वहां दोबारा चुनाव होंगे। जिन 142 सीटों पर वोटिंग हुई, उनमें से 123 सीटों पर टीएमसी ने 2021 के विधानसभा चुनाव में जीत दर्ज की थी।

> टीएमसी का आरोप सीआरपीएफ के हमले से बुजुर्ग की मौत
> **भाजपा बोली ईवीएम में भाजपा बटन पर टेप लगाया**

### बंगाल में बंपर वोटिंग के कारण

- **एसआईआर का असर:** राज्य में 91 लाख से ज्यादा नाम मतदाता सूची से हटाए गए, जिससे कुल वोटरों की संख्या घटी। मतदाता कम हुए, पर वोट डालने वालों की संख्या लगभग उतनी ही या उससे ज्यादा रही, जिससे प्रतिशत अपने आप बढ़ गया।
- **एंटी इनकंबेंसी और ध्रुवीकरण:** राज्य में पिछले 15 साल से टीएमसी की सरकार है। ऐसे में नेताओं के खिलाफ नाराजगी, रोजगार, भ्रष्टाचार और घुसपैठियों को बढ़ावा देने जैसे मुद्दे मतदाताओं को ज्यादा संख्या में बाहर लाए।
- **प्रवासी कामगारों की वापसी:** इस बार बड़ी संख्या में प्रवासी मजदूर वोट डालने के लिए दूसरे राज्यों से बंगाल लौटे। उन्हें लगा कि अगर इस बार मतदान नहीं किया, तो उनका अधिकार छिन सकता है।
- **निर्वाचन आयोग की सख्ती:** चुनाव आयोग की कड़ी निगरानी और 2.40 लाख केंद्रीय बलों की तैनाती ने माहौल बदला। सुरक्षा बढ़ने से मतदाताओं में भरोसा आया और उन्होंने बिना डर के मतदान किया, जिसका असर सीधे वोटिंग प्रतिशत पर दिखा।

### मोदी का बड़ा दावा

#### पांच राज्यों के चुनावों में भाजपा लगाएगी जीत की हैट्रिक



पीएम नरेंद्र मोदी ने बुधवार को उत्तर प्रदेश के हरदोई में एक चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए बड़ा राजनीतिक दावा किया। उन्होंने भरोसा जताया कि भाजपा 5 राज्यों के विधानसभा चुनावों में जीत की 'हैट्रिक' लगाएगी। हरदोई के मल्लावां में गंगा एक्सप्रेसवे के उद्घाटन के बाद एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि बिहार में भाजपा और एनडीए ने प्रचंड जीत दर्ज की और एक इतिहास रच दिया था।

### ऐसा जुल्म नहीं देखा

#### टीएमसी जीत रही, बहुमत से सरकार बनाएगी : ममता बनर्जी



सीएम ममता बनर्जी ने कहा कि टीएमसी जीत रही है। बड़े बहुमत से जीतेगी। सीआरपीएफ इस तरह से ज़ुल्म नहीं कर सकती। किसी भी बूथ पर राज्य पुलिस मौजूद नहीं है। उन्होंने हर जगह कब्जा कर लिया है। वे एक राजनीतिक पार्टी की सुरक्षा कर रहे हैं। मैंने ऐसा पहले कभी नहीं देखा। मैं 1984 से चुनाव लड़ रही हूं, लेकिन ये ज़ुल्म बहुत ही भयानक है।

### सुवेंदु के साथ टीएमसी की झड़प



मतदान में उस वक्त और भड़क उठा जब भाजपा नेता और राज्य के नेता प्रतिपक्ष सुवेंदु अधिकारी निरीक्षण के लिए एक मतदान केंद्र पर पहुंचे। उनके पहुंचने के साथ ही वहां पहले से ही मौजूद टीएमसी समर्थकों ने उन्हें घेर लिया, फिर जोरदार नारेबाजी शुरू कर दी। इससे भड़के अधिकारी ने कहा कि ये लोग वोटर नहीं, बाहरी हैं। इन्होंने मुझ पर हमला करने की कोशिश की। इस दौरान उन्होंने फोन पर किसी से बात करते हुए कहा कि यहां तुरंत सीआरपीएफ भेजी जाए। जब तक फोर्स नहीं आएगी, मैं यहां से नहीं जाऊंगा।

## खबर संक्षेप

### दिल्ली में नया मेयर भाजपा के वाही जीते



**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम को बुधवार को नया मेयर मिल गया है। 29 अप्रैल को हुए चुनाव में भाजपा के प्रत्याशी प्रवेश वाही ने जीत दर्ज की है। मतदान के दौरान सदन की बैठक से आप के पार्षद सदन से अनुपस्थित रहे। भाजपा के प्रत्याशी वाही की जीत लगभग तय थी, क्योंकि भाजपा के पास जरूरी वोटों से ज्यादा संख्या थी। *एजेंसी*

### केजरीवाल को ईडी की अर्जी पर नया नोटिस



**नई दिल्ली।** दिल्ली हाई कोर्ट ने बुधवार को आप प्रमुख अरविंद केजरीवाल को ईडी की अर्जी पर नया नोटिस जारी किया। ईडी ने एक्साइज पॉलिसी मामले में समन जारी होने के बावजूद एजेंसी के सामने पेश न होने के लिए केजरीवाल के खिलाफ दर्ज दो अलग-अलग मामलों में उन्हें बरी किए जाने को चुनौती दी है। जस्टिस स्वर्णकांता ने कहा कि केजरीवाल को जारी किया गया पिछला नोटिस सर्व नहीं किया गया था। *एजेंसी*

## फरीदाबाद में ऑनलाइन गेमिंग में हारने पर बीएससी स्टूडेंट ने की आत्महत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

एक 22 साल के छात्र ने अपने फौजी ताऊ की लाइसेंसी रिवाल्वर से सिर में गोली मार ली। उसने यह कदम घर के बाथरूम में बंद होकर उठाया। गोली चलने की आवाज सुनकर परिवार के लोग उस ओर दौड़े। इसके बाद किसी तरह बाथरूम का दरवाजा तोड़कर देखा तो वहां स्टूडेंट खून से लथपथ पड़ा था। पुलिस के अनुसार, युवक आदित्य वाईएमसीए यूनिवर्सिटी में बीएससी थर्ड ईयर का स्टूडेंट था। परिवार के दो ही बेटे है, जिनमें आदित्य बड़ा था। पुलिस को मौके से एक सुसाइड नोट भी मिला है, जिसमें ऑनलाइन गेमिंग में रुपये हारने और गलत संगत में पड़ने की बात लिखी है। पुलिस ने रिवॉल्वर को भी कब्जे में ले लिया है।

> **हड़कंप मचा**
> फौजी ताऊ के लाइसेंसी रिवॉल्वर से माथे में मारी गोली, परिवार में दो बेटे, इनमें आदित्य बड़ा था

### मां और छोटे भाई के साथ रहता था

पुलिस के मुताबिक, आदित्य फरीदाबाद के सेक्टर 77 स्थित जल विहार वेलफेयर सोसाइटी में अपनी मां सविता और छोटे भाई के साथ रहता था। वह बीएससी के थर्ड ईयर का स्टूडेंट था, जबकि छोटा भाई 11वीं क्लास में पढ़ता है। यह परिवार मूल रूप से फरीदाबाद के गांव शाहंजापुर का रहने वाला है। आदित्य के पिता कल्याण की मौत हो चुकी है। पुलिस के मुताबिक, बुधवार की दोपहर करीब एक बजे आदित्य ने घर के बाथरूम में खुद को बंद कर गोली मार ली।

## मध्य प्रदेश में पिकअप पलटने से 15 की मौत

**धार (मप्र)।** मध्य प्रदेश के धार में टायर फटने से अनियंत्रित होकर पिकअप वाहन डिवाइडर पर चढ़कर पलट गया। वाहन ने 3-4 बार पलटी खाई। इस दौरान सड़क के दूसरी ओर जाकर स्कॉर्पियो से भी टकराया। हादसे में 15 लोगों की मौत हो गई, 13 घायल हैं। मृतकों में 6 बच्चे शामिल हैं। हादसा इंदौर अहमदाबाद राष्ट्रीय राजमार्ग के चिकलिया फाटा पर जियो पेट्रोल पंप के पास बुधवार रात करीब साढ़े 8 बजे हुआ। जयस के सदस्य विजय सिंह चोपड़ा ने बताया कि पिकअप में करीब 50 मजदूर सवार थे। वाहन करीब 100 किलोमीटर की रफ्तार में था। धार जिला अस्पताल के ड्यूटी डॉक्टर छत्रपाल सिंह ने बताया कि 10 घायलों को गंभीर हालत में इंदौर के एमवाय अस्पताल रेफर किया गया है। मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका है।

> टायर फटने के बाद स्कॉर्पियो से टकराई
> **धार जिले में रात करीब 8 बजे हुआ भीषण हादसा**

## अमेरिका के खिलाफ संरा पहुंचा ईरान बोला-जहाज जब्त करना समुद्री डकैती

> **ट्रम्प की राइफल के साथ फोटो, ईरान को दी धमकी**
> **समझौता नहीं हुआ, तो सख्त रुख अपनाएंगे**

**तेहरान/वॉशिंगटन डीसी (एजेंसी)।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने राइफल के साथ फोटो शेयर कर ईरान को कड़ी चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि जल्दी समझदार बनो, अब ज्यादा देर नरमी नहीं बरती जाएगी। ट्रम्प ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर राइफल के साथ एक फोटो पोस्ट की। फोटो पर लिखा था, "नो मोर मिस्टर नाइस गा" यानी अब ज्यादा देर नरमी नहीं बरती जाएगी। उन्होंने परमाणु कार्यक्रम को लेकर चल रही बातचीत की धीमी रफ्तार पर नाराजगी जताई और कहा कि ईरान खुद को संभाल नहीं पा रहा है। ट्रम्प ने कहा है कि अगर जल्द कोई समझौता नहीं हुआ, तो अमेरिका और सख्त रुख अपना सकता है। इस बीच ईरान ने अमेरिका के खिलाफ संयुक्त राष्ट्र में शिकायत की है। चिट्ठी में ईरान ने अमेरिका पर कई गंभीर आरोप लगाए हैं। ईरान का कहना है कि अमेरिका ने उसके जहाजों को जब्त करके 'समुद्री डकैती' की है। संयुक्त राष्ट्र में ईरान के राजदूत अमीर सईद इरावानी ने कहा कि अमेरिका ने 38 लाख बैरल ईरानी तेल भी जब्त कर लिया है। *(पेज-8 भी देखें)*

## मोदी ने किया यूपी के सबसे लंबे एक्सप्रेस-वे का उद्घाटन

**हरदोई (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को यूपी के हरदोई में प्रदेश के सबसे लंबे गंगा एक्सप्रेस-वे का उद्घाटन किया। जनसभा को संबोधित करते हुए पीएम ने ऐलान किया कि एक्सप्रेस-वे को हरिद्वार से भी जोड़ा जाएगा। सीएम योगी के साथ एक्सप्रेस-वे पर पैदल भी चले। 594 किलोमीटर लंबा यह एक्सप्रेस-वे मेरठ को प्रयागराज से जोड़ेगा। इससे मेरठ से प्रयागराज की दूरी सिर्फ 6 घंटे में पूरी होगी। अब तक 11-12 घंटे लगते थे। एक्सप्रेस-वे करीब 37,350 करोड़ रुपये की लागत से 5 साल में बनकर तैयार हुआ है। इस हिसाब से 1 किलोमीटर एक्सप्रेस-वे की औसत लागत करीब 62 करोड़ 87 लाख रुपए है। मोदी ने ही 18 दिसंबर, 2021 को शाहजहांपुर में एक्सप्रेस-वे का शिलान्यास किया था। इससे पहले पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे यूपी का सबसे लंबा एक्सप्रेस-वे था, जिसकी लंबाई 340 किमी है। *(संबंधित खबर पेज-5 पर)*

> पीएम का ऐलान एक्सप्रेस-वे को हरिद्वार से भी जोड़ा जाएगा



## मॉक ड्रिल-रेस्क्यू टीमों की तैनाती पर जोर, डॉ. सुमिता मिश्रा ने बैठक में लिया तैयारियों का जायजा

# मानसून से पहले प्रदेश सरकार अलर्ट जिलों में कंट्रोल रूम बनाने के निर्देश

मई माह के मध्य तक विशेष बाढ़ नियंत्रण कक्ष स्थापित किए जाएं

समन्वित प्रतिक्रिया प्रणाली को और मजबूत करने को कहा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

हरियाणा सरकार ने आगामी मानसून सीजन को देखते हुए राज्यभर में संभावित बाढ़, हीटवेव और सूखे जैसी आपदाओं से निपटने के लिए तैयारियां तेज कर दी हैं। राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग की वित्तायुक्त डॉ. सुमिता मिश्रा ने सभी मंडलायुक्तों और उपायुक्तों को अपने-अपने जिलों में कंट्रोल रूम तुरंत सक्रिय करने और समन्वित प्रतिक्रिया प्रणाली को और मजबूत बनाने के निर्देश दिए हैं। सरकार के निर्देशों के अनुसार, पंचकूला स्थित राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र पहले से ही 24× 7 कार्यरत है। सभी जिलों को मई माह के मध्य तक विशेष बाढ़ नियंत्रण कक्ष स्थापित करने तथा रियल-टाइम समन्वय और रिपोर्टिंग के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त करने को कहा गया है। साथ ही संचार प्रणाली, इंटरनेट कनेक्टिविटी और पर्याप्त जनशक्ति सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया गया है।



### संवेदनशील क्षेत्रों पर विशेष निगरानी

राज्य सरकार ने एक विस्तृत कार्य योजना जारी करते हुए अधिकारियों को संवेदनशील क्षेत्रों की पहचान, संभावित निकासी योजना तैयार करने और राहत सामग्री की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही जलस्तर की लगातार निगरानी रखने और डिजिटल प्लेटफॉर्म व स्थानीय संचार माध्यमों के जरिए समयपूर्व चेतावनी प्रणाली को सक्रिय करने पर जोर दिया गया है।

### सर्च व रेस्क्यू ऑपरेशन पर खास फोकस

सरकार ने सर्च एवं रेस्क्यू ऑपरेशन की तैयारियों को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। त्वरित प्रतिक्रिया दल और राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल की इकाइयों की तैनाती की स्थिति की जानकारी मांगी गई है। विशेष रूप से संवेदनशील ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में अस्थायी आश्रय स्थल, स्वच्छ पेयजल, स्वच्छता और खाद्य आपूर्ति की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

**खबर संक्षेप**

### ई-गवर्नेंस पर बढ़ेगा सरकार का फोकस

**चंडीगढ़।** मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी एक मई को राज्य सरकार के विभिन्न विभागों में ई-गवर्नेंस से संबंधित प्रमुख प्रणालियों-ई-ऑफिस, वार्षिक गोपनीय रिपोर्ट (एसीआर), सेंट्रलाइज्ड फाइल मूवमेंट सिस्टम (सीएफएमएस) तथा ह्यूमन रिसोर्स मैनेजमेंट सिस्टम (एचआरएमएस) के क्रियान्वयन एवं प्रगति की समीक्षा करेंगे। इस दौरान एचआरएमएस के विभिन्न मॉड्यूल्स का विभागवार प्रस्तुतिकरण किया जाएगा, जिसमें प्रत्येक विभाग द्वारा अपनाए गए मॉड्यूल्स की स्थिति का आकलन किया जाएगा।

### अपराधों से निपटने की रणनीति तैयार करें

**चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने हरियाणा विजन 2047 के तहत सेवा, पुलिस एवं जेल विभाग द्वारा बनाए गए शार्ट टर्म एक्शन प्लान रोडमैप की विस्तार से समीक्षा की और उन्हें इसमें ओर बेहतर बनाने के सुझाव दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा विजन 2047 में साइबर क्राइम को पूर्ण रूप से रोकने के लिए व्यापक स्तर पर कार्य किया जाएगा। रात्रि के समय कार्य करने वाली महिलाओं को घर तक छोड़ने के कार्य के लिए योजना बनाई जाए। इसके लिए महिलाएं पोर्टल के माध्यम से पुलिस को अवगत करवाएंगी। क्राइम पर अंकुश लगाने और अपराध की दर कम लाने के लिए वृहद स्तर पर कार्य किया जाना चाहिए।

### लोक कलाओं के संरक्षण पर ध्यान : कालिया

**चंडीगढ़।** प्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को नई ऊर्जा देने की दिशा में हरियाणा कला परिषद् ने एक महत्वाकांक्षी पहल की शुरुआत की है। परिषद् के निदेशक विवेक कालिया ने बताया कि परिषद् प्रदेश की लोक परंपराओं को न केवल संरक्षित करने बल्कि उन्हें नई पीढ़ी तक सजीव रूप में पहुंचाने के लिए निरंतर सक्रिय है। उन्होंने कहा कि हरियाणा की लोक कलाएं—जैसे लोक नृत्य, लोक गीत और लोक नाटक—प्रदेश की आत्मा हैं, जिन्हें समय के साथ सहेजना और आगे बढ़ाना अत्यंत आवश्यक है। इसके लिए रणनीति तैयार की गई है।

# नारायणगढ़ में आईएमटी का रास्ता साफ, 450 एकड़ भूमि देंगे किसान

■ किसानों की मुख्यमंत्री के साथ बैठक ■ निर्धारित रेट पर जमीन उपलब्ध करवाने के लिए तैयार

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

हरियाणा में दस नए औद्योगिक मॉडल टाउनशिप (आईएमटी) विकसित करने की कड़ी में नारायणगढ़ के किसान सरकार द्वारा निर्धारित कीमत पर जमीन उपलब्ध कराने को तैयार हो गए हैं। किसानों के प्रतिनिधिमंडल ने बुधवार को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और अधिकारियों के साथ बैठक में नारायणगढ़ आईएमटी के लिए 450 एकड़ भूमि उपलब्ध कराने का भरोसा दिलाया। आईएमटी स्थापना की प्रक्रिया प्रारंभ होने पर किसानों ने मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए उनका मुंह मीठा कर स्वागत किया। मुख्यमंत्री ने किसानों के सहयोग की सराहना करते हुए कहा कि यह कदम क्षेत्र के आर्थिक विकास और रोजगार सृजन में मील का पत्थर साबित होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि अंबाला में पहले से ही आईएमटी विकसित करने का कार्य तेज गति से चल रहा है। अब नारायणगढ़ में भी आईएमटी विकसित होने से इस क्षेत्र में औद्योगिक विकास को बढ़ावा मिलेगा। इस अवसर पर उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री राव नरबीर सिंह, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री विपुल गोयल, मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव व अन्य मौजूद रहे।




### तेजी से हो रहे विकास कार्य

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश विकसित भारत 2047 की परिकल्पना को साकार करने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। इसी लक्ष्य के साथ आगे बढ़ते हुए हरियाणा सरकार भी विकसित हरियाणा बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। सरकार स्पष्ट विजन है हर क्षेत्र का संतुलित विकास सुनिश्चित करना। नारायणगढ़ में आईएमटी की स्थापना के साथ ही मुख्यमंत्री ने अपने 2025-26 के बजट अभिभाषण में की गई घोषणाओं को एक वर्ष के भीतर धरातल पर उतारकर यह सिद्ध कर दिया है कि उनकी नीतियां केवल घोषणाओं तक सीमित नहीं, बल्कि क्रियान्वयन में भी उतनी ही प्रभावी हैं।

### अंबाला को गुरुग्राम की तर्ज पर विकसित किया जाएगा

गुरुग्राम की तर्ज पर अंबाला क्षेत्र को भी आधुनिक और विकसित औद्योगिक केंद्र के रूप में विकसित किया जाएगा। उन्होंने भरोसा दिलाया कि आईएमटी से उद्योगों को बढ़ावा मिलेगा और साथ ही युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे। नायब सिंह सैनी ने कहा कि उन्होंने बतौर वित्त मंत्री बजट में घोषणा की थी कि प्रदेश में 10 इंडस्ट्रियल मॉडल टाउनशिप (आईएमटी) स्थापित किए जाएंगे, जिनमें से मानेसर, बावल, रोहतक, फरीदाबाद, सोहना और खरखौदा में पहले ही आईएमटी विकसित किए जा रहे हैं। मिक्सी उद्योग एवं चिकित्सा उपकरण निर्माण के लिए प्रसिद्ध अंबाला अब 2 नए आईएमटी के माध्यम से अपनी औद्योगिक पहचान को और सुदृढ़ करेगा।

नगर निकाय चुनाव : मुख्यमंत्री और पार्टी प्रदेशाध्यक्ष ने भाजपा का संकल्प पत्र जारी किया

# शहरों को हरा-भरा व स्वच्छ बनाने सहित 21 वादे, सीएम बोले-100% पूरा करेंगे

**चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली ने बुधवार को पार्टी के प्रदेश कार्यालय पंचकमल में पंचकूला, अंबाला, सोनीपत, रेवाड़ी, सांपला और उकलाना में होने वाले नगर निकाय, नगर परिषद और नगरपालिका चुनाव 2026 के लिए पार्टी का संकल्प पत्र जारी किया। संकल्प पत्र में 21 प्रमुख वादे किए गए हैं। मुख्यमंत्री और प्रदेश अध्यक्ष ने प्रत्येक वादे को 100 प्रतिशत पूरा करने का भरोसा दिलाया। इस दौरान मुख्यमंत्री और प्रदेश अध्यक्ष ने कांग्रेस व अन्य दलों से आए वरिष्ठ नेताओं, पूर्व विधायकों, पूर्व मंत्रियों और सरपंचों को उनके 200 से अधिक समर्थकों सहित भाजपा में शामिल कराया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि भाजपा के लिए संकल्प पत्र केवल घोषणा नहीं, बल्कि जनता के प्रति जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि संकल्प पत्र में जनभावनाएं समाहित होती हैं और यह हमारे लिए भगवान के समान है। इसमें किए गए प्रत्येक वादे को पूरा करना सरकार का दायित्व है। उन्होंने कहा कि यह संकल्प पत्र हरियाणा की जनता के विश्वास का प्रतीक है और प्रदेश के संतुलित विकास का स्पष्ट रोडमैप प्रस्तुत करता है। मुख्यमंत्री ने बताया कि वर्ष 2024 के विधानसभा चुनाव में किए गए 217 संकल्पों में से 63 वादे सरकार पूरा कर चुकी है, जबकि शेष पर तेजी से काम जारी है। उन्होंने विश्वास जताया कि पांच वर्षों में सभी वादे पूरे कर दिए जाएंगे।



### संकल्प पत्र के प्रमुख बिंदु

नगर निकाय संकल्प पत्र के प्रमुख बिंदुओं का उल्लेख करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि शहरों को हरित बनाने, स्वच्छता अभियान को मजबूत करने, सीवरेज प्रणाली के नवीनीकरण, आधुनिक पार्कों के विकास, ट्रैफिक एवं सड़क ढांचे में सुधार, आवारा पशुओं की समस्या के समाधान, स्ट्रीट वेंडरों के सशक्तिकरण, जल संरक्षण, मल्टी-लेवल पार्किंग, सीसीटीवी सुरक्षा और नागरिक सेवाओं के डिजिटलीकरण पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।

### पूर्व मंत्री वाल्मिकी, जय सिंह बिश्नोई सहित कई नेता भाजपा में शामिल



पूर्व मंत्री राजकुमार वाल्मिकी, तिगांव विधानसभा से तीन बार चुनाव लड़ चुके गिरीराज शर्मा, हिसार से कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जयसिंह बिश्नोई, भिवानी से कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जगदीश मंडोलीवाल, रोहतक से कांग्रेस के वरिष्ठ नेता संजय परमार, गुरुग्राम से बसपा के वरिष्ठ नेता रहे श्याम लाल और पंचकूला हरियाणा बैरागी सभा के अध्यक्ष शिव पंवार ने भाजपा की सदयता ली है। जिला कैथल से निर्दलीय चुनाव लड़ चुकी अनिता ढुल बड़सिकरी, नगरपालिका कलायत से पूर्व चेयरमैन राजू कौशिक, पार्षद संजय सिंगला, सरपंच संदीप गांव सौंगल, सरपंच तरसेम गांव सिसला, पूर्व जजपा नेता सुरेंद्र सिहाग, वीरेंद्र राणा, पूर्व सरपंच ब्राह्मणीवाला राजकुमार शर्मा, अनिल शोरेवाला, धर्मबीर गर्ग सहित कई नेताओं ने इस मौके पर भाजपा की सदस्यता ग्रहण की।

### मानसेर की मेयर डॉ. इंद्रजीत यादव सात पार्षदों के साथ हुई भाजपाई




**गुरुग्राम।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली और केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह की मौजूदगी में मानेसर नगर निगम की निर्दलीय मेयर डा. इंद्रजीत यादव ने सात पार्षदों के साथ भाजपा का दामन थाम लिया। बुधवार को रेवाड़ी स्थित भाजपा कार्यालय में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली ने मेयर डा. इंद्रजीत यादव सहित पार्षद प्रवेश यादव, प्रताप सिह, पिंकी देवी, जुगमिन्द्र जुगनू, रवि यादव, भूपेंद्र बंटी, राजदान मानेसर, रविन्द्र फौजी, जिला पार्षद मनोज साढराणा और पूर्व मंडल अध्यक्ष रामनिवास को भाजपा परिवार में शामिल किया और पार्टी का पटका पहनाकर सभी का स्वागत किया। इस मौके पर केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत ने भी भाजपा में शामिल हुए मेयर सहित सदस्यों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

## पंजाब में भाजपा सरकार बनने पर हरियाणा जैसा सुशासन मिलेगा



**चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि पंजाब में भाजपा सरकार बनने के बाद वहां के लोगों को हरियाणा की तरह सुशासन मिलेगा। हरियाणा की तरह ही पंजाब के वंचित वर्ग को भी प्लाट, मकान, बच्चों को शिक्षा, छात्रवृत्ति व इलाज सहित सभी सुविधाएं मिलेंगी। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने यह बात बुधवार को चंडीगढ़ स्थित अपने आवास संत कबीर कुटीर में पंजाब के विभिन्न जिलों से आए धानक समाज के प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात करते हुए कही। उन्होंने प्रतिनिधिमंडल के आग्रह पर 30 जून को संत कबीर दास के प्रकट दिवस पर पंजाब में वंचित अनुसूचित जाति (डीएससी समाज) द्वारा आयोजित किए जाने वाले समारोह में आने का न्योता भी स्वीकार किया। इस अवसर पर पंजाब में लोकसभा का चुनाव लड़े मदनलाल खटक, मुख्यमंत्री के ओएसडी भारत भूषण भारती व महेंद्र सिंह सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। पंजाब में धानक समाज के अध्यक्ष सतीश खुंडिया ने मुख्यमंत्री नायब सिंह के सामने समाज की समस्याएं रखी।


**कार्यालय पुलिस उपायुक्त, मुख्यालय सोनीपत।**

**मु.न. 251 दिनांक 26.04.2026 धारा 127 (6) बी.एन.एस. थाना बरोदा जिला सोनीपत ।**

**गुमशुदा की पहचान**



नाम सिद्धार्थ।
पत्नी का नाम - श्वेता
वासी गांव भैंसवाल, जिला सोनीपत हरियाणा।
उम्र-35 वर्ष।
कद-5 फुट ।। ईन्च ।
हुलिया- रंग गेहुआँ, गोल चेहरा, काले बाल, भूरी आँखे, सामान्य शरीर, दाहिने गाल पर तिल का निशान ।
पहनावा - चेक शर्ट, ब्लू जीन्स पैंट, काले जूते।

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि दिनांक 22.04.2026 को सिद्धार्थ पति श्वेता वासी गांव भैंसवाल जिला सोनीपत हरियाणा घर से बिना बताये कहीं चला गया है और अभी तक घर वापिस नही आया है। जिस सम्बंध में मुकदमा उपरोक्त दर्ज रजिस्टर है। अगर उपरोक्त गुमशुदगी बारे किसी व्यक्ति को कोई सूचना मिले तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करे।

प्रबन्धक थाना मो० न0-7419410636
अनुसंधान कर्ता मो0 न0-9729283600
पुलिस कन्ट्रोल रुम सोनीपत-0130-2222903,100

**हस्ता/-अपराध अभिलेख अधिकारी,**
**कृते पुलिस उपायुक्त ।**
**मुख्यालय, सोनीपत।**

पीआरडीएच-1084/11/4738/2027/44850/88/6 दि. 29.04.2026


## प्रदेश में कानून- व्यवस्था की हालत खराब : गुप्ता

**चंडीगढ़।** आम आदमी पार्टी के हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष सुशील गुप्ता ने राज्य में बिगड़ती कानून-व्यवस्था को लेकर भाजपा सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि हरियाणा में अपराध बढ़ते जा रहे हैं और जनता खुद को असुरक्षित महसूस कर रही है। उन्होंने सिरसा के बेगू गांव निवासी आप नेता सुरजीत सिंह बेगू पर हुए जानलेवा हमले की निंदा करते हुए बताया कि 21 अप्रैल को हाईवे पर बदमाशों ने पहले उनकी मोटरसाइकिल को टक्कर मारी और फिर हथियारों से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। गुप्ता ने आरोप लगाया कि घटना के 9 दिन बाद भी पुलिस आरोपियों को पकड़ने में नाकाम रही है, जबकि सीसीटीवी फुटेज में हमलावरों की पहचान स्पष्ट है। उन्होंने आशंका जताई कि बेगू द्वारा नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के चलते यह हमला कराया गया हो सकता है।



### विधायकों की प्रशिक्षण कार्यशाला आज

**चंडीगढ़।** हरियाणा विधान सभा की ओर से 30 अप्रैल को विधायकों के लिए विशेष प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन करने की तैयारी पूर्ण हो चुकी है। इस आशय की घोषणा विस अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण ने विस में एक दिन के सत्र के दौरान भी की थी। विस अध्यक्ष ने सभी विधायकों और मंत्रियों से इसमें हिस्सा लेने की अपील की थी। चंडीगढ़ सेक्टर 3 स्थित हरियाणा निवास में होने वाली इस कार्यशाला में प्रशिक्षण का विषय संसदीय समितियां - सदस्यों की भूमिका रहेगा। कार्यशाला का शुभारंभ हरियाणा विधान सभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण करेंगे और इस अवसर पर विधान सभा उपाध्यक्ष डॉ. कृष्ण लाल मिड्ढा भी मौजूद रहेंगे।

### तंजानिया के अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेले में जाएगा हरियाणा का प्रतिनिधिमंडल : नरबीर

**चंडीगढ़।** उद्योग, वाणिज्य एवं विदेशी सहयोग मंत्री राव नरबीर सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सैनी के नेतृत्व में राज्य औद्योगिक विकास की नई इबारत लिख रहा है और वैश्विक स्तर पर अपनी सशक्त पहचान बना रहा है। उन्होंने बताया कि विकसित देशों के साथ-साथ हरियाणा ने अफ्रीकी देशों के साथ विभिन्न क्षेत्रों में व्यापार और निवेश की संभावनायें तलाशी हैं, इसी कड़ी में 5 मई को तंजानिया के 50वें दार-एस-सलाम अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेला में भाग लेने के लिए हरियाणा सरकार का एक प्रतिनिधिमंडल सात दिन के दौरे पर जाएगा। मेले में हरियाणा पैवीलियन लगाया जाएगा। मंत्री राव नरबीर सिंह बुधवार को विदेश सहयोग विभाग द्वारा हरियाणा को गो-ग्लोबल अप्रोच के माध्यम से वैश्विक निवेश का हब बनाने के उद्देश्य से बुलाई गई विभिन्न हितधारकों की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि अफ्रीकी देशों में खनन व खनिज पर्याप्त मात्र में है और खेती भी सस्ती है। इस दौरे के दौरान किसान, व्यापारी, आई टी, फार्मा के प्रतिनिधि जाएंगे और तनजानिया के साथ इन क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने के लिए समझौता करेंगे।


**उद्यान विभाग, हरियाणा**
**पुष्प एवं बीज उत्पादन तकनीकी उत्कृष्टता केन्द्र, मुनीमपुर (झज्जर)-124105**
**ई-मेल: coemunimpura@gmail.com**

**केन्द्र पर Weed mat के लिए Plastic nails खरीदने हेतू मोहरबन्द कुटेशन आमन्त्रण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि पुष्प एवं बीज उत्पादन तकनीकी उत्कृष्टता केन्द्र, मुनीमपुर, झज्जर पर Weed Mat (110 GSM) के लिए plastic nails की आवश्यकता है। जिसका विवरण निम्नलिखित है:-

| Sr. No. | Name of Item | Specification | Approx. Qty. Required | Rate/sqm/ nos. |
|---|---|---|---|---|
| 1. | High quality plastic nails | 7 inch long, with broad top & UV resistant | 1000 | |

इच्छुक फर्म अपने रेट मुहरबंद कुटेशन में दिनांक 07.05.2026 दोपहर 2 बजे तक पोस्ट / कुरियर या दस्ती तौर पर पुष्प एवं बीज उत्पादन तकनीकी उत्कृष्टता केन्द्र, मुनीमपुर (झज्जर) कार्यालय में भेजना सुनिश्चित करे। केन्द्र की आकलन कमेटी के द्वारा आकलन करने उपरान्त सबसे कम मूल्य दर वाली कुटेशन को सक्षम प्राधिकारी द्वारा स्वीकृत किया जाएगा। कुटेशन को स्वीकृत अथवा अस्वीकृत करने के सभी अधिकार आकलन कमेटी के पास होंगे। सप्लाई आर्डर जरूरत के हिसाब से दिया जाएगा एवं भुगतान बजट की उपलब्धता अनुसार किया जाएगा।

**हस्ता/- विषय वस्तु विशेषज्ञ,**
**पुष्प एवं बीज उत्पादन तकनीकी उत्कृष्टता केन्द्र, मुनीमपुर, झज्जर।**
पीआरडीएच-1149/11/1087/2027/44851/88/6 दि. 29.04.26



**कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक**

**अभियोग संख्या 122 दिनांक 25.04.2026 धारा 127 (6) BNS थाना महम जिला रोहतक।**

**गुमशुदा की पहचान**



नाम - स्कुन्द्रा
पति का नाम रामबीर
पता- निवास बलम्बा महम जिला रोहतक
उम्र-30 वर्ष
कद-5 फुट 5 इंच
हुलिया- रंग सांवला, हष्ट-पुष्ट पतला शरीर, जो हरे रंग का सूट सलवार व पैरों में जूती पहने हुए
दिनांक 25.04.2026 को स्कुन्द्रा पति का नाम- रामबीर पता - निवास बलम्बा महम जिला रोहतक
**उम्र 30 वर्ष**
**कद-5 फुट 5 ईंच**

महम थाना महम जिला रोहतक बिना किसी को बताए घर से चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है, जिसका अभी तक कोई सुराग नहीं लगा है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करे। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा।

1. प्रबन्धक थाना महम रोहतक- 7082999127
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक - 01262-247200, 99964-64100


## युवाओं से वादाखिलाफी कर रही सरकार

**चंडीगढ़।** सांसद कुमारी सैलजा ने हरियाणा सरकार पर युवाओं के साथ वादाखिलाफी का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की नीतियों की एक और सच्चाई सामने आई है, जहां 60000 युवाओं को रोजगार का सपना दिखाकर शुरू की गई योजना को मात्र 21 महीनों में ही वापस ले लिया गया। सैलजा ने कहा है कि बड़े-बड़े दावे कर योजनाएं शुरू करना और फिर बिना ठोस परिणाम दिए उन्हें बंद कर देना यह दर्शाता है कि सरकार के पास न तो कोई स्पष्ट नीति है और न ही युवाओं के भविष्य के प्रति गंभीरता। हरियाणा का युवा पहले ही बेरोजगारी की समस्या से जूझ रहा है, ऐसे में इस तरह के फैसले युवाओं के साथ सीधा अन्याय हैं। सांसद ने कहा कि युवाओं को रोजगार के लिए सरकार ने 12 जुलाई 2024 को आईटी सक्षम युवा योजना शुरू की थी, यह योजना सरकार ने हरियाणा को आईटी हब के रूप में विकसित करने को लेकर की थी।



## आईटी सक्षम युवा योजना बंद करने की निंदा

**चंडीगढ़।** इनेलो राष्ट्रीय अध्यक्ष अभय चौटाला ने कहा कि बीजेपी चुनावों से पहले जनता के वोट लेने के लिए झूठे वादे करती है और चुनाव जीत जाने के बाद की गई घोषणाओं को पूरी तरह से बंद कर देती है। इसका ताजा उदाहरण सामने आ गया है। बीजेपी ने 2024 के विधानसभा चुनाव से कुछ महीने पहले बजट में प्रदेश के युवाओं को रोजगार देने के लिए आईटी सक्षम युवा योजना लागू करने की घोषणा की थी। इस योजना के तहत 60 हजार युवाओं को कौशल प्रशिक्षण देकर रोजगार उपलब्ध कराना था। 2024 विधानसभा चुनाव के दो महीने पहले कैबिनेट की बैठक में इस योजना को मंजूरी भी दे दी गई थी और इस योजना के लिए 40 करोड़ रुपए का बजट भी निर्धारित कर दिया था। सत्ता हासिल करने के मात्र 21 महीने बाद बीजेपी सरकार ने अब यह योजना बंद कर दी है। प्रदेश के युवाओं का दुर्भाग्य है कि उन्होंने अपने कीमती वोट देकर बीजेपी की सरकार बनवाई।


**शामलात भूमियों को पट्टे पर देने का कार्यक्रम वर्ष 2026-27 खण्ड राई**

| Sr. No | Name of Gram Panchayat | A-K-M | Date | Time | Place | Gram sachiv | Name of Officer |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Akbarpur Barota | 27-6-5 | 01-05-2026 | 10:00 पूर्वान्ह | General Chaupal | Anand | Sepo, Rai |
| 2 | Asawarpur | 10-04-18 | 04-05-2026 | 10:00 पूर्वान्ह | Community Centre | Sareen | Sepo, Rai |
| 3 | Aterna | 47-6-0 | 05-05-2026 | 10:00 पूर्वान्ह | General Chaupal | Sanjay | Sepo, Rai |
| 4 | Aurangabad | 46-01-17 | 06-05-2026 | 10:00 पूर्वान्ह | General Chaupal | Parvesh | BDPO, Rai |
| 5 | Bazidpur Saboli | 22-02-14 | 07-05-2026 | 10:00 पूर्वान्ह | General Chaupal | Anurag | Sepo, Rai |
| 6 | Bhindroli | 13-01-18 | 08-05-2026 | 10:00 पूर्वान्ह | General Chaupal | Pardeep Kumar Chahal | Sepo, Rai |
| 7 | Bhaira Bankipur | 03-01-12 | 09-05-2026 | 10:00 पूर्वान्ह | General Chaupal | Nitin | Sepo, Rai |
| 8 | Bhowapur | 19-01-00 | 10-05-2026 | 10:00 पूर्वान्ह | General Chaupal | Kuldeep | Sepo, Rai |
| 9 | Chhatera Bahadurpur | 16-02-00 | 11-05-2026 | 10:00 पूर्वान्ह | General Chaupal | Anand | Sepo, Rai |
| 10 | Dahisara | 25-07-01 | 12-05-2026 | 10:00 पूर्वान्ह | Chouhan Chaupal | Vivek | Sepo, Rai |
| 11 | Garhi Bala | 07-00-00 | 09-05-2026 | 10:00 पूर्वान्ह | General Chaupal | Pardeep Kumar Chahal | Sepo, Rai |
| 12 | Halalpur | 08-04-08 | 13-05-2026 | 10:00 पूर्वान्ह | General Chaupal | Anurag | Sepo, Rai |
| 13 | Janti Kalan | 08-06-14 | 14-05-2026 | 10:00 पूर्वान्ह | General Chaupal | Reena | Sepo, Rai |
| 14 | Janti Khurd | 41-07-10 | 11-05-2026 | 10:00 पूर्वान्ह | Gram Sachivalya | Sunil | BDPO, Rai |
| 15 | Jhinjholi | 33-05-09 | 18-05-2026 | 10:00 पूर्वान्ह | General Chaupal | Mukesh Kumar | Sepo, Rai |
| 16 | Katlupur | 14-02-18 | 19-05-2026 | 10:00 पूर्वान्ह | General Chaupal | Dinesh | Sepo, Rai |
| 17 | Kheri Manajat | 03-06-09 | 11-05-2026 | 2:00 अपराह्न | General Chaupal | Mukesh Kumar | Sepo, Rai |
| 18 | Khurampur | 04-02-16 | 12-05-2026 | 2:00 अपराह्न | General Chaupal | Pinki | Sepo, Rai |
| 19 | Nahra | 29-06-03 | 20-05-2026 | 10:00 पूर्वान्ह | Beervan Chaupal | Anurag | Sepo, Rai |
| 20 | Pabsara | 32-01-00 | 21-05-2026 | 10:00 पूर्वान्ह | General Chaupal | Nitin | Sepo, Rai |
| 21 | Patla | 04-06-11 | 22-05-2026 | 10:00 पूर्वान्ह | General Chaupal | Anand | Sepo, Rai |
| 22 | Safiyabad | 16-5-0 | 25-05-2026 | 10:00 पूर्वान्ह | General Chaupal | Surender | Sepo, Rai |
| 23 | Scrsa | 11-01-00 | 13-05-2026 | 10:00 पूर्वान्ह | General Chaupal | Sanjay | Sepo, Rai |
| 24 | Sevli | 34-00-00 | 12-05-2026 | 10:00 पूर्वान्ह | General Chaupal | Mukesh | BDPO, Rai |

**हस्ता/- खण्ड विकास एवं पंचायत अधिकारी, राई**



**कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक**

**अभियोग संख्या 68 दिनांक 24.04.2026 धारा 127 (6) BNS थाना बहुअकबरपुर जिला रोहतक।**

**गुमशुदा की पहचान**



नाम - सुधीर
पिता/पति का नाम पुत्र - बिजेन्द्र
पता गांव मदीना रोहतक ।
उम्र-27 वर्ष
कद-5 फुट 10 इच
हुलिया- रंग गेहआ, चेहरा लम्बुतरा पतला फूर्तिला शरीर।
पहनावा नीले रंग का टी शर्ट व नीचे भूरे रंग की पाजामी व पैरों में हवाई चप्पल पहने हुए है।
दिनांक 24.04.26 को- सुधीर
पिता/पति का नाम - पुत्र - बिजेन्द्र
पता - गांव मदीना रोहतक ।
उम्र- 27 वर्ष
कद-5 फुट 10 ईच

थाना बहु अकवरपुर जिला रोहतक से बिना किसी को बताए घर से चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है, जिसका अभी तक कोई सुराग नहीं लगा है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करे। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा।

1. प्रबन्धक थाना बहु अकबरपुर रोहतक - 7082999223
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक - 01262-247200, 9996464100
3. अनुसंधानकर्ता थाना बहु अकवरपुर रोहतक- 9896155073

पीआरडीएच 1084/11/4740/2027/44861/88/6 दि. 29.04.2026

## खबर संक्षेप

### फर्जी दस्तावेजों के आधार पर ली जमानत, केस दर्ज

**अंबाला।** कोर्ट को गुमराह कर फर्जी दस्तावेजों के आधार पर जमानत दिलाने का बड़ा मामला सामने आया है। अंबाला शहर की जेएमआईसी डॉ. सुषमा की कोर्ट में जब एक जमानतदार ने खुद को पहचानने से इनकार कर दिया तो पूरे खेल का पर्दाफाश हो गया। जानकारी अनुसार, कोर्ट में 'स्टेट बनाम दिलबारा सिंह' मामले की सुनवाई चल रही थी। कोर्ट ने आरोपी कुलविंदर सिंह उर्फ कुली की जमानत लेने वाले रवि कुमार को नोटिस जारी कर तलब किया था। रवि कुमार ने कोर्ट में पेश होकर साफ कह दिया कि फाइल में लगा आधार कार्ड उसका नहीं है। रवि ने जज को बताया कि साहब, मैंने कभी किसी की जमानत नहीं ली। न ही इस फाइल पर मेरे हस्ताक्षर हैं और न ही यह फोटो मेरी है। रिकॉर्ड की जांच करने पर पता चला कि 7 अगस्त 2023 को खुद को रवि बताने वाले एक शख्स ने कुलविंदर सिंह की 60,000 रुपये के मुचलके पर जमानत ली थी। इस 'नकली रवि' की पहचान रचना सिंह (निवासी गांव छपरा) ने की थी। पुलिस ने कोर्ट के रीडर नरेश कुमार की शिकायत पर केस दर्ज किया है।

### करंट लगने से असिस्टेंट लाइनमैन की मौत

**यमुनानगर।** जगाधरी क्षेत्र में मुखर्जी पार्क स्थित फीडर पर काम करते वक्त करंट लगने से एक असिस्टेंट लाइनमैन की मौत हो गई। मृतक की पहचान गांव माली माजरा निवासी मुकेश कुमार (42) के रूप में हुई है। मुकेश तीन बेटियों का पिता था और एचकेआरएन के तहत कार्यरत था। बुधवार को मुखर्जी पार्क इलाके में लगे ट्रांसफॉर्मर में खराबी आ गई थी। इस खराबी को दूर करने के लिए मुकेश कुमार अपने सहकर्मी गणेश के साथ मौके पर पहुंचा। मुकेश कुमार जंपर जोड़ने के लिए ट्रांसफॉर्मर पर चढ़ा तभी बिजली आपूर्ति चालू हो गई और वह करंट की चपेट में आ गया।

## हरियाणा के एक और नौजवान की रूस-यूक्रेन युद्ध में चढ़ी बलि

# लोन लेकर बिजनेस वीजा पर रूस गए फतेहाबाद के विजय को जबरन यूक्रेन के साथ युद्ध में धकेला, अब घर आया शव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

रूस-यूक्रेन युद्ध ने हरियाणा के एक और लाल को निगल लिया है। बेहतर भविष्य का सपना लेकर रूस गए गांव कुम्हारिया के 25 वर्षीय विजय पूनिया की भी युद्ध क्षेत्र में मौत हो गई। 25 दिन पहले 4 अप्रैल को इसी गांव के रहने वाले विजय के दोस्त अंकित जांगड़ा का शव घर पहुंचा था और अब विजय की मौत की खबर ने पूरे गांव को मातम में डुबो दिया है। बुधवार को गमगीन माहौल में मृतक का अंतिम संस्कार किया गया। बता दें कि विजय और अंकित दोनों ही उच्च शिक्षा और रोजगार की तलाश में रूस गए थे, लेकिन वहां वे वर्कफोर्स के बजाय वारफ्रंट का हिस्सा बना दिए गए। विजय जुलाई 2025 में बिजनेस वीजा पर रूस गया था। वहां एजेंटों ने उसे अच्छी सैलरी और सुरक्षित नौकरी का लालच दिया, लेकिन उसे जबरन रूसी सेना में भर्ती कर यूक्रेन के खतरनाक डोनेत्स्क मोर्चे पर भेज दिया गया।

> गांव कुम्हारिया के ही अंकित जांगड़ा की भी लड़ाई में हो गई थी मौत, 4 अप्रैल को ही गांव में रूस से आया था शव



### परिजनों का डीएनए सैंपल मंगवाया था



विजय की शिनाख्त के लिए करीब दो माह पहले ही परिजनों का डीएनए सैंपल मंगवाया गया था, जिससे अनहोनी की आशंका पहले ही गहरी हो गई थी। विजय के पिता का निधन पहले ही हो चुका है। परिवार ने बेहतर भविष्य की उम्मीद में लोन लेकर उसे विदेश भेजा था। अब घर में केवल उसकी बुजुर्ग मां और छोटा भाई बचे हैं। विजय पूनिया जुलाई 2024 में स्टडी वीजा पर गया था। वीजा नहीं बढ़ा तो एक महीने बाद वापस आ गया था। फिर अक्टूबर 2024 में दोबारा गया। 6 महीने रहकर मार्च के आखिर में वापस गांव आया। इसके बाद 15 जुलाई 2025 को विजय एक साल का बिजनेस वीजा लगवाकर रशिया गया। परिवार ने लोन लेकर उसे विदेश भेजा था।

### 13 सितंबर को आया था मैसेज-हमें बचा लो

विजय के साथ गांव का ही अंकित जांगड़ा (23) भी इसी तरह ठगी का शिकार हुआ था। अंकित फरवरी 2025 में स्टडी वीजा पर रूस पहुंचा था। 13 सितंबर 2025 को उनका आखिरी वॉयस मैसेज आया था जिसमें उन्होंने कहा था, हमें बचा लो, हमारे पास बस एक-दो दिन बचे हैं। हमें यूक्रेन सीमा के पास सोलीडेव के जंगलों में रखा गया है और जल्द ही युद्ध के मैदान में भेज दिया जाएगा। अंकित ने यह भी खुलासा किया था कि उनके कमांडर उन्हें जान से मारने की धमकी देते थे और उनके बैच के 5 युवकों की पहले ही मौत हो चुकी थी। इसके बाद जब परिजनों ने जब उन्हें रूसी सेना में भर्ती करने वाली महिला एजेंट से संपर्क किया तो उसने बेरहमी से कह दिया कि अंकित और विजय मर चुके हैं और अपना नंबर ब्लॉक कर दिया। इसके बाद दोनों से संपर्क टूट गया था। 4 अप्रैल को अंकित का पार्थिव शरीर गांव लाया गया था।

## कुख्यात अपराधियों की अवैध संपत्तियों पर शिकंजा कसने का अभियान जारी

# गैंगस्टर 'सरकार' की 20 करोड़ की कोठी पर चला बुलडोजर

**हत्या समेत 15 से ज्यादा गंभीर अपराध दर्ज हैं आरोपी रविंद्र सरकार पर**

- दो सप्ताह पहले गैंगस्टर कौशल चौधरी की 50 करोड़ की संपत्ति की थी जमींदोज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

कुख्यात गैंगस्टर की अवैध संपत्तियों पर सरकार की टेढ़ी नजर है। बुधवार को गुरुग्राम पुलिस ने गैंगस्टर रविंद्र उर्फ 'सरकार' की ताजनगर में स्थित आलीशान कोठी को जमींदोज करवा दिया। पुलिस के मुताबिक, मार्केट रेट के हिसाब से इस कोठी कीमत 20 करोड़ से ज्यादा है। रविंद्र पर सरपंच के मर्डर सहित 15 गंभीर केस दर्ज हैं। पुलिस ने दावा किया कि यह आलीशान कोठी अवैध कमाई से बनाई गई थी। वह खुद को प्रॉपर्टी डीलर बताता है और यहां किराएदार रखे हुए थे।

पुलिस प्रशासन ने 2 सप्ताह पहले ही गुरुग्राम के कुख्यात गैंगस्टर कौशल चौधरी की भी 50 करोड़ से ज्यादा की अवैध संपत्ति पर बुलडोजर चलवा दिया था। कौशल चौधरी पर हत्या, लूट, रंगदारी व फिरौती के करीब 37 मामले दर्ज है। पंजाब में गैंगस्टर जग्गू भगवानपुरिया की मां हरजीत कौर (52) और बॉडीगार्ड करणवीर सिंह (29) की हत्या में मामले में उसका नाम सामने आया था। पुलिस प्रवक्ता संदीप कुमार के मुताबिक, रविंद्र लंबे समय से पुलिस के रडार पर था। करीब छह माह से उसकी अवैध संपत्तियों की पहचान की जा रही थी। इसी कड़ी में पता चला कि गांव ताजनगर में उसने 350 वर्ग गज में 7 कमरों की दो मंजिला कोठी बनाई थी। इसके निर्माण के लिए न तो संबंधित विभाग से अनुमति ली गई थी और न ही कोई दस्तावेज वैध मिले। इसके बाद उसे अपराध से अर्जित की गई संपत्ति मानते हुए तोड़ने की कार्रवाई की गई। कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए मौके पर भारी पुलिस बल तैनात किया गया था। इस दौरान नोडल अधिकारी आरएस बाठ और स्थानीय थाना प्रभारी भी मौजूद रहे।



गुरुग्राम। आरोपी रविंद्र की कोठी तोड़ती जेसीबी व इनसेट में आरोपी रविंद्र।

### सरपंच की हत्या में नाम आया था सामने

पुलिस प्रवक्ता संदीप कुमार ने बताया कि भूमि माफिया और आदतन अपराधियों के खिलाफ पुलिस लगातार एक्शन ले रही है। इसी कड़ी में गैंगस्टर गांव ताजनगर निवासी गैंगस्टर रविंद्र उर्फ सरकार का नाम सामने आया। पुलिस रिकॉर्ड में रविंद्र पर हत्या, हत्या का प्रयास, अवैध वसूली, मारपीट और शस्त्र अधिनियम जैसे 15 संगीन मामले दर्ज हैं। 2011 के महेंद्र सरपंच की हत्या के मामले में रविंद्र का नाम आया था। इसके बाद 2014 में वह बरी हो गया और खुद का प्रॉपर्टी डीलर बताता था।

### कोठी में थे किराएदार, खाली कराई

क्राइम ब्रांच इंचार्ज पीएसआई लोकेश ने बताया कि जिस प्रापर्टी पर बुलडोजर चलाया गया है, उसकी कीमत करीब 20 करोड़ रुपये से ज्यादा है। फिलहाल, इसमें किराएदार रखे हुए थे। तोड़फोड़ की कार्रवाई से पहले ही नोटिस देकर सभी किराएदारों को कोठी खाली करने के लिए कह दिया गया था। बुधवार को जब कार्रवाई की गई तो कोठी पूरी तरह खाली थी।

## करनाल में दो साल से चल रहा था फर्जीवाड़ा

# माप-तोल का चालान काटने पहुंचा फर्जी इंस्पेक्टर पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करनाल



करनाल में एक व्यक्ति खुद को मापतोल विभाग का इंस्पेक्टर बताकर फैक्ट्रियों में छापे मारने पहुंच गया। इस नकली इंस्पेक्टर ने चालान बुक निकालकर एक फैक्ट्री का चालान भी काट दिया। फैक्ट्री संचालक को शक हुआ तो उसने चालान बुक की जांच की, जिस पर पहले से ही अधिकारी के साइन और मुहर लगे हुए थे।

सुप्रीम कूलर फैक्ट्री के संचालक ने बताया कि मंगलवार शाम को एक व्यक्ति आया और खुद को मापतोल विभाग का इंस्पेक्टर बताते हुए कांटों की जांच की मांग करने लगा। संचालक ने उसे बताया कि फैक्ट्री में केवल कूलर बनाने का काम होता है और यहां किसी तरह का तोल कार्य नहीं होता। इसके बावजूद आरोपी बहस करने लगा और कार्रवाई की धमकी देने लगा। संचालक के मुताबिक, आरोपी ने एक फर्जी चालान बुक निकाली और चालान काट दिया। उस बुक पर पहले से ही लीगल मैट्रोलॉजी इंस्पेक्टर के साइन और स्टैंप लगे हुए थे। पूछताछ की तो उसने मोबाइल में लाइसेंस की फोटो दिखाकर खुद को अधिकृत बताया। जांच में सामने आया कि आरोपी के पास केवल कांटे रिपेयर करने का लाइसेंस है, जो लीगल मैट्रोलॉजी विभाग द्वारा जारी किया जाता है। इसमें चालान काटने का अधिकार नहीं होता।

### 5400 रुपये लौटाए

पूछताछ में पता चला कि आरोपी ने एक अन्य दुकानदार से भी 5400 रुपये वसूले थे। जब उस दुकानदार को बुलाया गया तो मौके पर ही आरोपी से पैसे वापस करवाए गए। चालान बुक की जांच में यह भी सामने आया कि वह 2025 से इस तरह के चालान काट रहा था। उसने "हरियाणा लीगल मैट्रोलॉजी इंफोर्समेंट" के नाम से अपनी पैड और मोहर बनवा रखी थी। पूछताछ में व्यक्ति ने खुद का नाम पवन कुमार बताया।

## स्वयं जनगणना का आज अंतिम दिन, उसके बाद शुरू होगा हाउस लिस्टिंग का कार्य

# कल से जनगणना करने घर-घर जाएंगे 70 हजार कर्मी

- जनगणना कर्मियों को आवश्यक जानकारी देने से इनकार करना अथवा सहयोग न करना दंडनीय अपराध : डॉ. जैन

योगेंद्र शर्मा ▶▶ चंडीगढ़

30 अप्रैल को स्वयं जनगणना का अंतिम दिन है। एक मई से प्रगणक घर-घर दस्तक देने को पूरी तरह से तैयार हैं। अहम बात यह है कि इस कार्य को पूरा करने के लिए 70 हजार की फौज तैयार है। एक मई से प्रारंभ वास्तविक हाउस लिस्टिंग एवं जनगणना का काम यह टीम करेगी। पहली बार जातिगत डेटा पर भी नजर बनी रहेगी। हरियाणा में जनगणना (सेसेंक्स 2026-27) का महाअभियान 1 मई से जमीन पर उतरने जा रहा है। शुक्रवार की सुबह से प्रगणक घर-घर पहुंचकर 33 महत्वपूर्ण सवालों के जरिए डेटा एकत्र करेंगे।

बता दें कि जनगणना में मुख्य रूप से शिक्षक, पटवारी और अन्य विभागों के फील्ड कर्मचारी शामिल हैं। कर्मचारियों को मोबाइल ऐप और डिजिटल उपकरणों के उपयोग का विशेष प्रशिक्षण दिया गया है क्योंकि यह देश की पहली 'पेपरलेस' (डिजिटल) जनगणना है।

### दो चरणों में पूरा होगा काम



प्रथम चरण ( एक मई से तीस मई तक ) : इस दौरान 'मकान सूचीकरण और आवास गणना' का कार्य होगा। इसमें मकान की स्थिति और सुविधाओं से जुड़े सवाल पूछे जाएंगे। द्वितीय चरण (फरवरी 2027) : मुख्य जनसंख्या गणना का काम अगले साल फरवरी में होगा, जिसमें शिक्षा, धर्म और पहली बार जातिगत आंकड़े भी शामिल किए जा सकते हैं।

### 2 लाख 45 हजार ने स्वयं जनगणना की

निदेशक जनगणना, हरियाणा , गृह मंत्रालय, डॉ. ललित जैन ने समस्त हरियाणा वासियों से आह्वान किया है कि स्वयं जनगणना का अंतिम दिन है और सभी नागरिक बढ़-चढ़कर इसमें हिस्सा लेकर अपनी जनगणना सुनिश्चित करें। उन्होंने बताया कि अब तक हरियाणा में 2 लाख 45 हजार से अधिक परिवारों ने स्वयं जनगणना कर नया रिकॉर्ड स्थापित किया है। स्वम जनगणना बहुत ही सरल प्रक्रिया है और इसको 5-7 मिनट में se.census.gov.in पोर्टल पर जाकर किया जा सकता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि समस्त जानकारी पूर्णतः गोपनीय रखी जाएगी तथा इसे किसी भी व्यक्ति या संस्था के साथ साझा नहीं किया जाएगा। डॉ. जैन ने कहा कि जनगणना राष्ट्रीय दायित्व है, जिसके माध्यम से प्रत्येक नागरिक देश के विकास, नीति निर्धारण एवं संसाधनों के न्यायसंगत वितरण में भागीदारी सुनिश्चित करता है। उन्होंने यह भी बताया कि जनगणना कर्मियों को आवश्यक जानकारी देने से इनकार करना अथवा सहयोग न करना जनगणना अधिनियम के अंतर्गत दंडनीय अपराध है।

### यमुनानगर जेल में मिट्टी में दबाया गया मोबाइल बरामद

**यमुनानगर।** जिला जेल से चेकिंग के दौरान पुलिस को मिट्टी में दबाया गया मोबाइल बरामद हुआ है। पुलिस ने मोबाइल को कब्जे में लेकर अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार, जिला जेल के उप अधीक्षक वरुण कुमार ने शहर जगाधरी पुलिस को दी शिकायत में बताया कि जिला जेल में तैनात पुलिसकर्मी 28 अप्रैल को सुबह साढ़े 11 बजे जेल की चेकिंग कर रहे थे। इस दौरान कर्मचारियों को जेल के खुले मैदान में मिट्टी में दबा हुआ मोबाइल बरामद हुआ। पूछताछ करने पर यह पता नहीं चल सका कि यह मोबाइल किसने मिट्टी में दबाया था। उसने मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मोबाइल को कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी।

# गुरुग्राम के कई निजी स्कूलों, अंबाला व रेवाड़ी स्टेशन को उड़ाने की धमकी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

प्रदेश के स्कूलों व संवेदनशील संस्थानों को बम से उड़ाने की धमकी मिलने का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। खासकर गुरुग्राम में कई बार धमकियां मिल चुकी हैं। बुधवार सुबह गुरुग्राम के कई बड़े और नामी स्कूलों को एक बार फिर ईमेल से बम से उड़ाने की धमकी मिली है।

ईमेल में कहा गया है कि लाल किले के बाहर पार्किंग में खड़ी कार में बम लगाया गया है। इस ईमेल की सूचना मिलते ही गुड़गांव ही नहीं बल्कि दिल्ली पुलिस भी हरकत में आ गई और छानबीन शुरू कर दी। स्कूलों में बम निरोधक दस्ते व डॉग स्कवायड भेजकर जांच की गई। सुरक्षा के मद्देनजर स्कूलों में छात्रों की छुट्टी कर उन्हें घर भेज दिया गया है। ईमेल में अंबाला कैंट रेलवे जंक्शन और रेवाड़ी रेलवे स्टेशन को भी विस्फोटक से उड़ाने की धमकी दी गई है।



रेवाड़ी। रेलवे स्टेशन पर जांच करते सुरक्षाकर्मी। फोटो : हरिभूमि

### खालिस्तान नेशनल आर्मी ने भेजा संदेश

इस बार भी धमकी भरा ईमेल खालिस्तान नेशनल आर्मी की तरफ से भेजा गया। ईमेल भेजने वाले ने 29 अप्रैल को 40वां खालिस्तान डिक्लेयरेशन डे घोषित करने की बात कहते हुए हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को सीधे तौर पर चेतावनी दी है। मेल में लिखा हरियाणा बनेगा खालिस्तान।

## चरस तस्कर को 10 वर्ष कैद

**पानीपत।** असिस्टेंट सेशन जज-कम- (एनडीपीएस) योगेश चौधरी की अदालत ने मादक पदार्थ चरस की तस्करी के आरोपी भीम सिंह पुत्र बारूराम निवासी सौंदापुर, पानीपत को दोषी करार देते हुए 10 साल के कठोर कारावास की सजा दी है। वहीं, जज योगेश चौधरी की कोर्ट ने भीम सिंह पर एक लाख रुपये का जुर्माना भी किया है। जुर्माना जमा नहीं करने पर दोषी भीम सिंह को दो साल का अतिरिक्त कारावास भोगना होगा। स्मरणीय है कि पानीपत पुलिस की एंटी नाकोटिक्स सेल ने भीम सिंह को 700 ग्राम चरस के साथ गिरफ्तार किया था। वहीं भीम सिंह के खिलाफ थाना माडल टाउन में 20-29 एनडीपीएस एक्ट के तहत 24 अगस्त 2020 में केस दर्ज किया गया था।

## आयुष विवि में ब्रह्माकुमारीज पढ़ाएंगे जीवन कौशल का पाठ

**कुरुक्षेत्र।** श्रीकृष्ण आयुष विश्वविद्यालय और प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय, माउंट आबू के बीच एक महत्वपूर्ण एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए। यह समझौता स्वास्थ्य सेवाओं में मानसिक शांति, तनाव प्रबंधन और नैतिक मूल्यों के समावेश की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल के रूप में देखा जा रहा है। कार्यक्रम में माउंट आबू मुख्यालय से पधारे मेडिकल विंग के संयुक्त सचिव डॉ. सचिन परब, कुरुक्षेत्र सेंटर इंचार्ज राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी सरोज बहन जी, कुलपति प्रोफेसर वैद्य करतार सिंह धीमान ,रजिस्ट्रार डॉ. कृष्णकांत, प्रिंसिपल डॉ. आशीष मेहता तथा रिसर्च डायरेक्टर डॉ. दीप्ति सहित अनेक विशिष्ट अतिथि उपस्थित रहे। एमओयू के अंतर्गत स्वास्थ्य कर्मियों को मानसिक संतुलन, सकारात्मक सोच और नैतिक मूल्यों पर आधारित विशेष प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। साथ ही अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त विहासा कार्यक्रम को किया जाएगा। जिससे छात्रों में सकारात्मक सोच के साथ अनेक जीवन कौशल विकसित होंगे। डॉ. सचिन परब ने कहा कि आयुर्वेद जहां शरीर को स्वस्थ रखने का ज्ञान देता है, वहीं राजयोग मन, बुद्धि और संस्कारों का शुद्धिकरण करता है।



कुरुक्षेत्र। एमओयू पर हस्ताक्षर करते अधिकारी।

## शिक्षा मंत्री ने कैथल में किया स्टंबल लैब का उद्घाटन, पूरे प्रदेश में बनवाएंगे

# स्कूली बच्चों में डर दूर कर आत्मविश्वास बढ़ाएगी 'स्टंबल लैब'

- कैथल की डीसी अपराजिता ने की थी स्टंबल लैब की कल्पना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पूंडरी

शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा ने बुधवार को पूंडरी के राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय से डीसी कैथल के ड्रीम प्रोजेक्ट स्टंबल लैब का उद्घाटन किया। इस लैब से प्रशिक्षित बच्चों के आत्मविश्वास को देखते हुए शिक्षा मंत्री प्रभावित दिखे और मौके पर ही घोषणा की कि स्टंबल लैब प्रोजेक्ट पूरे प्रदेश में लागू करने के लिए योजना बनाई जाएगी। इससे छोटे-छोटे बच्चों का इतना आत्मविश्वास बढ़ा है कि वे सभी से पूरे उत्साह से बातचीत कर रहे हैं। स्टंबल लैब की कल्पना डीसी अपराजिता ने की थी। तीन माह पहले सरकारी स्कूलों में बच्चों के लिए शुरू किए गए इस प्रोजेक्ट में बच्चों को मुख्य रूप से किसी एक काम में असफल होने पर निराश होने की बजाय, दोगुने उत्साह के साथ फिर से अगली गतिविधि में भाग लेकर सफल होने की प्रेरणा देना ही मुख्य उद्देश्य है।

मंत्री महीपाल ढांडा बुधवार दोपहर के समय स्कूल में पहुंचें। जहां डीसी अपराजिता सहित विधायक सतपाल जांबा ने उनका स्वागत किया। जिला शिक्षा अधिकारी सुभाष ने प्रोजेक्ट की जानकारी दी। इसके बाद डीसी अपराजिता ने पूरे प्रोजेक्ट के बारे में बताया। साथ ही मुख्यमंत्री सुशासन सहयोगी दिव्यता ने प्रोजेक्टर के माध्यम से विस्तार से बताया। इसके बाद मंत्री ने चार कक्षाओं में जाकर स्टंबल लैब के तहत की जा रही गतिविधियों में भाग लिया। बच्चों से सवाल पूछे। मंत्री बच्चों के आत्मविश्वास से इतना प्रभावित हुए कि प्रोजेक्ट को पूरे प्रदेश में लागू करने का ऐलान कर दिया। मंत्री महीपाल ढांडा ने कहा कि यह शानदार प्राजेक्ट है। जो बच्चों में स्पष्ट बोलना, घबराहट दूर करना, झिझक तोड़ना, आत्मविश्वास बढ़ाने का काम करता है। जब शुरू से ही बच्चों की प्रतिभा निखर जाएगी तो वे दुनिया में कहीं असफल नहीं होंगे।




पूंडरी। शिक्षामंत्री महीपाल ढांडा स्टंबल लैब में बच्चों से रूबरू होते हुए।

### बादाम खाने से ज्यादा ठोकर से सीखते हैं : जांबा

विधायक सतपाल जांबा ने कहा कि हरियाणा की कहावत है कि बादाम खाने से ज्यादा लोग ठोकर खाने से सीखते हैं। इस कहावत को यह स्टंबल लैब चरितार्थ करती है। डीसी अपराजिता ने कहा कि प्रत्येक बच्चा अपने आप में यूनिक होता है। उसमें कुछ अलग करने की क्षमता होती है। बस जरूरत है उसकी प्रतिभा को निखारने का अवसर देने की। इस अवसर पर एसडीएम संजय कुमार, जिला शिक्षा अधिकारी सुभाष, डीएसएस सुशील शर्मा आदि मौजूद रहे।

# कार की टक्कर से मां की मौत, बेटी गंभीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

शहर के बीघड़ रोड पर पायनियर स्कूल के पास एक तेज रफ्तार कार ने सड़क किनारे सब्जी खरीद रही मां-बेटी को बुरी तरह कुचल दिया। इस दर्दनाक हादसे में 86 वर्षीय बुजुर्ग महिला की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उनकी बेटी गंभीर रूप से घायल है। घटना के बाद बुधवार को गुस्साए परिजनों ने सरकारी अस्पताल में हंगामा किया और चेतावनी दी है कि जब तक कार ड्राइवर की गिरफ्तारी नहीं होती, वे शव का अंतिम संस्कार नहीं करेंगे। मिली जानकारी के अनुसार, मूल रूप से गांव बनगांव निवासी 86 वर्षीय शांति देवी फिलहाल शहर की हरनाम कॉलोनी के पास झुग्गियों में रह रही थीं। मंगलवार शाम उनकी बेटी कांता देवी निवासी गांव मोरीवाला, सिरसा उनसे मिलने आई हुई थी। दोनों मां-बेटी सड़क किनारे एक रेहड़ी से सब्जी खरीद रही थीं, तभी अचानक एक तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर आई और उन्हें सीधी टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों महिलाएं हवा में उछलकर काफी दूर जा गिरीं। इस हादसे में सब्जी की रेहड़ी भी पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे के बाद मौके पर मौजूद लोगों ने तुरंत दोनों को लहूलुहान हालत में फतेहाबाद के नागरिक अस्पताल पहुंचाया। वहां चिकित्सकों ने बुजुर्ग शांति देवी को मृत घोषित कर दिया। वहीं, उनकी बेटी कांता देवी की टांग में गंभीर चोटें आई हैं। प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें अग्रोहा मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया था, लेकिन परिजनों ने उन्हें शहर के ही एक निजी अस्पताल में भर्ती करवाया है, जहां उनकी स्थिति नाजुक बनी हुई है।

### हत्या की जताई आशंका शव लेने से इनकार

इस मामले ने उस वक्त नया मोड़ ले लिया जब मृतका के पोते ने पुलिस के समक्ष इसे केवल एक हादसा मानने से इनकार कर दिया। परिजनों का आरोप है कि पुरानी रंजिश के चलते जानबूझकर उन्हें कार से टक्कर मारी गई है। उन्होंने अपनी ही बिरादरी के कुछ व्यक्तियों पर संदेह जताया है। परिजनों ने स्पष्ट किया है कि जब तक पुलिस आरोपियों को गिरफ्तार कर सख्त कार्रवाई सुनिश्चित नहीं करती, वे शव को अस्पताल से नहीं उठाएंगे और संस्कार नहीं करेंगे।

**उपभोक्ता कीमत और मात्रा को लेकर भ्रमित हो रहें**

# उपभोक्ताओं को भ्रमित कर रहे खाद्य तेलों के गैर-मानक पैक

एजेंसी ▶▶ इंदौर

प्रसंस्करणकर्ताओं के इंदौर स्थित संगठन सोयाबीन प्रोसेसर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (सोपा) ने खाद्य तेलों की पैकेजिंग में इस्तेमाल किए जा रहे गैर-मानक पैक आकारों को उपभोक्ताओं के लिए भ्रामक बताते हुए केंद्र सरकार से इस मामले में तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है। संगठन ने कहा कि कई कंपनियां खाद्य तेलों के ऐसे पैक आकार बाजार में उतार रही हैं जिनसे उपभोक्ता कीमत और मात्रा को लेकर भ्रमित हो रहे हैं। सोपा के कार्यकारी निदेशक डीएन पाठक ने बुधवार को बताया कि संगठन ने इस संबंध में केंद्रीय उपभोक्ता मामले विभाग के सचिव को पत्र लिखा है।

### पैक के बीच मात्रा का अंतर 25 या 50 ग्राम

*सोपा के अनुसार इनमें कई पैक आकार में लगभग एक जैसे दिखाई देते हैं लेकिन उनमें मात्रा अलग-अलग होती है और कई पैक के बीच मात्रा का अंतर केवल 25 या 50 ग्राम का है। पत्र में कहा गया,/" यह उपभोक्ताओं को भ्रमित करने का स्पष्ट उदाहरण है। बाजार में इस तरह के मामले व्यापक रूप से मौजूद हैं और बिना किसी अपवाद के सामान्य उपभोक्ताओं को गुमराह करते हैं।*

## सोपा ने केंद्र सरकार से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की



*मानकीकरण नहीं होने से नियमों का पालन नहीं : सोपा ने कहा कि मानकीकरण नहीं होने की स्थिति में नियमों का पालन करने वाली कंपनियां भी प्रतिस्पर्धा में बने रहने के लिए गैर-मानक पैक आकार में उत्पाद बेचने को मजबूर हो रही हैं। संगठन ने अपने पत्र के साथ एक खाद्य तेल ब्रांड का विज्ञापन भी संलग्न किया है जिसमें 19 अलग-अलग पैक आकारों में तेल बेचे जाने का उल्लेख किया गया है।*

### मूल्य पैसे में व दशमलव में लिखा जाता है

सामान्य खुदरा उपभोक्ता प्रति मिलीलीटर या प्रति ग्राम कीमत की गणना करके उसे एक लीटर या एक किलोग्राम की सामान्य इकाई में नहीं बदलता, खासकर तब जब प्रति इकाई मूल्य पैसे में और दशमलव के साथ लिखा जाता है जैसे 24.72 पैसे प्रति मिलीलीटर।/"

### दिखने में दोनों पाउच समान

पत्र में उपभोक्ताओं के भ्रम की स्थिति का उदाहरण देते हुए कहा गया,/" किसी उपभोक्ता को अक्सर दिखने में लगभग समान दो पाउच बताए जाते हैं जिनमें से एक में 880 मिलीलीटर और दूसरे में 910 मिलीलीटर तेल होता है। 880 मिलीलीटर वाला पाउच कीमत में सस्ता दिखता है जिससे उपभोक्ता उसे बेहतर सौदा समझकर चुन लेता है जबकि प्रति लीटर मूल्य के मान से उसकी वास्तविक कीमत अधिक होती है।/"

### पैकेट पर प्रति इकाई मूल्य की जानकारी देना हो अनिवार्य

पत्र में कहा गया कि खाद्य तेल उद्योग की पांच राष्ट्रीय संस्थाओं ने पहले भी संयुक्त रूप से इस विषय पर प्रस्तुतीकरण देकर उपभोक्ताओं के हित में खाद्य तेलों की पैकेजिंग मात्रा के मानकीकरण की सिफारिश की थी। पत्र में कहा गया, सरकार ने अच्छी मंशा के साथ खाद्य तेलों की पैकेजिंग में मानक मात्रा संबंधी प्रतिबंध हटाए थे और पैकेट पर प्रति इकाई मूल्य की जानकारी देना अनिवार्य किया था।

### प्रति इकाई मूल्य घोषित होने पर मानकीकरण की जरूरत नहीं

सोपा ने उन दलीलों को भी खारिज किया जिनमें कहा जाता है कि पैकेट पर प्रति इकाई मूल्य घोषित होने के बाद पैकेजिंग के मानकीकरण की जरूरत नहीं रह जाती और किसी भी आकार का पैक उपभोक्ताओं के लिए लाभकारी होता है। संगठन ने कहा, /" यह तर्क निराधार है।

## खबर संक्षेप

### रुपया 14 पैसे टूटकर 94.82 प्रति डॉलर पर

**मुंबई।** रुपया बुधवार को अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले 14 पैसे टूटकर 94.82 प्रति डॉलर पर बंद हुआ। यह अब तक के अपने सबसे निचले स्तर के करीब है। कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों और विदेशी पूंजी की लगातार निकासी से रुपये पर दबाव बना हुआ है। कच्चा तेल लगभग 115 डॉलर प्रति बैरल के आसपास बना हुआ है, जिससे भारत के आयात खर्च पर असर पड़ने की आशंका है। पश्चिम एशिया में जारी संकट और इसके व्यापक संघर्ष में बदलने की आशंकाओं ने निवेशकों की चिंता बढ़ाई है।

### वेदांता के शुद्ध लाभ में 89 प्रतिशत का उछाल

**नई दिल्ली।** खनन क्षेत्र की प्रमुख कंपनी वेदांता लिमिटेड का जनवरी-मार्च तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 89 प्रतिशत उछलकर 9,352 करोड़ रुपये हो गया। बिक्री मात्रा में वृद्धि और रुपये की कमजोरी से यह लाभ बढ़ा है। पिछले वर्ष की समान तिमाही में कंपनी ने 4,961 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ अर्जित किया था। वित्त वर्ष 2025-26 की चौथी तिमाही में कंपनी की परिचालन आय 29 प्रतिशत बढ़कर 51,524 करोड़ रुपये हो गई, जो एक साल पहले की समान तिमाही में 39,789 करोड़ रुपये थी।

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाइड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

### रेटिंग एजेंसी इक्रा ने जारी की रिपोर्ट

# तेल कंपनियों को पेट्रोल पर 14 रुपये, डीजल पर 18 रुपये प्रति लीटर का नुकसानः रिपोर्ट

*पश्चिम एशिया संकट के बीच कच्चे तेल की कीमतों में तेज उछाल आने के बावजूद पेट्रोलियम उत्पादों की खुदरा कीमतें स्थिर रहने से तेल विपणन कंपनियों को पेट्रोल एवं डीजल की बिक्री पर क्रमशः 14 रुपये एवं 18 रुपये प्रति लीटर का नुकसान उठाना पड़ रहा है। बुधवार को एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई।*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

रेटिंग एजेंसी इक्रा ने कहा कि यदि कच्चे तेल की कीमत 120-125 डॉलर प्रति बैरल के स्तर पर बनी रहती है, तो पेट्रोलियम कंपनियों का विपणन मार्जिन आगे भी नकारात्मक बना रहेगा, जिससे कंपनियों की लाभप्रदता प्रभावित हो रही है। इक्रा के वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रशांत वशिष्ठ ने कहा, /"कच्चे तेल की ऊंची कीमतों के बावजूद वाहन ईंधन की कीमतों में स्थिरता से पेट्रोलियम कंपनियों की मुनाफा कमाने की क्षमता पर असर पड़ रहा है।/"

### एलपीजी पर भी भारी नुकसान होने की आशंका

रिपोर्ट के मुताबिक, पेट्रोल-डीजल के अलावा रसोई गैस (एलपीजी) पर भी भारी 'अंडर-रिकवरी' यानी नुकसान होने की आशंका है, जो वित्त वर्ष 2026-27 में करीब 80,000 करोड़ रुपये तक पहुंच सकती है। वहीं, इस अवधि में उर्वरक सब्सिडी बढ़कर 2.05 लाख करोड़ से 2.25 लाख करोड़ रुपये के बीच पहुंच जाने का अनुमान है, जो 1.71 लाख करोड़ रुपये के बजट अनुमान से काफी अधिक है।




- कारण, कच्चे तेल की कीमतों में तेज उछाल
- कच्चे तेल की कीमत 120 से 125 डॉलर प्रति बैरल के बीच
- स्थिर कीमतों से कंपनियों की लाभप्रदता प्रभावित हो रही

*रिफाइनरी व विपणन कंपनियों पर दबाव बढ़ा : इक्रा ने कहा कि करीब 20 प्रतिशत वैश्विक तेल एवं गैस आपूर्ति वाले समुद्री मार्ग होर्मुज जलडमरूमध्य में आपूर्ति बाधाओं के कारण ईंधन, उर्वरक और रसायनों की उपलब्धता प्रभावित हुई है। इससे कीमतों में वृद्धि और तेल रिफाइनरी और विपणन कंपनियों पर लागत दबाव बढ़ा है।*

### कंपनियां लागत का बोझ उपभोक्ताओं पर नहीं डाल पा रही

रिपोर्ट के मुताबिक, ऊर्जा और कच्चे माल की अधिक लागत का असर तेल विपणन, उर्वरक, रसायन और शहरी गैस वितरण क्षेत्रों की लाभप्रदता पर पड़ेगा, क्योंकि कंपनियां लागत का पूरा बोझ उपभोक्ताओं पर नहीं डाल पा रही हैं। इक्रा ने कच्चे तेल रिफाइनिंग क्षेत्र के लिए परिदृश्य 'स्थिर' रखा है, लेकिन ईंधन खुदरा बिक्री, उर्वरक, बेसिक केमिकल और पेट्रोकेमिकल क्षेत्रों के लिए 'नकारात्मक' दृष्टिकोण जताया है।

### क्रूड ऑयल 115 डॉलर के पार



अमेरिका से युद्ध के बीच ईरान की ओर से तेल आपूर्ति के ब्लॉकेज की खबरों ने वैश्विक ऊर्जा बाजार में खलबली मचा दी है, जिसके चलते कच्चे तेल की कीमतें अचानक उछलकर 115 डॉलर प्रति बैरल के पार पहुंच गई हैं। मिडिल ईस्ट में बढ़ते इस भू-राजनीतिक तनाव ने न केवल सप्लाई चेन के टूटने का डर पैदा कर दिया है, बल्कि वैश्विक अर्थव्यवस्था के सामने महंगाई का नया संकट भी खड़ा कर दिया है। भारत जैसे देशों के लिए, जो अपनी तेल जरूरतों का एक बड़ा हिस्सा आयात करते हैं, यह स्थिति विशेष रूप से चिंताजनक है क्योंकि कच्चे तेल के दाम बढ़ने से पेट्रोल-डीजल की कीमतों और परिवहन लागत में भारी बढ़ोत्तरी की आशंका बढ़ जाती है।

### 'वनतारा' में आजीवन घर देने का रखा प्रस्ताव

# अनंत अंबानी की कोलंबिया से 80 दरियाई घोड़ों को बचाने की अपील

- वनतारा के संस्थापक ने कोलंबिया सरकार को औपचारिक संदेश भेजा

**जामनगर।** दक्षिणी अमेरिका के देश कोलंबिया की मैग्डालियाना नदी घाटी में रहने वाले 80 दरियाई घोड़ों को मारने का आदेश दिया गया है। रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड के कार्यकारी निदेशक और दुनिया के सबसे बड़े वन्यजीव बचाव एवं संरक्षण केंद्रों में से एक, वनतारा के संस्थापक अनंत मुकेश अंबानी ने औपचारिक रूप से कोलंबिया सरकार से इन हिप्पो या दरियाई घोड़ों की जान बख़्शने का आग्रह किया है। उन्होंने एक मानवीय विकल्प का प्रस्ताव दिया हैः एक सुरक्षित और वैज्ञानिक तरीके से इन जानवरों को



जामनगर, गुजरात स्थित 'वनतारा' में लाया जाए, जहाँ उन्हें स्थायी घर मिल सकेगा। कोलंबिया की पर्यावरण मंत्री, आइरीन वेलेज़ टोरेस को लिखे पत्र में अनंत अंबानी ने ये अपील की है। इसमें कोलंबियाई अधिकारियों की देखरेख और मंजूरी के साथ पूरी सहायता देने की बात कही गई है। यह प्रस्ताव पशु कल्याण के प्रति अनंत अंबानी की प्रतिबद्धता को दर्शाता है, जिसके लिए उन्हें हाल ही में 'ग्लोबल ह्यूमेन अवार्ड' से सम्मानित किया गया था। वह यह प्रतिष्ठित सम्मान पाने वाले सबसे कम उम्र के व्यक्ति और पहले एशियाई हैं।

### पश्चिम एशिया में जारी तनाव के कारण टलना संभव

# जियो प्लेटफॉर्म्स का आईपीओ दूसरी छमाही तक टलना संभवः क्रेडिटसाइट

- पहले बाजार में मई में आने की संभावना व्यक्त की गई थी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

रिलायंस इंडस्ट्रीज की डिजिटल इकाई जियो प्लेटफॉर्म्स का प्रस्तावित आईपीओ पश्चिम एशिया में जारी तनाव के कारण वित्त वर्ष 2026-27 की दूसरी छमाही तक टल सकता है। क्रेडिटसाइट्स ने वित्त वर्ष 2025-26 के नतीजों पर टिप्पणी में कहा कि रिलायंस इंडस्ट्रीज के प्रबंधन ने वित्तीय नतीजे पर चर्चा के दौरान जियो के आईपीओ को 'बेहद करीब' बताया था। पहले बाजार में ऐसी चर्चा थी कि यह आईपीओ मई में आ सकता है, जिसमें रिलायंस अपनी करीब




67 प्रतिशत हिस्सेदारी में से 2.5-तीन प्रतिशत तक हिस्सेदारी बेचकर लगभग चार अरब डॉलर (करीब 37,500 करोड़ रुपये) जुटा सकती है। हालांकि क्रेडिटसाइट का मानना है कि पश्चिम एशिया संकट के चलते बाजार की परिस्थितियां प्रभावित हो सकती हैं, जिससे आईपीओ की समय-सीमा आगे खिसक सकती है। जियो की सूचीबद्धता से इकट्ठा होने वाली पूंजी का उपयोग कर्ज घटाने और पूंजीगत व्यय में किया जाएगा, जिससे कंपनी की प्रतिस्पर्धी क्षमता भारती एयरटेल और वोडाफोन आइडिया के मुकाबले मजबूत हो सकती है।

# सोना 1,500 रुपये टूटा, चांदी में मामूली बढ़त

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली




राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में बुधवार को सोने की कीमत में 1,500 रुपये की गिरावट आई और यह 1.52 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम रहा। यह गिरावट मुनाफावसूली के कारण हुई, क्योंकि अमेरिकी फेडरल रिजर्व के ब्याज दर के बारे में फैसले से पहले कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों से महंगाई को लेकर चिंताएं बढ़ गई हैं। अखिल भारतीय सराफा संघ के अनुसार, हालांकि, चांदी की कीमतों में मामूली बढ़त दर्ज की गई। यह 500 रुपये बढ़कर 2,44,500 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) हो गई। मंगलवार को यह 2,44,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर थी। सर्राफा संघ के अनुसार 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 1,500 रुपये यानी एक प्रतिशत गिरकर 1,52,800 रुपये (सभी करों सहित) प्रति 10 ग्राम रह गया। पिछले कारोबारी सत्र में सोने की कीमत 1,54,300 रुपये प्रति 10 ग्राम रही थी। सर्राफा कारोबारियों ने पश्चिम एशिया में तनाव के कारण ऊर्जा की बढ़ती लागत पर गौर किया। इससे महंगाई ऊंचे स्तर पर बनी रह सकती है और केंद्रीय बैंकों को लंबे समय तक अपनी नीतियां सख्त बनाए रखने के लिए मजबूर होना पड़ सकता है।

# शेयरों में खरीदारी से बाजार में तेजी, सेंसेक्स 609 अंक उछला

एजेंसी ▶▶ मुंबई

एशियाई बाजारों में मजबूती और दैनिक उपयोग का सामान बनाने वाली कंपनियों, वाहन एवं दूरसंचार शेयरों में लिवाली के बीच बुधवार को घरेलू बाजार चढ़कर बंद हुए। बीएसई सेंसेक्स 609 अंक चढ़कर बंद हुआ जबकि एनएसई निफ्टी में 182 अंक की तेजी रही।

बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में 609.45 अंक उछलकर 77,496.36 अंक अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 1,095.6 अंक तक चढ़ गया था। निफ्टी 181.95 अंक यानी 0.76 प्रतिशत बढ़कर 24,177.65 अंक पर पहुंच गया। सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से आईटीसी लिमिटेड, टेक महिंद्रा, मारुति सुजुकी, रिलायंस इंडस्ट्रीज, भारती एयरटेल और महिंद्रा एंड महिंद्रा के शेयर चढ़कर बंद हुए। दूसरी तरफ, इंटरग्लोब एविएशन, एनटीपीसी, बजाज फिनसर्व और आईसीआईसीआई बैंक के शेयरों में



- एफएमसीजी, वाहन और दूरसंचार शेयरों में खरीदारी
- निफ्टी में भी 182 अंक की तेजी रही

गिरावट देखी गई। प्रमुख वाहन विनिर्माता मारुति सुजुकी का शेयर सकारात्मक नतीजों के बाद 2.82 प्रतिशत चढ़कर बंद हुआ। कंपनी ने वित्त वर्ष 2025-26 में 14,679.5 करोड़ रुपये का रिकॉर्ड वार्षिक शुद्ध लाभ दर्ज किया है।

लाइवलॉन्ग वेल्थ के संस्थापक एवं शोध विश्लेषक हरिप्रसाद के. ने कहा, कि बेहतर तिमाही नतीजों और घरेलू मांग की मजबूती ने घरेलू बाजार को भू-राजनीतिक तनाव से ध्यान हटाकर समर्थन देने का काम किया।

# कच्चे तेल में तेजी से भारत की वृद्धि दर घटने का अनुमान

- ईवाई इंडिया ने करीब छह प्रतिशत रहने का अनुमान जताया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पश्चिम एशिया में जारी तनाव के कारण कच्चे तेल की कीमतें अधिक रहने की स्थिति में चालू वित्त वर्ष में भारत की आर्थिक वृद्धि दर घटकर करीब छह प्रतिशत रह सकती है, जबकि खुदरा मुद्रास्फीति बढ़कर छह प्रतिशत तक पहुंच सकती है। ईवाई इंडिया ने बुधवार को यह आकलन जारी किया। परामर्श कंपनी ईवाई इंडिया के मुख्य नीति सलाहकार डी के श्रीवास्तव ने कहा कि यदि भारतीय कच्चे तेल 'बास्केट' की औसत कीमत वित्त वर्ष 2026-27 में 120 डॉलर प्रति बैरल रहती है, तो वास्तविक जीडीपी वृद्धि करीब छह प्रतिशत और उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित खुदरा मुद्रास्फीति छह प्रतिशत तक बढ़ सकती है। श्रीवास्तव ने कहा कि राजकोषीय घाटे पर दबाव कम करने के लिए बढ़ी ऊर्जा कीमतों का असर अपेक्षाकृत अधिक हद तक उपभोक्ताओं तक पहुंचाना होगा। ईवाई की इकॉनमी वॉच रिपोर्ट के मुताबिक, नीतिगत हस्तक्षेप की गुंजाइश सीमित है, लेकिन हालात को देखते हुए रेपो दर में बढ़ोतरी और कच्चे तेल की आपूर्ति के स्रोतों में तेजी से विविधीकरण पर विचार किया जाना चाहिए। इसका हल निकल जाने पर भी कच्चे तेल की वैश्विक आपूर्ति के सामान्य होने में खासा समय लग सकता है।

## राशिफल

**मेष** किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। माता के सानिध्य मिलेगा। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

**वृष** व्यर्थ के क्रोध से बचें। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। किसी मित्र से वस्त्र उपहार में प्राप्त हो सकते हैं। नौकरी में कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है।

**मिथुन** आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। वाणी में मधुरता रहेगी। कार्यक्षेत्र में कठिनाइयां आ सकती है। परिश्रम भी अधिक रहेगा। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

**कर्क** आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। मन प्रसन्न रहेगा, परन्तु बातचीत में सन्तुलित रहें। नौकरी में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। तरक्की भी हो सकती है। आय बढ़ेगी।

**सिंह** आत्मविश्वास से लबरेज रहेंगे, परन्तु धैर्यशीलता में कमी आ सकती है। किसी मित्र के सहयोग से नौकरी के अवसर मिल सकते हैं। सेहत का ध्यान रखें।

**कन्या** मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। कार्यस्थल पर व्यर्थ के वाद-विवाद से बचें।

**तुला** आत्मविश्वास में कमी रहेगी। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाग-दौड़ अधिक रहेगी।

**वृश्चिक** आत्मविश्वास भी भरपूर रहेगा। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। तरक्की के अवसर मिलेंगे। आय में वृद्धि होगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**धनु** आत्मविश्वास से लबरेज रहेगें। परन्तु अति उत्साही होने से बचें। संयत रहें। माता का साथ मिलेगा। आय भी बढ़ेगी। संतान को स्वास्थ्य विकार हो सकते हैं।

**मकर** माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। जीवनसाथी का साथ मिलेगा। बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि के साधन बन सकते हैं। तरक्की के योग बन रहे हैं।

**कुंभ** अपनी भावनाओं को वश में रखें। नौकरी में अफसरों का सहयोग तो मिलेगा, परन्तु कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। भाइयों का सहयोग रहेगा।

**मीन** शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। शासन सत्ता का सहयोग मिलेगा। तरक्की का मार्ग प्रशस्त होगा।


### एशिया, यूरोप में आगे चलकर विमान ईंधन की किल्लत की आशंकाः आईएटीए प्रमुख

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय हवाई परिवहन संघ के महानिदेशक विली वॉल्श ने बुधवार को कहा कि आने वाले महीनों में एशिया और यूरोप के कुछ हिस्सों में विमान ईंधन (एटीएफ) की किल्लत हो सकती है। इसके साथ ही वॉल्श ने कहा कि एटीएफ की अत्यधिक ऊंची कीमतों का असर अब हवाई टिकटों में भी दिखाई देने लगा है। विमानन ईंधन एयरलाइंस की परिचालन लागत का एक बड़ा हिस्सा होता है। पश्चिम एशिया संघर्ष के बाद आपूर्ति बाधित होने और वैश्विक अनिश्चितताओं के कारण विमान ईंधन महंगा हो गया है। विमानन कंपनियों के वैश्विक समूह आईएटीए के प्रमुख ने एक बयान में कहा, /"हर कोई देख रहा है कि विमान ईंधन की आपूर्ति और कीमतों की क्या स्थिति है। आने वाले महीनों में दुनिया के कुछ हिस्सों में, खासकर एशिया और यूरोप में, जहां खाड़ी देशों से आपूर्ति पर निर्भरता अधिक है।

### हब-एंड-स्पोक मॉडल पर अंतरराष्ट्रीय उड़ानों के संचालन का एसओपी जारी

**नई दिल्ली।** नागर विमानन मंत्रालय ने विमानों के संचालन का हब-एंड-स्पोक मॉडल लागू करने के लिए मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) जारी की है, जिससे यात्रियों के लिए घरेलू से अंतरराष्ट्रीय यात्रा के बीच जुड़ना अधिक सुगम होगा। एचएंडएस मॉडल के तहत छोटे हवाई अड्डों यानी स्पोक से यात्री बड़े हवाईअड्डों यानी हब के जरिए अंतरराष्ट्रीय गंतव्यों तक पहुंच सकेंगे। एयर इंडिया जून से इस विमानन मॉडल पर आधारित परीक्षण शुरू कर सकती है। एक सूत्र ने बताया कि एक जून से वाराणसी से इस मॉडल के तहत उड़ानों का परीक्षण शुरू हो सकता है, जिसमें यात्री पहले दिल्ली और फिर वहां से लंदन के लिए उड़ान भरेंगे। यात्रियों का आव्रजन और सीमा शुल्क मंजूरी यात्रा की शुरुआत वाले हवाई अड्डे और अंतिम गंतव्य पर होगा जबकि हब एयरपोर्ट पर उनका सामान बाहर निकाले बगैर सीधे अगली उड़ान में भेज दिया जाएगा।


### शब्द पहेली - 6211




**बाएँ से दाए-**
1. पद्माकर, कमल सरोवर-5
4. इस्लामी धर्म ग्रंथ-3
6. देवस्थान, मंदिर-2
7. शिव आवास-3
8. उत्तम, सज्जन-2
10. पति, शोहर-3
11. दमकना-4
14. टीस, पीड़ा-3
16. झरने की आवाज-4
17. आशा, इच्छा-2
18. संध्या, शाम-2
19. निराकार, भगवान-4
21. बुझाना, शांति-3
22. अभिप्राय-4
24. आंचल-3
25. घोड़ागाड़ी-2
27. उष्ण-3
28. पिता के पिता-2
29. पंक्ति-3
30. तहजीबदार-5

**ऊपर से नीचे**
1. कथा कहने वाला-5
2. चित, जी-2
3. कार्यशाला, यंत्रालय-4
4. माहिर, दक्ष-3
5. आकाश, गगन-2
7. कारावास-2
9. योग्य-3
12. अनुमान, अंदाज-3
13. झगड़ा, कहासुनी-4
15. मुगल सम्राट जहांगीर का एक नाम-3
16. पक्षियों का शोर-4
17. राहत, विश्राम -3
18. मुसीबत, आफत -3
20. होशियार, चेतावनी-5
21. नगर-3
22. संजीव कुमार व लीना चंदावरकर अभिनीत फिल्म
23. मगरमच्छ-3
24. दर, मूल्य-2
26. भूमि, धरती-2
28. पिता के पिता-2

**शब्द पहेली -6210 का हल**





# बंगाल चुनाव में टीएमसी-भाजपा कार्यकर्ताओं में झड़प मतदान के दौरान कई जगहों पर हिंसा और लाठीचार्ज

## बंगाल में दो चरणों में हो रहे विधानसभा चुनाव के लिए मतगणना चार मई को होगी, सुरक्षा व्यवस्था कड़ी रही

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

पश्चिम बंगाल में दूसरे चरण के मतदान के दौरान जमकर वोटिंग हुई। मतदान के दौरान कई जगहों पर हिंसा, झड़प और लाठीचार्ज की घटनाएं सामने आईं। इस दौरान विभिन्न इलाकों से छिटपुट हिंसा की खबरें भी आईं। पश्चिम बंगाल में दो चरणों में हो रहे विधानसभा चुनाव के लिए मतगणना चार मई को होगी। नॉर्थ 24 परगना के अरविंद रैली में टीएमसी और भाजपा कार्यकर्ताओं में हिंसक झड़प हुई। दोनों पार्टियों के कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को दौड़ा-दौड़ाकर मुक्के, लाठियों से हमले किए। भारी संख्या में सुरक्षाबलों की मौजूदगी के बावजूद हालात बेकाबू दिखे। सीआरपीएफ महानिदेशक ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह तथा बल के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बंद कमरे में बैठक की। सिंह ने राजनीतिक रूप से संवेदनशील डायमंड हार्बर में सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। महानिदेशक ने ड्यूटी पर तैनात जवानों से सीधे बातचीत की, जमीनी स्थिति की जानकारी ली और सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की।

सीआरपीएफ महानिदेशक ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह तथा बल के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बंद कमरे में बैठक की।

### बंगाल के मुख्य निर्वाचन अधिकारी बोले



#### ईवीएम से छेड़छाड़ मिली तो पुनः वोटिंग संभव



बंगाल के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) मनोज अग्रवाल ने बुधवार को कहा कि जिन मतदान केंद्रों पर ईवीएम से छेड़छाड़ पाई जाएगी, वहां दोबारा मतदान की घोषणा किए जाने की संभावना है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि ईवीएम में टेप या स्याही से छेड़छाड़ के आरोपों पर जिला निर्वाचन अधिकारी या चुनाव पर्यवेक्षकों से रिपोर्ट मिलने के बाद ही पुनर्मतदान का आदेश दिया जाएगा। अग्रवाल का बयान ऐसे समय में आया है जब भाजपा ने आरोप लगाया है कि दूसरे एवं आखिरी चरण के मतदान के दौरान कुछ मतदान केंद्रों ने उसके चुनाव चिह्न को टेप से ढक दिया या उसपर स्याही डाल दी।

### दोबारा हो मतदानः मालवीय



भाजपा आईटी सेल के प्रमुख और बंगाल के सह-प्रभारी अमित मालवीय ने आरोप लगाया कि तृणमूल कांग्रेस दक्षिण 24 परगना जिले के डायमंड हार्बर क्षेत्र के कई मतदान केंद्रों पर चुनावी धांधली कर रही है। उन्होंने टीएमसी पर गड़बड़ी के आरोप लगाए और पुनर्मतदान की मांग की। आरोप है कि कई बूथों पर ईवीएम मशीन में कुछ बटन पर टेप लगाकर उन्हें ढंक दिया गया। मालवीय ने दावा किया कि ममता फाल्टा सीट से टीएमसी के टिकट पर चुनाव लड़ रहे उम्मीदवार जहांगीर खान का समर्थन कर रही थीं। कई मतदान केंद्रों पर भाजपा के पक्ष में वोट देने का विकल्प टेप लगाकर बंद कर दिया गया है, जिससे मतदाता अपनी पसंद से वोट नहीं कर पाए।

#### टीएमसी ने किया खारिज

टीएमसी ने भाजपा के सिंबल के आगे टेप लगे होने के दावे को खारिज कर दिया है। उसने कहा है कि भाजपा बेवजह हंगामा कर रही है, क्योंकि उसे चुनाव में हार मिल रही।

### केंद्रीय बल भाजपा की मदद कर रहे



**कोलकाता (भाषा)।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बुधवार को आरोप लगाया कि विधानसभा चुनावों के लिए तैनात केंद्रीय बल भाजपा के पक्ष में काम कर रहे हैं और दावा किया कि राज्य में चुनाव स्वतंत्र और निष्पक्ष तरीके से नहीं कराए जा रहे हैं। भवानीपुर विधानसभा क्षेत्र के मित्रा इंस्टीट्यूशन स्कूल में मतदान करने के बाद ममता बनर्जी ने केंद्रीय बलों पर तीखा हमला बोला। बनर्जी ने आरोप लगाया कि उनके पार्टी कार्यकर्ताओं और पोलिंग एजेंटों को डराया-धमकाया जा रहा है और उन्हें मतदान केंद्रों से बाहर निकाला जा रहा है। उन्होंने कहा, "केंद्रीय बलों द्वारा किए जा रहे अत्याचार अभूतपूर्व हैं।

### सीएपीएफ की मौजूदगी में बंपर वोटिंग



**मुर्शिदाबाद (भाषा)।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अधीर रंजन चौधरी ने बुधवार को कहा कि जो तृणमूल कांग्रेस "डर और तनाव का माहौल" पैदा करने के लिए जानी जाती है उसके इस तरह के प्रयासों के बावजूद पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के दोनों चरणों में लोग बड़ी संख्या में मतदान करने के लिए बाहर आए और इसमें केंद्रीय सुरक्षा बलों की मौजूदगी ने मदद की। राज्य के विभिन्न इलाकों में मौजूदा चरण के दौरान छिटपुट हिंसा की खबरों पर एक सवाल के जवाब में चौधरी ने बहरामपुर में पत्रकारों से कहा कि चुनाव से संबंधित हिंसा की घटनाएं पिछले स्थानीय निकाय चुनाव की तुलना में काफी कम हैं।

## खबर संक्षेप

### हथियार गिरोह का भंडाफोड़, नौ पकड़े

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने उत्तर भारत में सक्रिय अंतरराष्ट्रीय हथियार तस्करी गिरोह का भंडाफोड़ किया है और नौ लोगों को गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने बुधवार को बताया कि पुलिस ने 23 अत्याधुनिक हथियार और 92 कारतूस जब्त किए।

### विध्वंसक मिसाइल का सफलतापूर्वक परीक्षण

**नई दिल्ली।** भारत की समुद्री आक्रमण क्षमताओं को बढ़ावा देते हुए रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन तथा नौसेना ने कम दूरी की पोत विध्वंसक मिसाइल प्रणाली का पहला 'साल्वो लॉन्च' सफलतापूर्वक किया। 'साल्वो लॉन्च' का तात्पर्य लॉन्चर से कुछ ही सेकंड के भीतर मिसाइल तेजी से और लगातार दागे जाने से है।

### तस्कर डोला को दिल्ली से मुंबई लाई एनसीबी

**मुंबई।** भगोड़े गैंगस्टर दाऊद इब्राहिम के करीबी सहयोगी एवं कुख्यात मादक पदार्थ तस्कर मोहम्मद सलीम डोला को बुधवार शाम स्वापक नियंत्रण ब्यूरो (एनसीबी) द्वारा दिल्ली से मुंबई लाया गया। इससे एक दिन पहले दिल्ली की एक अदालत ने एजेंसी को उसके ट्रांजिट रिमांड की अनुमति दे दी थी। छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतरने के बाद, डोला को पोर्ट से बाहर निकाला गया।

**पीएम का वाराणसी दौरा:** गंगा एक्सप्रेसवे के उद्घाटन के बाद जनसभा में बोले-मोदी

# पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव में जीत की 'हैट्रिक' लगाएगी भाजपा

भाषा ▶▶ हरदोई (उप्र)

बंगाल में इस समय दूसरे चरण का मतदान हो रहा है और जो खबरें आ रही है उनसे पता चलता है कि बंगाल में भारी मतदान हो रहा है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव के दूसरे और अंतिम चरण के मतदान के बीच बुधवार को दावा किया कि पार्टी पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव में जीत की 'हैट्रिक' लगाएगी। प्रधानमंत्री मोदी ने हरदोई के मल्लावां में गंगा एक्सप्रेसवे के उद्घाटन के बाद एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि कुछ समय पहले जब बिहार में विधानसभा चुनाव हुए तो भारतीय जनता पार्टी और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) ने प्रचंड जीत दर्ज की और एक इतिहास रच दिया था। उन्होंने कहा कि अभी कल ही गुजरात में महानगरपालिका, नगर पालिका, जिला पंचायत, नगर पंचायत, तहसील पंचायत इन सब के चुनाव के नतीजे आए हैं और आप मेरे उत्तर प्रदेश वासियों को खुशी होगी कि 80 से 85 प्रतिशत नगर पालिकाओं और पंचायतों में भाजपा ने जीत दर्ज की है। मुझे विश्वास है कि इन पांच राज्यों के चुनाव में भी भाजपा ऐतिहासिक जीत के साथ 'हैट्रिक' लगाने जा रही है।" उन्होंने कहा कि चार मई के नतीजे विकसित भारत के संकल्प को मजबूत करेंगे और देश के विकास की गति को नयी ऊर्जा से भरेंगे। उन्होंने कहा कि आज लोकतंत्र के उत्सव का भी एक अहम दिन है। बंगाल में इस समय दूसरे चरण का मतदान हो रहा है और जो खबरें आ रही है उनसे पता चलता है कि बंगाल में भारी मतदान हो रहा है।"

मोदी ने काशी विश्वनाथ में पूजा की त्रिशूल लहराया: 108 बटुकों ने किया शंखनाद




**मोदी ने कार्यक्रम स्थल पर पौधरोपण किया, यूपीडा की प्रदर्शनी का अवलोकन किया**

**उत्तर प्रदेश सीएम योगी ने प्रधानमंत्री को प्रतीक स्वरूप मां गंगा की प्रतिमा भेंट की**

### 12 प्रमुख जिलों को जोड़ेगा एक्सप्रेस

अधिकारियों के अनुसार यह गंगा एक्सप्रेसवे मेरठ, हापुड़, बुलंदशहर, अमरोहा, संभल, बदायूं, शाहजहांपुर, हरदोई, उन्नाव, रायबरेली, प्रतापगढ़ और प्रयागराज सहित 12 प्रमुख जिलों को जोड़ता है। इससे यात्रा समय में उल्लेखनीय कमी आएगी और आवागमन तेज, सुरक्षित तथा अधिक सुविधाजनक होगा। इससे पहले, प्रधानमंत्री मोदी ने बटन दबाकर गंगा एक्सप्रेसवे का उद्घाटन किया। मोदी ने कार्यक्रम स्थल पर पौधरोपण किया और उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीडा) की प्रदर्शनी का अवलोकन किया, जिसमें प्रदेश के एक्सप्रेसवे नेटवर्क को प्रदर्शित किया गया। जनसभा के दौरान मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री को प्रतीक स्वरूप मां गंगा की प्रतिमा भेंट की।

मुख्यमंत्री के सीएम बोले

### निर्माण में एक लाख से अधिक किसानों का योगदान



**हरदोई (भाषा)।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि गंगा एक्सप्रेसवे के निर्माण में किसानों का योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण रहा है, क्योंकि एक लाख से अधिक किसानों ने इस परियोजना के लिए जमीन उपलब्ध कराई, जिससे इसका समय पर निर्माण संभव हो सका। मुख्यमंत्री ने कहा कि दिसंबर 2021 में प्रधानमंत्री मोदी द्वारा रखी गई आधारशिला आज साकार रूप ले चुकी है। 594 किलोमीटर लंबा एक्सप्रेसवे अन्नदाता किसानों की उन्नति, युवाओं के रोजगार, आस्था एवं संस्कृति के संरक्षण तथा उत्तर प्रदेश की समृद्धि का प्रमुख माध्यम बनेगा।

दिल्ली हाई कोर्ट में ऑनलाइन सुनवाई

## कथित तौर पर अश्लील वीडियो प्ले होने लगे, 'हैकिंग' के दावे

दिल्ली हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश की अदालत में सुनवाई के दौरान एक असामान्य घटना सामने आई। सुनवाई के बीच में ही कथित तौर पर बार-बार अश्लील वीडियो प्ले होने लगे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश की अदालत में सुनवाई के दौरान एक असामान्य घटना सामने आई। अदालत में कथित तौर पर बार-बार अश्लील वीडियो प्ले होने लगे। ये वीडियो वर्चुअल कॉन्फ्रेंसिंग सिस्टम के जरिए ब्रॉडकास्ट हुए। यह कंटेंट यूजर्स श्रीधर सरनोबत और शीतजीत सिंह के अकाउंट से चले। घटना के तुरंत बाद अदालत ने एहतियातन वीसी सिस्टम को बंद कर दिया ताकि किसी भी तरह की रुकावट या दुरुपयोग को आगे रोका जा सके। कुछ मिनटों बाद जब सिस्टम को दोबारा ऑन किया गया तो फिर से पोर्न वीडियो चलने लगे। बैकग्राउंड में एक ऑटोमेटेड वॉइस मैसेज सुना गया, यह अमेरिका से किया गया हैक है। मीटिंग को अभी बंद कर दीजिए। दोबारा कभी इसे ऑन मत करना।



### वीसी सिस्टम पर साइबर हमले की आशंका बढ़ी

वीसी को बंद कर दिया गया है और दोबारा नहीं खोला गया है। इस मैसेज के बाद कोर्ट के वीसी सिस्टम पर साइबर हमले की आशंका और मजबूत हो गई है। शुरुआती संकेतों के आधार पर दिल्ली हाईकोर्ट के वीसी इंटरफेस पर संभावित साइबर अटैक की जांच की जा रही है। हाईकोर्ट के वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग लिंक पर हुए संभावित साइबर हमले की जांच दिल्ली पुलिस की आईएफएसओ यूनिट को सौंप दी गई है।

### सेवानिवृत्ति के बाद कार पर आधिकारिक चिन्ह के इस्तेमाल के लिए पूर्व डीजीपी पर 250 का जुर्माना

**कोट्टायम (भाषा)।** केरल के मोटर वाहन विभाग ने पूर्व पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) टॉमिन जे थाचनकारी पर सेवानिवृत्ति के बाद अपनी कार पर आधिकारिक चिन्ह का इस्तेमाल करने के लिए 250 रुपये का जुर्माना लगाया है। आधिकारिक सूत्रों ने बुधवार को यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि परिवहन आयुक्त के किसी निर्देश के बिना ही विभाग के प्रवर्तन विभाग ने थाचनकारी के खिलाफ यह कार्रवाई की। यह उल्लंघन तब सामने आया, जब थाचनकारी हाल में एक सतर्कता मामले के सिलसिले में कोट्टायम की एक अदालत पहुंचे। इस दौरान उनकी कार की नंबर प्लेट के पास एक आधिकारिक चिन्ह प्रदर्शित पाया गया। सूत्रों ने बताया कि थाचनकारी ने जुर्माने की रकम अदा कर दी है।

डिजिटल ठगी पर बड़े एक्शन की तैयारी

## व्हाट्स-अप करेगा स्कैम से जुड़े डिवाइस ब्लॉक, केंद्र ने सुप्रीम कोर्ट में पेश किया नया प्लान




हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

हरिभूमि विशेष

डिजिटल अरेस्ट, फर्जी पुलिस-सीबीआई कॉल, बैंक फ्रॉड और साइबर ठगी के तेजी से बढ़ते मामलों पर केंद्र सरकार अब बड़ा और सख्त कदम उठाने की तैयारी में है। केंद्र ने सुप्रीम कोर्ट को बताया है कि व्हाट्अप ने उन डिवाइस आईडी को ब्लॉक करने की संभावना पर सहमति जताई है, जो डिजिटल ठगी और साइबर अपराधों में इस्तेमाल हो रहे हैं।

### *सुप्रीम कोर्ट में पेश हुई विस्तृत रिपोर्ट*

*यह जानकारी केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में दाखिल एक स्टेटस रिपोर्ट में दी। यह रिपोर्ट गृह मंत्रालय ने दाखिल की थी। चीफ जस्टिस सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ इस मामले की सुनवाई कर रही है। रिपोर्ट में सरकार ने साइबर फ्रॉड रोकने के लिए चार बड़े मोर्चों पर कार्रवाई की रूपरेखा रखी है। प्लेटफॉर्म की जवाबदेही तय करना, बैंकिंग सुरक्षा मजबूत करना, सिम कार्ड की ट्रेसबिलिटी बढ़ाना, पीड़ितों को मुआवजा दिलाने के लिए कानूनी ढांचा तैयार करने जैसे कदम उठाने का फार्मूला सर्वोच्च न्यायालय में पेश किया है।*

### ग्रेट निकोबार परियोजना सबसे बड़ा घोटालाः राहुल



**श्री विजयपुरम (भाषा)।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने बुधवार को आरोप लगाया कि ग्रेट निकोबार परियोजना आदिवासी विरासत के खिलाफ गंभीर अपराध तथा सबसे बड़ा घोटाला है। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष ने मंगलवार को निकोबार का दौरा किया था और स्थानीय लोगों से मुलाकात की थी। उन्होंने बुधवार को 'एक्स' पर एक वीडियो पोस्ट किया, "मैंने ग्रेट निकोबार की यात्रा की। मैंने अपने जीवन में ऐसे असाधारण जंगल नहीं देखे हैं। यहां बहुत पुराने पेड़ हैं, इस जंगल को विकसित होने में पीढ़ियां लग गईं। उन्होंने कहा कि इस द्वीप के लोग शानदार हैं।

32 साल, 72% स्ट्राइक रेट, एक राज्य, एक स्पष्ट जनादेश

## गुजरात प्रयोग नहीं कर रहा, बल्कि एक विरासत को और मजबूत कर रहा है

**गांधीनगर।** भाजपा ने एक बार फिर गुजरात में अपनी अभूतपूर्व चुनावी बढ़त को दोहराते हुए 2026 के स्थानीय निकाय चुनावों में शानदार जीत हासिल की है। एक सशक्त विरासत पिछले 32 वर्षों से भाजपा सत्ता में बनी हुई है और हर चुनाव के साथ जनता का विश्वास जीतती आ रही है। यह स्थायी भरोसा 72% से अधिक के स्ट्राइक रेट में झलकता है, जो विपक्ष को पीछे छोड़ देता है।

6,000 से अधिक सीटें जीतकर भाजपा ने न सिर्फ संख्या में बल्कि पूरे राज्य में हर स्तर पर अपना दबदबा कायम किया है, जो गुजरात की लंबे समय से चली आ रही राजनीतिक विरासत को और मजबूत करता है। यह केवल अस्तित्व या वापसी नहीं है। यह निरंतरता, स्थिरता और दोहराया गया जनादेश है, जो भाजपा शासन में गुजरात के अटूट विश्वास को दर्शाता है।

### मोदी ने दी गुजरात भाजपा को बधाई

इस ऐतिहासिक जीत पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुजरात भाजपा को बधाई दी। उन्होंने एक्स पर कहा कि गुजरात और भाजपा के बीच का संबंध अब और गहरा और अटूट हो गया है! मैं गुजरात की जनता का हृदय से आभार व्यक्त करता हूँ, जिन्होंने राज्यभर में नगर निगम, नगरपालिकाओं, तालुका पंचायतों और जिला पंचायतों के चुनावों में भाजपा को भारी समर्थन और जनादेश दिया। राज्य सरकार के जनकल्याण और विकासोन्मुख कार्यों को पहचानते हुए गुजरात की जनता ने एक बार फिर सुशासन की राजनीति में अपना विश्वास जताया है।

## बुद्ध के अवशेष लेह लाए गए, दर्शन को पहुंचे लोग

उपराज्यपाल सक्सेना ने स्वागत समारोह के दौरान औपचारिक रूप से इन अवशेषों को स्वीकार किया

शाह बुद्ध पूर्णिमा यात्रा के दौरान लेह में बुद्ध अवशेष प्रदर्शनी में शामिल होंगे

**लेह (भाषा)।** उत्तर प्रदेश के सिद्धार्थनगर जिले के पिपरहवा में मिले गौतम बुद्ध के पवित्र अवशेष बुधवार को हवाई मार्ग से दिल्ली से लेह लाए गए, जहां बड़ी संख्या में लोग उनके दर्शन के लिए जुटे। लेह हवाई अड्डे के टेक्निकल एरिया में उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने एक भव्य स्वागत समारोह के दौरान औपचारिक रूप से इन अवशेषों को स्वीकार किया। समारोह में कई धार्मिक हस्तियां और सरकारी अधिकारी



मौजूद थे। उधर, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह बुद्ध पूर्णिमा यात्रा के दौरान लेह में बुद्ध अवशेष प्रदर्शनी में शामिल होंगे।

**उत्तर रेलवे**

**ई-निविदा**

वरिष्ठ मंडल अभियंता-समन्वय/अम्बाला के द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से ई-निविदा के माध्यम से इच्छुक टेकेदारों से निम्नलिखित कार्यों हेतु खुली निविदायें आमंत्रित की जाती हैं जो कि उन कार्यों के सामने दी गई तिथि को 15:00 बजे तक खुली रहेगी और उसके बाद खोली जाएगी।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (₹) | अग्रिम राशि (₹) | कार्य समाप्ति का समय | निविदा खुलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Sr.DEN-1/UMB के सेक्शन में LIDAR सर्वेक्षण तकनीक का उपयोग करके यार्ड और सेक्शन के ग्रेडिएंट का सत्यापन। | ₹10,60,434/- | ₹21,200/- | 03 महीने | 22.05.2026 |
| 2. | रूप नगर – घनौली स्टेशनों के बीच SIR-DLPC सेक्शन पर अतिक्रमण-प्रवण स्थानों पर सीमा दीवार का प्रावधान (कास्ट-इन-सीटू/प्रीकास्ट आरसीसी दीवार)। | ₹1,38,37,750/- | ₹2,76,800/- | 06 महीने | 22.05.2026 |
| 3. | रूप नगर – घनौली स्टेशनों के बीच SIR-DLPC सेक्शन पर अतिक्रमण-प्रवण स्थानों पर सीमा दीवार का प्रावधान (डब्ल्यू-बीम फेंसिंग)। | ₹3,13,87,375/- | ₹6,27,800/- | 06 महीने | 22.05.2026 |
| 4. | MRND-DLPC सेक्शन पर SSE/W/NLDM के अधीन नंगल डैम एवं किरतपुर यार्ड के एप्रोच में अतिक्रमण-प्रवण स्थानों पर सीमा दीवार का प्रावधान (कास्ट-इन-सीटू/प्रीकास्ट आरसीसी दीवार)। | ₹1,85,27,093/- | ₹3,70,600/- | 06 महीने | 22.05.2026 |
| 5. | SSE/W/NLDM के अधीन MRND-DLPC खंड में नंगल डैम एवं किरतपुर यार्ड के एप्रोच क्षेत्र में अतिक्रमण संभावित स्थानों पर सीमा दीवार (डब्ल्यू-बीम फेंसिंग) का प्रावधान। | ₹2,56,80,580/- | ₹5,13,600/- | 06 महीने | 22.05.2026 |
| 6. | जगाधरी वर्कशॉप में 9वीं बटालियन आरपीएसएफ परिसर हेतु परिधि दीवार (कंपाउंड वॉल) का प्रावधान। | ₹2,34,87,572/- | ₹4,69,800/- | 12 महीने | 22.05.2026 |
| 7. | अंबाला मंडल में 18 (2 किमी के कैरी-डाउन प्रभाव सहित) इलेक्ट्रॉनिक प्रकार ट्रैक आधारित रेल लुब्रिकेटर की आपूर्ति, स्थापना, कमीशनिंग तथा 60 माह की एएमसी सहित संचालन। | ₹3,58,03,544/- | ₹3,29,000/- | 60 महीने | 22.05.2026 |
| 8. | अंबाला मंडल में 104 (1 किमी के कैरी-डाउन प्रभाव सहित) इलेक्ट्रॉनिक प्रकार ट्रैक आधारित रेल लुब्रिकेटर की आपूर्ति, स्थापना, कमीशनिंग तथा 60 माह की एएमसी सहित संचालन। | ₹21,79,92,216/- | ₹12,40,000/- | 60 महीने | 22.05.2026 |
| 9. | एसआरआई-यूएमबी-सीडीजी-एमआरएनडी खंड की रेलवे कॉलोनियों में 9 ट्यूबवेल, 3 यूजी टैंक (225 किलोलीटर), 1 ओएच टैंक (125 किलोलीटर) और 2 आरसीसी स्टेजिंग उपलब्ध कराकर जल आपूर्ति में सुधार करना और क्षतिग्रस्त जल पाइपलाइन में सुधार करना। | ₹6,13,09,552/- | ₹12,26,200/- | 12 महीने | 22.05.2026 |

नोटः 1) ठेकेदार को शर्तों के अनुसार निविदा योग्यता पूरी करने हेतु सभी जरूरी संबंधित डॉक्यूमेंटों के स्कैनिंग कॉपी को रेलवे वेबसाइट IREPS पर अपलोड करनी जरूरी है। 2) अग्रिम राशि ऑनलाइन पेमेंट नेट बैंकिंग/गेटवे पेमेंट/बैंक गारंटी बांड अनुबंध IV के द्वारा की स्वीकार्य होंगे। 3) निविदा की विस्तृत जानकारी हेतु रेलवे वेबसाइट www.ireps.gov.in पर लॉग ऑन करें। 4) ठेकेदार को ई-निविदा में भागीदारी हेतु (क्लास-III) डिजिटल सिग्नेचर सर्टिफिकेट द्वारा लॉग ऑन करना होगा। 5. जी.एस.टी. एक्ट 2017 के अनुसार लागू होगी।

खुली निविदा संख्या 05-अम्बाला/2026-27 दिनांकः 28.04.2026 1431/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

सुको में सबरीमाला में महिलाओं के साथ होने वाले भेदभाव पर हो रही सुनवाई

# सुधार के नाम पर धर्म को खोखला नहीं कर सकते

कहा- आस्था-विवेक के मामलों पर कोर्ट में बहस नहीं हो सकती

कोर्ट बोला- हम धार्मिक इतिहास को नजरअंदाज नहीं कर सकते

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केरलम के सबरीमाला मंदिर सहित अन्य धार्मिक स्थलों में महिलाओं के साथ होने वाले भेदभाव से जुड़ी याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट में बुधवार को सुनवाई हुई। कोर्ट ने एडवोकेट इंदिरा जयसिंह की दलीलों के जवाब में कहा कि सामाजिक सुधार के नाम पर धर्म को खोखला नहीं किया जा सकता। आस्था और विवेक के मामलों पर कोर्ट में बहस नहीं हो सकती।

एडवोकेट जयसिंह ने सुनवाई के 10वें दिन कहा कि सबरीमाला मंदिर में एंट्री का फैसला अब भी लागू है। इस पर स्टे नहीं है लेकिन मंदिर में प्रवेश नहीं मिल रहा है।

### क्या उत्तर भारत का कोई व्यक्ति एंट्री की कोशिश कर रहा है?



जस्टिस नागरत्ना ने कहा कि हमें यह देखना होगा कि प्रवेश की मांग कौन कर रहा है? उत्तर भारत का कोई व्यक्ति दक्षिण के मंदिर में प्रवेश का दावा कैसे कर सकता है। क्या वे वाकई श्रद्धालु हैं? हमें यह भी देखना होगा।

### रिव्यू पिटिशन पर सुनवाई कर रहा कोर्ट

जयसिंह ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट इसकी रिव्यू पिटिशन पर सुनवाई कर रहा है। कोर्ट कभी यह तय नहीं करता कि धर्म में क्या जरूरी है या और क्या नहीं। इसका फैसला तो धर्म ही करता है। जस्टिस बीवी नागरत्ना ने कहा कि हम इस भूमि के सभ्यता के विकास और धार्मिक इतिहास को नजरअंदाज नहीं कर सकते। इसी बैकग्राउंड से संविधान के आर्टिकल 25 और 26 आए हैं। इस पर जयसिंह ने कहा कि इस पर डिबेट हो सकती है। यह क्लीन स्लेट है।

### सबरीमाला मामले पर 7 अप्रैल से सुनवाई हुई

*सबरीमाला मंदिर मामले पर 7 अप्रैल से सुनवाई शुरू हुई थी। इस दौरान केंद्र सरकार ने महिलाओं की एंट्री के विरोध में दलीलें रखीं। सरकार ने कहा था कि देश के कई देवी मंदिरों में पुरुषों की एंट्री भी बैन है, इसलिए धार्मिक परंपराओं का सम्मान किया जाना चाहिए।*



## चिंतन

# रिकॉर्ड मतदान, अब नेताओं पर परफॉर्मेंस का दबाव

पश्चिम बंगाल समेत देश के पांच राज्यों में हुए हालिया चुनावों ने एक बार फिर यह साबित कर दिया है कि भारतीय लोकतंत्र केवल एक व्यवस्था नहीं, बल्कि एक जीवंत चेतना है। पश्चिम बंगाल में दूसरे चरण में रिकॉर्ड स्तर तक पहुंचा मतदान प्रतिशत इस बात का स्पष्ट संकेत है कि जनता अब राजनीति को दूर से देखने वाली भीड़ नहीं, बल्कि फैसले लेने वाली ताकत बन चुकी है। बता दें कि बंगाल के दूसरे चरण में 90 फीसदी मतदान हुआ है। वहीं, पहले चरण में 93 फीसदी से अधिक मतदान हुआ था। जब किसी चुनाव में 90 प्रतिशत के आसपास मतदान दर्ज होता है, तो यह सिर्फ एक आंकड़ा नहीं रहता, बल्कि यह जनादेश की गंभीरता और जनता की मंशा का स्पष्ट संदेश बन जाता है। अब इससे नेताओं पर भी परफॉर्मेंस का दबाव बनेगा कि वे किसी एक समुदाय या विशेष क्षेत्र के लिए नहीं, अपितु सभी के लिए योजना और नीतियां तैयार करें। चूंकि प्रदेश की लगभग पूरी आबादी ने मतदान में भाग लिया है। पश्चिम बंगाल में दोनों चरणों में 90 फीसदी से अधिक मतदान अपने आप में ऐतिहासिक है। यह न केवल राज्य का, बल्कि पूरे देश का एक नया रिकॉर्ड बन गया है। इससे पहले यह रिकॉर्ड अब तक त्रिपुरा में 91.82% (2013) में दर्ज हुआ था। यह परिघटना बताती है कि मतदाता अब उदासीन नहीं है। वह अपने अधिकार को लेकर सजग है और सत्ता को यह बताने के लिए तैयार है कि उसकी अपेक्षाएं क्या हैं, लेकिन उच्च मतदान प्रतिशत को केवल लोकतंत्र का उत्सव मान लेना एक अधूरा विश्लेषण होगा। बंगाल की राजनीतिक पृष्ठभूमि हमेशा से संघर्ष, ध्रुवीकरण और आरोप-प्रत्यारोप से भरी रही है। इस बार भी हालात अलग नहीं दिखे। एक ओर ममता बनर्जी ने केंद्रीय बलों पर गंभीर आरोप लगाए। यहां तक कहा कि वे एक विशेष पार्टी के हित में काम कर रहे हैं। वहीं, दूसरी ओर भाजपा ने ईवीएम में छेड़छाड़ जैसे आरोपों के जरिए चुनाव प्रक्रिया की निष्पक्षता पर सवाल उठाए। यह स्थिति बताती है कि चुनाव केवल मतदाताओं का उत्सव नहीं, बल्कि राजनीतिक अविश्वास की परीक्षा भी है। ऐसे माहौल में चुनाव आयोग की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाती है। आयोग के लिए यह चुनाव किसी अग्निपरीक्षा से कम नहीं है। अभूतपूर्व सुरक्षा इंतजामों के दावे तभी सार्थक माने जाएंगे, जब मतदान न केवल शांतिपूर्ण, बल्कि पूरी तरह निष्पक्ष भी साबित हो। हालांकि, इस पूरे परिदृश्य में सबसे महत्वपूर्ण संदेश जो उभरकर सामने आता है, वह है जनता का बदला हुआ रुख। अब मतदाता केवल जाति, धर्म या क्षेत्रीय समीकरणों के आधार पर वोट देने तक सीमित नहीं रह गया है। रिकॉर्ड मतदान इस बात का संकेत है कि जनता अब अपने प्रतिनिधियों से जवाबदेही चाहती है। अब चार मई को आने वाले नतीजे यह तय करेंगे कि पश्चिम बंगाल, असम, तमिलनाडु, केरलम और पुडुचेरी में सत्ता किसके हाथ जाएगी। असली फैसला तो जनता पहले ही कर चुकी है। वह यह कि अब उसे सिर्फ वादे नहीं, प्रदर्शन चाहिए। अब सरकारें घोषणाओं से नहीं, काम से आंकी जाएंगी। कुल मिलाकर रिकॉर्ड मतदान भारतीय लोकतंत्र की ताकत का प्रमाण है, लेकिन यह नेताओं के लिए एक चेतावनी भी है। यह स्पष्ट संकेत है कि जनता जाग चुकी है और अब वह हर पांच साल में सिर्फ वोट डालकर नहीं, बल्कि अपने फैसले के परिणाम भी देखना चाहती है। इसलिए आने वाली सरकारों के सामने सबसे बड़ी चुनौती सत्ता हासिल करना नहीं, बल्कि उस भरोसे को बनाए रखना होगा, जो जनता ने रिकॉर्ड मतदान के जरिए उन पर जताया है।

# रघुवंशी हत्याकांड और न्याय की चुनौतियां



मुद्दा
महेन्द्र तिवारी

> राजा रघुवंशी का प्रकरण आधुनिक समय की उन सबसे हृदयविदारक घटनाओं में से एक है, जिसने भारतीय समाज की अंतरात्मा को झकझोर कर रख दिया है। यह मात्र एक आपराधिक घटना नहीं है, बल्कि यह मानवीय संवेदनाओं, अटूट विश्वास और विश्वासघात की पराकाष्ठा का एक ऐसा दस्तावेज है, जो हमारी न्याय प्रणाली की सूक्ष्मताओं को भी कटघरे में खड़ा करता है। वर्ष यह दु:खद कथा जनमानस के बीच गहन विमर्श का केंद्र बनी हुई है, विशेषकर उस समय जब इस संपूर्ण प्रकरण की मुख्य अभियुक्त को न्यायालय से सशर्त मुक्ति प्राप्त हुई है। इस घटना ने यह सिद्ध कर दिया है कि कभी-कभी वास्तविकता किसी भी काल्पनिक कथा से अधिक भयावह और विचलित करने वाली हो सकती है।

राजा रघुवंशी का प्रकरण आधुनिक समय की उन सबसे हृदयविदारक घटनाओं में से एक है जिसने भारतीय समाज की अंतरात्मा को झकझोर कर रख दिया है। यह मात्र एक आपराधिक घटना नहीं है, बल्कि यह मानवीय संवेदनाओं, अटूट विश्वास और विश्वासघात की पराकाष्ठा का एक ऐसा दस्तावेज है, जो हमारी न्याय प्रणाली की सूक्ष्मताओं को भी कटघरे में खड़ा करता है। वर्ष 2025 में आरंभ हुई यह दुःखद कथा 2026 में भी जनमानस के बीच गहन विमर्श का केंद्र बनी हुई है, विशेषकर उस समय जब इस संपूर्ण प्रकरण की मुख्य अभियुक्त को न्यायालय से सशर्त मुक्ति प्राप्त हुई है। इस घटना ने यह सिद्ध कर दिया है कि कभी-कभी वास्तविकता किसी भी काल्पनिक कथा से अधिक भयावह और विचलित करने वाली हो सकती है।

इस संपूर्ण घटनाक्रम की जड़ें इंदौर के एक सामान्य परिवार से जुड़ी हैं। इंदौर के निवासी राजा रघुवंशी का विवाह 11 मई 2025 को सोनम के साथ अत्यंत हर्षोल्लास के वातावरण में संपन्न हुआ था। परिवार के सदस्यों और मित्रों के अनुसार यह एक अत्यंत सुखी और सामान्य विवाह प्रतीत होता था, जिसमें किसी भी प्रकार के तनाव या विवाद की कोई सुगबुगाहट नहीं थी। विवाह के पश्चात के रीति-रिवाजों को पूर्ण करने के बाद, अपनी नई जीवन यात्रा को स्मरणीय बनाने के उद्देश्य से यह दंपति मेघालय की प्राकृतिक छटाओं का आनंद लेने के लिए प्रस्थान कर गया। उस समय किसी ने कल्पना भी नहीं की होगी कि खुशियों की यह खोज एक भयानक त्रासदी में परिवर्तित होने वाली है। मेघालय की वादियों में भ्रमण के दौरान 23 मई 2025 वह अंतिम तिथि थी, जब राजा और सोनम को अंतिम बार एक साथ देखा गया था। इसके पश्चात अचानक उनका अपने परिवार से संपर्क विच्छेद हो गया। अंततः स्थानीय प्रशासन और पुलिस को इस संदर्भ में सूचित किया गया। कई दिनों की निरंतर खोज और कठिन भौगोलिक परिस्थितियों का सामना करने के पश्चात 2 जून 2025 को राजा का निष्प्राण शरीर एक अत्यंत गहरी खाई से बरामद किया गया। इस समाचार ने न केवल रघुवंशी परिवार को अपूर्णीय क्षति पहुंचाई बल्कि संपूर्ण देश में सनसनी फैला दी। प्रारंभिक स्तर पर यह मामला एक रहस्यमय दुर्घटना प्रतीत हो रहा था क्योंकि राजा की पत्नी सोनम उस स्थान से लापता थी। पुलिस ने अपनी जांच की दिशा बदली और विभिन्न राज्यों में तलाशी अभियान चलाया। अंततः 8 जून 2025 को पुलिस को एक बड़ी सफलता मिली, जब सोनम को उत्तर प्रदेश के गाजीपुर जिले से बंदी बना लिया गया। जैसे-जैसे जांच आगे बढ़ी, वैसे-वैसे इस घटना के पीछे छिपे काले सत्यों की परतें खुलने लगीं। जांच अधिकारियों ने उद्भेदन किया कि राजा की मृत्यु कोई संयोग या दुर्घटना नहीं थी, अपितु यह एक अत्यंत सुव्यवस्थित और क्रूर षड्यंत्र का परिणाम थी। पुलिस के अनुसार, सोनम ने अपने कथित प्रेमी राज कुशवाहा और 3 अन्य सहयोगियों के साथ मिलकर इस जघन्य अपराध की रूपरेखा तैयार की थी। जांच में यह तथ्य प्रकाश में आया कि हत्या की इस वारदात को मेघालय के सोहरा क्षेत्र के अत्यंत दुर्गम और एकांत स्थान पर अंजाम दिया गया था। वहां अपराधी पूर्व से ही घात लगाकर बैठे थे। आरोप है कि सोनम सुनियोजित तरीके से राजा को उस एकांत स्थान पर ले गई, जहां पूर्व निर्धारित योजना के



अनुसार हमलावरों ने उस पर प्रहार किया और साक्ष्य मिटाने के उद्देश्य से उसके शरीर को खाई में फेंक दिया। यह विवरण किसी भी संवेदनशील व्यक्ति को विचलित करने के लिए पर्याप्त था, क्योंकि यह उस पवित्र बंधन के विरुद्ध था, जिसमें दो व्यक्ति एक-दूसरे की सुरक्षा का वचन लेते हैं। आरक्षी विभाग ने इस मामले में न्यायालय के समक्ष लगभग 790 पृष्ठों का एक विशाल आरोप पत्र प्रस्तुत किया। अभियुक्तों की ओर से कई बार जमानत के लिए आवेदन किया गया, परंतु अपराध की प्रकृति और साक्ष्यों की प्रबलता को देखते हुए आरंभिक 3 प्रयासों में सोनम को कोई राहत नहीं मिली। वह लगभग 10 महीनों तक न्यायिक अभिरक्षा में जेल की सलाखों के पीछे रही। वर्ष 2026 के अप्रैल माह में इस प्रकरण ने एक अप्रत्याशित मोड़ लिया। शिलांग की एक अदालत ने सोनम की जमानत याचिका पर विचार करते हुए उसे मुक्त करने का आदेश दिया। न्यायालय ने अपने निर्णय में जांच प्रक्रिया में व्याप्त कुछ गंभीर विसंगतियों और तकनीकी त्रुटियों को आधार बनाया। न्यायालय का यह प्रेक्षण था कि गिरफ्तारी के समय अभियुक्त को उसके अधिकारों और आरोपों की जानकारी उस प्रकार नहीं दी गई, जैसा कि विधि द्वारा स्थापित प्रक्रिया में अनिवार्य है। इसके अतिरिक्त, दस्तावेजों के रख-रखाव में भी कुछ प्रक्रियात्मक कमियां पाई गईं। न्यायालय ने इस बात पर भी बल दिया कि बिना किसी अंतिम निर्णय के किसी व्यक्ति को अनिश्चितकाल तक कारावास में रखना मानवाधिकारों के दृष्टिकोण से उचित नहीं है, विशेषकर तब, जब मुकदमे की कार्यवाही की गति धीमी हो। यद्यपि न्यायालय ने यह स्पष्ट किया कि जमानत प्रदान करने का अर्थ अभियुक्त को निर्दोष घोषित करना नहीं है, फिर भी इस निर्णय ने एक नई बहस को जन्म दे दिया। राजा रघुवंशी के वृद्ध माता-पिता और परिजनों के लिए यह आदेश किसी वज्रपात से कम नहीं था। उनका तर्क है कि जिस महिला पर उनके पुत्र की हत्या का इतना गंभीर आरोप है और जिसके विरुद्ध पुलिस ने 790 पृष्ठों के साक्ष्य जुटाए हैं, उसे केवल तकनीकी त्रुटियों के आधार पर राहत मिलना न्याय की अवधारणा के विपरीत है। यह प्रकरण समाज के सम्मुख कई गंभीर प्रश्न प्रस्तुत करता है। यह व्यक्तिगत संबंधों में बढ़ती असुरक्षा और स्वार्थपरता को उजागर करता है। यह घटना दर्शाती है कि किस प्रकार आधुनिक जीवनशैली और अनैतिक आकांक्षाएं व्यक्ति को इतने बड़े अपराध की ओर धकेल सकती हैं। साथ ही, यह मामला हमारी जांच एजेंसियों की कार्यप्रणाली पर भी उंगली उठाता है। यदि पुलिस ने जांच और गिरफ्तारी के समय स्थापित नियमों का पूर्णतः पालन किया होता, तो शायद आज अभियुक्त को तकनीकी आधार पर जमानत न मिलती। यह प्रकरण यह भी सिखाता है कि न्याय केवल भावना से नहीं बल्कि ठोस तथ्यों और सही कानूनी प्रक्रिया से प्राप्त होता है। सामाजिक स्तर पर यह घटना एक चेतावनी की भांति है जो यह बताती है कि विवाह जैसे निर्णय अत्यंत सोच-विचार कर लिए जाने चाहिए और समाज में बढ़ते अपराधों के प्रति सतर्कता अनिवार्य है।

यद्यपि मुख्य अभियुक्त कारागार से बाहर है, किंतु कानूनी संघर्ष अभी समाप्त नहीं हुआ है। न्यायालय में गवाही और साक्ष्यों का परीक्षण निरंतर जारी रहेगा। समाज की दृष्टि अब उच्च न्यायालय और ट्रायल कोर्ट के अंतिम निर्णय पर टिकी है। राजा रघुवंशी के परिवार को अभी भी विश्वास है कि अंततः सत्य की विजय होगी और उनके पुत्र के हत्यारों को उनके कृत्य का दंड अवश्य मिलेगा। यह कहानी एक दुखद सत्य के साथ समाप्त नहीं होती, बल्कि यह न्याय की उस लंबी और कठिन डगर का प्रतीक बन गई है, जिस पर आज भी भारत का एक साधारण परिवार न्याय की आस में चल रहा है।

( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## बलिदान दिवस

आचार्य दीपचन्द भारद्वाज



# अफ़गानों का काल बने सरदार हरि सिंह नलवा

भारतवर्ष की धरा का इतिहास पराक्रमी वीर योद्धाओं के त्याग, वीरता और बलिदान की गाथाओं से परिपूर्ण है। हमारे यहां ऐसे रणबांकुरे हुए हैं जिनका नाम सुनने मात्र से ही शत्रु कांप जाते थे। सरदार हरि सिंह नलवा भारतीय इतिहास के उन अद्वितीय योद्धाओं में गिने जाते हैं, जिनकी वीरता और पराक्रम के किस्से आज भी हमारे हृदय में प्रेरणा का संचार करते हैं। सन् 1791 को पंजाब के गुजरांवाला में जन्मे हरि सिंह नलवा बाल्यकाल से ही साहसी, निर्भीक और प्रतिभाशाली थे। इनके पिता गुरदयाल सिंह उप्पल का निधन तब हो गया था, जब वह मात्र 7 वर्ष के थे।

विकट परिस्थितियों के बावजूद उन्होंने अपने साहस, युद्ध कौशल के बल पर अपनी पहचान अर्जित की। बचपन से ही युद्ध कला में प्रवीण थे। बसंत पंचमी के अवसर पर एक बार 1805 में महाराजा रणजीत सिंह ने एक प्रतियोगिता का आयोजन करवाया। हरि सिंह नलवा भी उस प्रतियोगिता में अपना कौशल दिखाने पहुंचे। हरि सिंह ने उस प्रतियोगिता में भाला, तीरंदाजी, घुड़सवारी में अद्भुत प्रदर्शन किया जिससे प्रभावित होकर महाराज रणजीत सिंह ने उन्हें अपनी सेना में शामिल कर लिया। धीरे-धीरे महाराणा रणजीत सिंह के वे विश्वास पात्र बन गए तथा एक कुशल योद्धा और उत्कृष्ट रणनीतिकार के रूप में स्थापित हुए। एक बार महाराजा रणजीत सिंह जंगल में अपने सैनिकों के साथ शिकार करने गए और उनके साथ हरि सिंह नलवा भी थे। तभी अचानक एक बाघ ने महाराजा पर हमला कर दिया। सभी सैनिक डर गए, तभी हरि सिंह आगे निकल कर आए और शेर से भिड़ गए तथा उसके जबड़े को अपने दोनों हाथों से चीर दिया। हरि सिंह से प्रभावित होकर रणजीत सिंह ने कहा कि तुम तो राजा नल जैसे वीर बहादुर हो। इसी घटना के बाद उन्हें 'नलवा' की उपाधि मिली, जिसका अर्थ है बाघ जैसा वीर । वे ऐसे धुरंधर योद्धा थे जिसकी तुलना अंग्रेज नेपोलियन से करते थे।



हरि सिंह केवल नाम के ही सिंह नहीं थे, बल्कि उनके पराक्रम और शौर्य ने पूरे अफगानिस्तान को हिला कर रख दिया था। यह उस कालखंड की बात है जब अफगानिस्तान के लड़ाकों से भारत डरा करता था। सबसे पहले महाराजा रणजीत सिंह ने इनको 800 घुड़सवारों की सेना का सेनानायक बनाया। हरि सिंह ने बीस से अधिक युद्धों में महाराजा रणजीत सिंह की सेना का कुशल नेतृत्व किया। 1807 से 1837 तक हरि सिंह ने अफगानों के खिलाफ कई महत्वपूर्ण युद्ध लड़े और विजय प्राप्त करके सिख साम्राज्य को सुदृढ़ता प्रदान की। नलवा ने अफगानिस्तान पर चढ़ाई करके उनकी राजधानी काबुल तक छीन ली थी। अपनी कूटनीति और पराक्रम के बल पर खैबर दर्रे तक अफ़गानों को पीछे धकेल दिया था। यही खैबर दर्रा सदियों से विदेशी अफगान आक्रमणकारियों का प्रमुख मार्ग रहा था। इस प्रकार हरि सिंह ने भारत की सीमाओं को सुरक्षित करने का सराहनीय कार्य किया। महाराजा रणजीत सिंह ने हरी सिंह नलवा को कश्मीर और पेशावर का गवर्नर नियुक्त किया, जो उनकी प्रशासनिक क्षमता का प्रमाण है। सिख साम्राज्य के विस्तार और उसको सुरक्षित बनाने में हरि सिंह नलवा का योगदान सदैव स्मरणीय रहेगा। वे ऐसे अजेय योद्धा थे, जिनके पराक्रम का आतंक शत्रुओं के मानस पटल पर भी छाया हुआ था। हरि सिंह ने ही जमरूद के महत्वपूर्ण किले का निर्माण करवाया था। उनके बारे में यह भी कहा जाता है कि - 'अफगान माताएं अपने बच्चों के रोने पर उन्हें चुप कराने के लिए कहा करती थी कि चुप हो जा, वरना नलवा आ जाएगा'। यह केवल लोककथा नहीं, बल्कि उनके अद्भुत युद्ध कौशल, साहस और निडरता का जीवंत प्रमाण है। उनकी वीरता और युद्ध कौशल की चर्चाएं चारों तरफ फैली हुई थी। युद्ध के मैदान में इस वीर योद्धा नलवा को देखते ही शत्रु मैदान छोड़ जाया करते थे। 1837 में जमरूद के युद्ध के दौरान उनकी वीरता अपने चरम पर थी। तभी अफगान सेना ने जमरूद के किले पर अचानक आक्रमण कर दिया। सीमित संसाधनों और कम सैनिकों के साथ भी हरि सिंह ने अफगान सेना का डटकर सामना किया।

शारीरिक रूप से अस्वस्थ होते हुए भी हरि सिंह ने निर्भीकता से इस युद्ध को लड़ा। अंततः यह वीर योद्धा जमरूद के इस युद्ध में 30 अप्रैल 1837 को वीरगति को प्राप्त हुआ। सरदार हरि सिंह नलवा की तुलना भारत के श्रेष्ठ सेना नायकों में की जाती है। भारत के प्रति हरि सिंह नलवा की प्रतिबद्धता, त्याग, बलिदान और कर्तव्य निष्ठा इतिहास में सदैव अमर रहेगी।

( लेखक आध्यात्मिक चिंतक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# हम जो भी करेंगे वह कर्म है



संकलित
**दर्शन**

'इगोसेंट्रिक' कर्म को वे कर्म कहते हैं। ऐसे कर्म को, जिसमें कर्ता मौजूद है। जिसमें कर्ता यह विचार करके ही कर रहा है कि करने वाला मैं हूं। जब तक मैं करने वाला हूं, तब तक हम जो भी करेंगे, वह कर्म है। अगर मैं संन्यास ले रहा हूं, तो संन्यास एक कर्म हो गया। अगर मैं त्याग कर रहा हूं, तो त्याग एक कर्म हो गया। अकर्म का मतलब ठीक उलटा है। अकर्म का मतलब है ऐसा कर्म, जिसमें कर्ता नहीं है। जिसमें मैं कर रहा हूं, ऐसा कोई बिंदु नहीं है। ऐसा कोई केंद्र नहीं है, जहां से यह भाव उठता है कि मैं कर रहा हूं। अगर मैं कर रहा हूं, यह खो जाए, तो सभी कर्म अकर्म है। कर्ता खो जाए तो सभी कर्म अकर्म है। इसलिए कृष्ण का कोई कर्म, कर्म नहीं है, सभी अकर्म हैं। कर्म और अकर्म के बीच में विकर्म की जगह है। विकर्म का अर्थ है, विशेष कर्म। विशेष कर्म किसे कहते हैं कृष्ण? जहां न कर्ता है, और न कर्म। फिर भी चीजें तो होंगी। फिर भी चीजें तो होंगी ही। आदमी श्वास तो लेगा ही। न कर्म है, न कर्ता है। श्वास तो लेगा ही। श्वास कर्म तो है ही। खून तो गति करेगा ही शरीर में। भोजन तो पचेगा ही। ये कहां पड़ेंगे? ये विकर्म हैं। ये मध्य में हैं। यहां न कर्ता है, न कर्म है। साधारण मनुष्य कर्म में है, संन्यासी अकर्म में है, परमात्मा विकर्म में है। वहां न कोई कर्ता है, न कोई कर्म है। वहां चीजें ऐसी ही हो रही हैं, जैसे श्वास चलती है। वहां चीजें बस हो रही हैं। यह कर्म योग का तत्व है । जो विकर्म को समझ लेगा, वह अकर्म में उतर जाएगा। कर्म हमारी स्थिति है, जैसे हम जी रहे हैं।

# धैर्य से काम लेने में ही समझदारी



संकलित
**प्रेरणा**

एक बार महात्मा बुद्ध अपने कुछ शिष्यों के साथ एक गांव में भ्रमण कर रहे थे। उन दिनों कोई वाहन नहीं हुआ करते थे सो लोग पैदल ही मीलों की यात्रा करते थे। ऐसे ही गांव में घूमते हुए काफ़ी देर हो गयी थी। बुद्ध जी को काफ़ी प्यास लगी थी। उन्होंने अपने एक शिष्य को गांव से पानी लाने की आज्ञा दी। जब वह शिष्य गांव में अंदर गया तो उसने देखा वहां एक नदी थी जहां बहुत सारे लोग कपड़े धो रहे थे कुछ लोग नहा रहे थे तो नदी का पानी काफ़ी गंदा सा दिख रहा था। शिष्य को लगा कि गुरु जी के लिए ऐसा गंदा पानी ले जाना ठीक नहीं होगा, ये सोचकर वह वापस आ गया। महात्मा बुद्ध को बहुत प्यास लगी थी इसीलिए उन्होंने फिर से दूसरे शिष्य को पानी लाने भेजा। कुछ देर बाद वह शिष्य लौटा और पानी ले आया। महात्मा बुद्ध ने शिष्य से पूछा कि नदी का पानी तो गंदा था फिर तुम साफ पानी कैसे ले आए। शिष्य बोला की प्रभु वहां नदी का पानी वास्तव में गंदा था लेकिन लोगों के जाने के बाद मैंने कुछ देर इंतजार किया। और कुछ देर बाद मिट्टी नीचे बैठ गयी और साफ पानी उपर आ गया। बुद्ध यह सुनकर बड़े प्रसन्न हुए और बाकी शिष्यों को भी सीख दी कि हमारा ये जो जीवन है यह पानी की तरह है। जब तक हमारे कर्म अच्छे हैं तब तक सब कुछ शुद्ध है, लेकिन जीवन में कई बार दुख और समस्या भी आते हैं जिससे जीवन रूपी पानी गंदा लगने लगता है। कुछ लोग पहले वाले शिष्य की तरह बुराई को देख कर घबरा जाते हैं और मुसीबत देखकर वापस लौट जाते हैं, वह जीवन में कभी आगे नहीं बढ़ पाते।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### तरसना न पड़ जाए जल की एक-एक बूंद के लिए

हाल ही में केंद्रीय जल आयोग ने हमें एक बहुत बड़ी चिंता में डालने वाला आंकड़ा देश के विभिन्न राज्यों के जलाशयों में घटते पानी को लेकर पेश किया है। इस आयोग की रिपोर्ट के अनुसार देश के लगभग 166 मुख्य जलाशयों में मात्र 41 प्रतिशत के आसपास पानी बचा है। पश्चिमी भारत, हिमाचल और उत्तराखंड में स्थिति बेहद खराब बताई गई है, यहां तो जलाशयों का जल स्तर 90 प्रतिशत के नीचे बताया गया है। केंद्रीय जल आयोग के इन चिंताजनक आंकड़ों पर आज से नहीं, बल्कि अभी से गंभीरता नहीं दिखाई गई तो देश के बहुत से राज्यों में जल संकट इस कद्र गहरा सकता है कि वहां पानी की एक-एक बूंद को तरसना पड़ सकता है। जल को अगर इसी तरह प्रदूषित व बर्बाद किया जाता रहा, तो संकट पैदा होगा। *- बबिता, करनाल*

## करंट अफेयर

### श्रीलंका के चेम्मानी में फिर शुरू होगी सामूहिक कब्रों की खुदाई



श्रीलंका की एक अदालत ने जाफना के बाहरी इलाके चेम्मानी में स्थित एक सामूहिक कब्र की खुदाई का काम फिर से शुरू करने का आदेश दिया है, जो पहली बार 1990 के दशक में लिट्टे संघर्ष के दौरान चर्चा में आयी थी और इसकी खुदाई का काम सात महीने पहले रोक दिया गया था। न्याय मंत्रालय द्वारा धनराशि फिर से आवंटित करने में देरी के कारण उत्तरी प्रांत के चेम्मानी में खुदाई का काम पिछले साल सितंबर में रुक गया था। जाफना मजिस्ट्रेट कोर्ट को मंगलवार को बताया गया कि 21 लाख श्रीलंकाई रुपये (एलकेआर) का आवंटन उपलब्ध करा दिया गया है ताकि काम फिर से शुरू किया जा सके। अदालत ने यूरोपीय संघ, फ्रांस, जर्मनी, इटली और रोमानिया के राजनयिक प्रतिनिधियों को खुदाई स्थल पर निरीक्षण के लिए उपस्थित रहने की अनुमति दी। खुदाई कार्य के 45 दिनों के बाद जब दूसरे चरण का काम रोक दिया गया तब तक 240 कंकाल अवशेष निकाले जा चुके थे। खुदाई में कंकालों के अलावा, 14 हड्डियों का ढेर और शिशुओं के लिए दूध की बोतलें, एक गुड़िया, खिलौने और बच्चों के थैले तथा जूते जैसी वस्तुएं भी मिलीं।

## ऑफ बीट

### रोबोट दौड़ने और टेबल टेनिस खेलने में सक्षम



एक 'ह्यूमनॉइड' रोबोट ने हाल ही में हाफ मैराथन दौड़कर और मानव विश्व रिकॉर्ड को पीछे छोड़कर दुनिया भर में सुर्खियां बटोरीं। लगभग उसी समय, एआई-संचालित एक रोबोट ने टेबल टेनिस में एक शीर्ष खिलाड़ी को भी हरा दिया। रोबोट को खेल सिखाने की प्रक्रिया मानव खिलाड़ियों से पूरी तरह अलग होती है। रोबोट को 'सिमुलेशन', 'डेटा' और नियंत्रण 'एल्गोरिदम' के जरिए प्रशिक्षित किया जाता है। इंजीनियर वर्चुअल वातावरण तैयार करते हैं, जहां रोबोट लाखों बार अभ्यास कर सकते हैं। वे वस्तुओं को ट्रैक करना, गति का अनुमान लगाना और शरीर का समन्वय करना सीखते हैं। तेज गति वाले खेल जैसे टेबल टेनिस में यह चुनौती और कठिन हो जाती है, जहां रोबोट को गेंद की दिशा का अनुमान लगाकर कुछ ही क्षणों में सटीक प्रतिक्रिया देनी होती है। इसके लिए कंप्यूटर विजन, मशीन लर्निंग और रीयल-टाइम कंट्रोल का घनिष्ठ समन्वय जरूरी है। हाल के वर्षों में सिम-टू-रियल तकनीक ने इस क्षेत्र में प्रगति को काफी तेज किया है जिसमें 'सिमुलेशन' में सीखी गई क्षमताओं को वास्तविकता में लागू किया जाता है। रोबोट बास्केटबॉल और फुटबॉल जैसे खेलों में भी अब केवल गेंद को पहचानने तक सीमित नहीं हैं।

## ट्रेंड

### सब कुछ महंगा होगा




चुनाव की राहत खत्म, महंगाई की मार अब शुरू होने वाली है! सावधान हो जाइए - पेट्रोल, डीजल, सब कुछ महंगा हो जाएगा। जब तेल सस्ता था, मोदी सरकार ने मुनाफा कमाया। अब जब यह महंगा हो गया है, तो इसका बोझ आप पर पड़ेगा।
**-राहुल गांधी**, सांसद, कांग्रेस

### विशेषाधिकार की प्रवृत्ति




जब महिलाओं के लिए 33% आरक्षण सुनिश्चित करने का समय आया, तो महिला-विरोधी विपक्ष ने गरिमा और न्याय की बजाय विलंब और व्यवधान को चुना। यह संकोच नहीं है। यह विशेषाधिकार को बनाए रखने की प्रवृत्ति है।
**-रेखा गुप्ता**, सीएम, नई दिल्ली

### दोहरी विकास प्रणाली



हमारी दोहरी विकास प्रणाली वाली सरकार महिलाओं की उन्नति के लिए निरंतर प्रयासरत है। हम न केवल आर्थिक स्वतंत्रता के माध्यम से महिलाओं को सशक्त बना रहे हैं, बल्कि शिक्षा और रोजगार अवसरों में आने वाली बाधाओं को भी दूर कर रहे हैं।
**-मोहन चरण माझी**, सीएम, ओडिशा

### 10 गुना अधिक सीटें



गुजरात में हमारे सैकड़ों कार्यकर्ताओं के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई, उन्हें जेल भेजा गया, लेकिन फिर भी उन्होंने दृढ़ता से चुनाव लड़ा। आम आदमी पार्टी ने पिछली बार की तुलना में लगभग 10 गुना अधिक सीटें जीती हैं।
**-अरविंद केजरीवाल**, पूर्व सीएम, नई दिल्ली

**हमारा पता**
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 फोन: 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

## आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| पंजाब | 8 | 6 | 1 | 13 |
| बेंगलुरु | 8 | 6 | 2 | 12 |
| हैदराबाद | 9 | 6 | 3 | 12 |
| राजस्थान | 9 | 6 | 3 | 12 |
| गुजरात | 8 | 4 | 4 | 8 |
| चेन्नई | 8 | 3 | 5 | 6 |
| दिल्ली | 8 | 3 | 5 | 6 |
| कोलकाता | 8 | 2 | 5 | 5 |
| मुंबई | 8 | 2 | 6 | 4 |
| लखनऊ | 8 | 2 | 6 | 4 |

ऑरेंज कैप



अभिषेक शर्मा
425 रन
हैदराबाद

पर्पल कैप



ईशान मलिंगा
15 विकेट
हैदराबाद

# रियान पराग की 'वेपिंग' पर बवाल, बीसीसीआई ने करार दिया गैर-जिम्मेदाराना कृत्य

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

राजस्थान रॉयल्स के कप्तान रियान पराग मंगलवार को पंजाब किंग्स के खिलाफ मुल्लांपुर में खेले गए आईपीएल मैच के दौरान ड्रेसिंग रूम में 'वेपिंग' (ई-सिगरेट का इस्तेमाल करना) करते हुए टीवी कैमरों में कैद होने के बाद विवादों में घिर गए हैं। भारत सरकार ने 2019 में ई-सिगरेट पर प्रतिबंध लगा दिया था, जिसमें इसका उत्पादन, बिक्री और वितरण शामिल था। इस संबंध में कानून के अनुसार पहली बार अपराध करने पर दोषी को एक साल तक की कैद हो सकती है या/और उस पर एक लाख रुपए का जुर्माना लगाया सकता है। आईपीएल के मौजूदा सत्र में रन बनाने के लिए जूझ रहे पराग पंजाब किंग्स के खिलाफ मैच के सीधा प्रसारण के दौरान ड्रेसिंग रूम में ई-सिगरेट का सेवन करते हुए देखे गए। कैमरे में कैद हुई इस घटना पर सोशल मीडिया पर तुरंत ही प्रतिक्रिया होने लगी। इस प्रतियोगिता के संचालन से जुड़े आईपीएल और भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के अधिकारियों ने इसे सोशल मीडिया और टीवी कैमरों की निगरानी के युग में बेहद लापरवाही वाला कृत्य करार दिया।

### बीसीसीआई कर सकती है कार्रवाई

आईपीएल के एक विश्वसनीय सूत्र ने बताया, ' कई खिलाड़ी ई-सिगरेट का सेवन करते हैं, लेकिन वे ड्रेसिंग रूम में ऐसा नहीं करते। इतने सारे कैमरों के बीच ऐसा करना बेहद जोखिम और लापरवाही भरा है। पराग को खुलेआम ई-सिगरेट पीते हुए पकड़े जाने के बाद बीसीसीआई को कार्रवाई करने के लिए मजबूर होना पड़ सकता है।' राजस्थान रॉयल्स टीम का कोई भी अधिकारी इस मामले पर टिप्पणी के लिए उपलब्ध नहीं था।



**दूसरी बार विवाद में घिरा आरआर** आईपीएल के मौजूदा सत्र में यह पहला अवसर नहीं है जबकि राजस्थान किसी विवाद में पड़ा। इससे पहले इसी महीने की शुरुआत में टीम मैनेजर रोमी भिंडर पर डगआउट में फोन का इस्तेमाल करने कारण नियमों का उल्लंघन करने के लिए एक लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया था।

### कैमरे में वेपिंग करते पकड़े गए ये क्रिकेटर्स

साल 2020 में राजस्थान रॉयल्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के बीच आईपीएल मैच के दौरान एरॉन फिंच का वेप करते हुए का क्लिप वायरल हो गया था। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान को धुंआ छोड़ते और फिर से कश लेते हुए देखा गया था। हाल में इस साल की शुरुआत में एसए20 के एक मैच के दौरान कैमरों ने एबी डिविलियर्स को वीआईपी स्टैंड में वेप करते हुए कैद कर लिया। इस फुटेज ने काफी हलचल मचा दी। न्यूजीलैंड के पूर्व कप्तान ब्रेंडन मैक्कुलम ने बताया कि 2015 वर्ल्ड कप के सेमीफाइनल में साउथ अफ्रीका के खिलाफ मैच के दौरान उन्होंने टॉयलेट में सिगरेट पी थी, जबकि इंग्लैंड के ऑलराउंडर बेन स्टोक्स ने कहा कि 2019 वर्ल्ड कप के फाइनल के दौरान उन्होंने लॉर्ड्स के वॉशरूम में सिगरेट पी थी।

### उठाया गया था खिलाड़ियों की निजता का मुद्दा

आईपीएल के एक अन्य सूत्र ने बताया कि मौजूदा टूर्नामेंट से पहले मुंबई में कप्तानों की बैठक में ड्रेसिंग रूम में खिलाड़ियों की निजता का मुद्दा उठाया गया था। कुछ कप्तानों ने सीधा प्रसारण के दौरान ड्रेसिंग रूम की ओर कैमरे घुमाए जाने पर आपत्ति जताई थी। सूत्र ने कहा, 'यह ड्रेसिंग रूम में ई-सिगरेट के इस्तेमाल से सीधे तौर पर संबंधित नहीं था। यह मोटे तौर पर खिलाड़ियों की निजता से जुड़ा था। कई बार खिलाड़ी ड्रेसिंग रूम में पूरे कपड़े नहीं पहने होते हैं या वे कैमरों से बचना चाहते हैं।' सूत्र के अनुसार खिलाड़ियों को बताया गया कि ड्रेसिंग रूम से फुटेज दिखाने वाले कैमरों के बारे में फैसला लेना बीसीसीआई का नहीं बल्कि प्रसारक का काम है।

## खबर संक्षेप

### बांग्लादेश और न्यूजीलैंड के बीच दूसरा टी20 रद्द



**चटगांव।** बांग्लादेश और न्यूजीलैंड के बीच बुधवार को होने वाला दूसरा टी20 क्रिकेट मैच लगातार बारिश के कारण एक भी गेंद फेंके बिना रद्द करना पड़ा। काफी इंतजार करने के बावजूद बारिश के रुकने की कोई संभावना नजर नहीं आ रही थी, जिसके बाद मैच रद्द करने का फैसला किया गया। पहले मैच में 6 विकेट की जीत के बाद बांग्लादेश तीन मैच की श्रृंखला में 1-0 से आगे चल रहा है। श्रृंखला का अंतिम मैच मीरपुर में शनिवार से खेला जाएगा।

### श्रीलंका क्रिकेट में उठापटक अध्यक्ष सिल्वा का इस्तीफा

**कोलंबो।** श्रीलंका क्रिकेट में 29 अप्रैल को उस समय भारी उठापटक का माहौल देखने को मिला, जिसका अंदेशा पिछले काफी दिनों से लगाया जा रहा था। श्रीलंका क्रिकेट यानी एसएलसी के अध्यक्ष शम्मी सिल्वा ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। इस बात की जानकारी श्रीलंका क्रिकेट की तरफ से आधिकारिक तौर पर जारी कर दी गई है। श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके ने पिछले दिनों बोर्ड में बदलाव को लेकर जोर दिया था, जिसके बाद ये कदम उनके इसी बयान को लेकर माना जा रहा है। एसएलसी की तरफ से श्रीलंका क्रिकेट में हुए इस उठापटक को लेकर जो आधिकारिक बयान जारी किया गया है उसमें ये भी साफ कर दिया गया है कि सभी की इस्तीफे तुरंत प्रभाव से मान लिए गए हैं और एक अंतरिम बॉडी बोर्ड का चार्ज संभालेगी।



### नहीं रहे दिग्गज भारतीय गोल्फर विजय कुमार

**नई दिल्ली।** अपने जमाने के दिग्गज भारतीय गोल्फर विजय कुमार का उनके गृह नगर लखनऊ में दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। वह 57 वर्ष के थे। इंडियन ओपन 2002 के विजेता और चार बार के 'ऑर्डर ऑफ मेरिट' चैंपियन विजय भारतीय पेशेवर गोल्फ के सबसे सफल और सम्मानित खिलाड़ियों में से एक थे। विजय ने 1988 में पेशेवर गोल्फर के रूप में करियर शुरू किया। उन्होंने एक दशक से भी अधिक समय तक भारतीय घरेलू गोल्फ पर अपना दबदबा बनाए रखा और इस दौरान कई खिताब जीते। इंडियन ओपन 2002 में उनकी जीत विशेष रूप से उल्लेखनीय है।



## हेड-क्लासेन ने खेली तूफानी पारी, सनराजर्स ने लगाया जीत का 'पंजा'

# हैदराबाद ने मुंबई को 6 विकेट से हराया

**मुंबई (भाषा)।** ट्रेविड हेड और हेनरिक क्लासेन के तूफानी अर्धशतक से सनराइजर्स हैदराबाद ने इंडियन प्रीमियर लीग में बुधवार को यहां सलामी बल्लेबाज रेयान रिकेल्टन के शतक पर पानी फेरते हुए मुंबई इंडियन्स को छह विकेट से हराकर लगातार पांचवीं जीत दर्ज की। इस जीत से सनराइजर्स की टीम नौ मैच में 12 अंक के साथ तीसरे स्थान पर पहुंच गई है। मुंबई की टीम आठ मैच में चार अंक के साथ नौवें स्थान पर है। मुंबई के 244 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए सनराइजर्स ने हेड (76 रन, 30 गेंद, आठ छक्के, चार चौके) और अभिषेक शर्मा (45 रन, 24 गेंद, तीन छक्के, चार चौके) के बीच पहले विकेट की 8.4 ओवर में 129 रन की साझेदारी के बाद हेनरिक क्लासेन (नाबाद 65 रन, 30 गेंद, चार छक्के, सात चौके) के अर्धशतक से 18.4 ओवर में चार विकेट पर 249 रन बनाकर जीत दर्ज की। क्लासेन ने नितीश कुमार रेड्डी (21) के साथ चौथे विकेट के लिए 80 रन की साझेदारी भी की। सलील अरोड़ा ने अंत में 10 गेंद में दो चौकों और तीन छक्कों से नाबाद 30 रन बनाए। रिकेल्टन ने इससे पहले अपने करियर और मुंबई के इतिहास की सर्वश्रेष्ठ पारी के दौरान 55 गेंद में आठ छक्कों और 10 चौकों से नाबाद 123 रन बनाए जिससे मुंबई इंडियन्स ने पांच विकेट पर 243 रन का स्कोर खड़ा किया। रिकेल्टन ने विल जैक्स (46) के साथ पहले विकेट के लिए 93, नमन धीर (22) के साथ तीसरे विकेट के लिए 55 और कप्तान हार्दिक पंड्या (31) के साथ चौथे विकेट के लिए 56 रन की साझेदारी भी की। सनराइजर्स की ओर से प्रफुल्ल हिंगे सबसे सफल गेंदबाज रहे जिन्होंने 54 रन देकर दो विकेट चटकाए जबकि इशान मलिंगा ने 29, नितीश कुमार रेड्डी ने 31 और साकिब हसन ने 39 रन देकर एक-एक विकेट हासिल किया। लक्ष्य का पीछा करने उतरे सनराइजर्स को अभिषेक और हेड ने तेजतर्रार शुरुआत दिलाई। अभिषेक ने ट्रेंट बोल्ट और जसप्रीत बुमराह पर छक्के मारे। हेड हालांकि भाग्यशाली रहे जब बोल्ट की गेंद पर नमन उनका कैच लपकने में नाकाम रहे।

**हेनरिक क्लासेन बने मैन ऑफ द मैच**



### मुंबई- 243/5

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| विल जैक्स का इशान बो नितीश | 46 |
| रेयान रिकेल्टन नाबाद | 123 |
| सूर्यकुमार अभिषेक बो मलिंगा | 05 |
| नमन धीर का दुबे बो हिंगे | 22 |
| पंड्या का क्लासेन बो साकिब | 31 |
| तिलक वर्मा का क्लासेन बो हिंगे | 07 |
| रोबिन मिंज नाबाद | 01 |

अतिरिक्त: 08
कुल:20 ओवर में पांच विकेट पर: 243 रन
विकेट पतन: 1-93, 2-110, 3-165, 4-221, 5-232
**गेंदबाजी:** कमिंस 4-0-39-0, हिंगे 4-0-54-2, मलिंगा 4-0-29-1, दुबे 3-0-50-0 साकिब 3-0-39-1, नितीश 2-0-31-1

### हैदराबाद- 249/4

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| अभिषेक का बोल्ट बो गजनफर | 45 |
| ट्रेविस हेड का जैक्स बो पंड्या | 76 |
| इशान किशन बो गजनफर | 00 |
| हेनरिक क्लासेन नाबाद | 65 |
| रेड्डी का सूर्यकुमार बो बोल्ट | 21 |
| सलील अरोड़ा नाबाद | 30 |

अतिरिक्त:12
कुल:18.4 ओवर में चार विकेट पर: 249
विकेट पतन: 1-129, 2-129, 3-133, 4-213
गेंदबाजी: बोल्ट 4-0-41-1, बुमराह 4-0-54-0, जैक्स 1-0-19-0, गजनफर 4-0-51-2, अश्वनी 2-0-41-0, पंड्या 3.4-0-39-1

### आरसीबी के सामने टाइटंस की कड़ी परीक्षा

**अहमदाबाद।** निरंतरता हासिल करने के लिए बेताब गुजरात टाइटंस को गुरुवार को होने वाले आईपीएल में शानदार फॉर्म में चल रही रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की टीम की कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ेगा। अब जबकि टूर्नामेंट का आधा चरण पूरा हो चुका है तब गुजरात टाइटंस की टीम 8 मैचों में 4 जीत और 4 हार के साथ अंक तालिका में आगे बढ़ने के लिए संघर्ष कर रही है। दूसरी तरफ मौजूदा चैंपियन आरसीबी शानदार फॉर्म में है और उसने 8 मैचों में से 6 में जीत दर्ज की है। आरसीबी अभी अंक तालिका में दूसरे स्थान पर है। आरसीबी की तरफ से उसके तेज गेंदबाजों भुवनेश्वर कुमार और जोश हेजलवुड ने मिलकर कहर बरपाया है। जहां भुवनेश्वर ने अपनी शानदार स्विंग से पुराने दिनों की याद दिला दी है, वहीं हेजलवुड ने टेस्ट मैच के स्तर की गेंदों से बल्लेबाजों को परेशान किया है। वह बल्ले के बाहरी किनारे को लक्ष्य बनाकर गेंदबाजी कर रहे हैं। इसके अलावा बीच के ओवरों में क्रुणाल पंड्या का सामना करना भी बड़ी चुनौती है क्योंकि उनकी गेंदबाजी में काफी विविधता है।

**मैड्रिड ओपन**

## 15 जीत के बाद एरीना हारीं हैली ने किया उलटफेर

**मैड्रिड (एजेंसी)।** अमेरिका की हैली बैप्टिस्ट ने दुनिया की नंबर 1 खिलाड़ी एरिना सबालेंका को हराकर मैड्रिड ओपन के सेमीफाइनल में जगह बनाई। 24 साल की हैली ने एक सेट से पिछड़ने के बाद वापसी की और 6 मैच पॉइंट बचाकर 2 घंटे 30 मिनट तक चले मुकाबले में 2-6, 6-2, 7-6(6) से जीत हासिल की। यह जीत न सिर्फ उनके करियर की सबसे बड़ी जीत थी, बल्कि टूर पर सबालेंका की 15 मैचों की जीत का सिलसिला भी खत्म हो गया। बैप्टिस्ट, जिन्होंने इस हफ्ते से पहले कभी किसी टॉप 5 अपोनेंट को नहीं हराया था, ने अब मैड्रिड में टॉप-टियर प्लेयर्स पर लगातार दो जीत दर्ज की हैं। इससे पहले उन्होंने तीसरे राउंड में जैस्मीन पाओलिनी को बाहर किया था। बैप्टिस्ट का सेमीफाइनल में सामना नौवीं सीड मीरा एंड्रीवा से होगा। हैली बैप्टिस्ट ने मैच के बाद कहा, मैंने कुछ सप्ताह पहले उनके खिलाफ खेला था, और वह एक करीबी मैच था। मैं हर सेट में सिर्फ एक बार टूटी। इसलिए मुझे बेहतर अंदाजा हो गया था कि उसे कैसे खेलना है, और मुझे कैसे खेलना चाहिए, और मुझे क्या बदलाव करने थे। इसलिए मुझे लगता है कि मैं बस अपना गेम खेलने की कोशिश कर रही थी, वही चीजें कर रही थी जो मैं करती आ रही थी, लेकिन पिछली बार जब हम खेले थे, तब से मुझे कुछ बदलाव करने थे।



### विश्व टीम टेटे चैंपियनशिप फाइनल्स भारतीय महिलाओं ने यूक्रेन को हराया

**पुणे (भाषा)।** भारत की महिला टेबल टेनिस टीम ने एक अहम ग्रुप मुकाबले में शानदार प्रदर्शन करते हुए बुधवार को यहां यूक्रेन को 3-2 से हराकर आईटीटीएफ विश्व टीम चैंपियनशिप फाइनल्स के लिए क्वालीफाई करने की अपनी उम्मीदों को जीवंत रखा। इस जीत से टीम ग्रुप 6 में शीर्ष पर रहने के लिए मजबूत स्थिति में भी पहुंच गई है। दुनिया की 49वें नंबर की खिलाड़ी मनिका बत्रा ने अनुभवी टेट्याना बिलेंको पर 11-9, 7-11, 11-6, 11-5 से जीत हासिल की और भारत को शुरुआती बढ़त दिला दी। यूक्रेन ने दुनिया की 51वें नंबर की खिलाड़ी मार्गरीटा पेसोत्स्का ने पांच गेम के मुकाबले में यशस्विनी घोरपड़े को हराया। भारत ने दिया चिताले की बदौलत फिर से बढ़त बना ली जिन्होंने वेरोनिका माटियुनिना को 11-6, 11-8, 11-6 से हराकर भारत को 2-1 से आगे कर दिया। मार्गरीटा ने मनिका को 11-9, 5-11, 11-8, 11-6 से हराकर मुकाबले को निर्णायक पांचवें मैच तक पहुंचा दिया।

### चैंपियंस लीग में नया रिकॉर्ड सेमीफाइनल में गोलों की वर्षा

**पेरिस (एजेंसी)।** मौजूदा चैंपियन पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) ने शुरू में पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करके चैंपियंस लीग फुटबाल टूर्नामेंट के सेमीफाइनल के पहले चरण में बायर्न म्यूनिख पर 5-4 से रोमांचक जीत हासिल की। चैंपियंस लीग के किसी सेमीफाइनल मुकाबले में यह सर्वाधिक गोल का नया रिकॉर्ड है। सेमीफाइनल का दूसरा चरण अगले सप्ताह खेला जाएगा। बायर्न की तरफ से हैरी केन ने 17वें मिनट में पेनल्टी पर गोल करके अपनी टीम को शुरुआती बढ़त दिलाई, लेकिन पीएसजी ने दूसरे हाफ की शुरुआत में ही 5-2 की बढ़त बना ली, जिसमें तेजतर्रार विंगर ख्विचा क्वारात्सखेलिया (24वें और 56वें मिनट) और औस्मान डेम्बेले (45वें और 58वें मिनट) ने दो-दो गोल किए। पीएसजी के लिए जोआओ नेवेस ने भी 33वें मिनट में गोल किया था। बायर्न की तरफ से केन के अलावा माइकल ओलिस (41वें), डेयोत उपामाकानो (65वें) और लुई डियाज (68वें मिनट) ने गोल दागे।



## थॉमस कप : आयुष और प्रणय जीते लेकिन भारत फाइनल में चीन से हारा

भाषा ▶▶ होर्सेंस (डेनमार्क)

आयुष शेट्टी और एच एस प्रणय ने बुधवार को यहां जबरदस्त वापसी करते हुए जीत दर्ज की लेकिन भारत थॉमस कप फाइनल के अंतिम ग्रुप ए मुकाबले में चीन से 2-3 से हार गया। 2022 के चैंपियन भारत ने पहले ही क्वार्टरफाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली थी। लेकिन लक्ष्य सेन और सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की युगल जोड़ी के करीबी मुकाबले में हारने से भारत बैकफुट पर आ गया था जिससे चीन को 2-0 से बढ़त मिल गई थी। दबाव भरे हालात में आयुष ने शानदार प्रदर्शन किया और एक गेम से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए वेंग होंग यांग को दूसरे एकल में 17-21, 21-13, 21-15 से हराकर अंतर कम किया।

दूसरे युगल मैच में हरिहरन अमसकारुनन और एमआर अर्जुन की जोड़ी को ही जी टिंग और रेन जियांग यू से 17-21, 13-21 से हार मिली जिससे चीन ने 3-1 की अजेय बढ़त बना ली। इसके बाद प्रणय ने तीसरे एकल में एक गेम से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए लू गुआंग जू को 20-22, 21-19, 21-11 से हराया और हार के अंतर को और कम किया। विश्व चैंपियनशिप 2021 के कांस्य पदक विजेता लक्ष्य को दुनिया के सातवें नंबर के खिलाड़ी ली शि फेंग से कड़ा संघर्ष करने के बावजूद तीन गेम तक चले मुकाबले में शिकस्त झेलनी पड़ी। लक्ष्य ने पिछले महीने 'ऑल इंग्लैंड चैंपियनशिप' में ली को हराया था। वह बुधवार को निर्णायक गेम में उसी फॉर्म को दोहरा नहीं पाए और 19-21, 21-8, 12-21 से पराजित हो गए। भारत को सात्विक और चिराग की दुनिया की चौथे नंबर की जोड़ी से मुकाबले को बराबर करने की उम्मीद थी। लेकिन पांच मैच प्वाइंट बचाने के बावजूद यह जोड़ी मौकों को भुनाने में नाकाम रही और आखिरकार पेरिस ओलंपिक के रजत पदक विजेता लियांग वेई केंग और वांग चांग से 13-21, 21-13, 24-26 से हार गई। इस हार के बाद भारत ग्रुप ए में दूसरे स्थान पर रहा और क्वार्टरफाइनल में उसका मुकाबला 2014 के विजेता जापान से होने की संभावना है। जापान ग्रुप बी में शीर्ष पर रहा। आयुष पहले गेम में 17-17 की बराबरी पर थे लेकिन इसके बाद वेंग आगे निकल गए और भारतीय खिलाड़ी के नेट पर शॉट लगाने से इसे जीतने में सफल रहे।



## भारतीय भारोत्तोलकों ने जीता 1 गोल्ड और 3 सिल्वर मेडल

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय भारोत्तोलकों ने राष्ट्रमंडल युवा और जूनियर भारोत्तोलन चैंपियनशिप एवं यूनिवर्सल कप में शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए बुधवार को समोआ के अपिया में तीसरे दिन एक स्वर्ण और तीन रजत पदक जीते। बेलाना हरिका ने राष्ट्रमंडल युवा और जूनियर चैंपियनशिप के 69 किग्रा भार वर्ग में कुल 197 किग्रा (86 +111 किग्रा) वजन उठाकर दिन का एकमात्र स्वर्ण पदक जीता।

करंगी तरंगिनी ने 179 किग्रा (79 +100 किग्रा) और भूमिका मोहिते ने 195 किग्रा (109 +86 किग्रा) वजन उठाकर 63 किग्रा वर्ग में रजत पदक जीते। यूनिवर्सल कप में अभिषेक निपाने ने कुल 324 किग्रा (140 +184 किग्रा) भार उठाकर 88 किग्रा वर्ग में रजत पदक जीता। प्रतियोगिता के दूसरे दिन भारतीय भारोत्तोलकों ने चार स्वर्ण पदक जीते थे।



### कोठारी ने आडवाणी को हराया, खिताब रखा बरकरार



**कारलो।** भारत के सौरव कोठारी ने एकतरफा फाइनल में हमवतन पंकज आडवाणी को हराकर आईबीएसएफ विश्व बिलियर्ड्स चैंपियनशिप का खिताब बरकरार रखा। कोलकाता के खिलाड़ी ने 3 घंटे तक चले फाइनल में 19 बार के चैंपियन आडवाणी को 1133-477 से हराया। कोठारी ने लगातार अच्छे ब्रेक बनाए। उन्होंने 485, 121, 90, 241 और 155 के ब्रेक बनाकर अपनी जीत सुनिश्चित की। कोठारी ने फाइनल के बाद अपनी जीत को अपने पिताजी मनोज कोठारी को समर्पित किया जिनका इस साल के शुरू में निधन हो गया था। उन्होंने कहा, 'मैं अपने पिताजी के लिए इस प्रतियोगिता को दोबारा जीतना चाहता था। यह जीत मैं अपने पिताजी को समर्पित करता हूं।' कोठारी ने कहा, 'विश्व खिताब जीतना वाकई अविश्वसनीय लगता है और उसका बचाव करना तो और भी खास है।'

## एशियन बीच गेम्स में भारत ने 4 पदक जीते प्रिया मलिक व पुष्पा यादव ने स्वर्ण पदक कब्जाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक









एशियन बीच गेम्स 2026 में देश के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। इस प्रतियोगिता ने भारतीय पहलवानों ने बीच कुश्ती में चार पदक जीतकर देश के लिए कुल छह पदक हासिल किए। इसमें 70 किलोग्राम से ज्यादा भारवर्ग में जींद प्रिया मलिक और 60 किलोग्राम में उत्तर प्रदेश की पुष्पा यादव ने स्वर्ण पदक जीता। वहीं 70 किलोग्राम में सिद्धार्थ ने रजत और जसप्रीत कौर ने कांस्य पदक हासिल किया। भारत ने दो स्वर्ण, एक रजत, एक कांस्य और कुल चार पदक जीते। यह प्रतियोगिता चीन में आयोजित की गई। पुष्पा यादव ने एशियाई चैंपियन चीन की शी मेंग्यू को 3-0 से हराकर स्वर्ण पदक जीता। एशियाई पदक विजेता प्रिया मलिक ने फाइनल में मंगोलिया की बोलोर्तुनगलाग जोरिग्ट को 3-2 से हराकर कुश्ती में भारत का दूसरा स्वर्ण पदक हासिल किया। सेमीफाइनल में वियतनाम की थी लिन्ह डांग से हारने के बाद, जसप्रीत कौर ने कांस्य पदक के लिए हुए मुकाबले में कजाकिस्तान की बेइबिट सेइडुआली को 2-0 से हराया। सेमीफाइनल में पाकिस्तान के मुहम्मद अब्दुल्ला को 1-0 से हराने के बाद, सिद्धार्थ को फाइनल में ईरान के अली अकबर ज़ारौदी से 3-0 से हारकर रजत पदक से संतोष करना पड़ा। प्रियांशी प्रजापत के पास भी महिलाओं के 50 किलोग्राम वर्ग में पदक जीतने का मौका था, लेकिन चोट की वजह से उन्हें कांस्य पदक के मुकाबले से अपना नाम वापस लेना पड़ा।

**69वीं राष्ट्रीय स्कूल खेल क्रिकेट प्रतियोगिता (अंडर-17 बालिका वर्ग) का शुभारंभ**

## हरियाणा, छतीसगढ़, चंडीगढ़ और महाराष्ट्र ने अपने-अपने मैच जीते

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

69वीं राष्ट्रीय स्कूल खेल क्रिकेट प्रतियोगिता (अंडर-17 बालिका वर्ग) का शुभारंभ वैश्य कॉलेज रोहतक के महाराजा अग्रसेन स्टेडियम में हुआ। पहले दिन कुल आठ मैच खेले गए, जिसमें खिलाड़ियों ने अपनी-अपनी टीमों को जीताने के लिए जोर लगाया। एमएस सरस्वती क्रिकेट ग्राउंड में हरियाणा व आईपीएससी की टीम का मैच हुआ। इसमें हरियाणा ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए 9 विकेट से जीत दर्ज की जिसमें फलक ने शानदार गेंदबाज़ी करते हुए 3 विकेट अपने नाम किए। रेड बॉल -1 स्टेडियम में मध्यप्रदेश व उत्तर प्रदेश के बीच मैच हुआ जिसमें उत्तर प्रदेश 8 विकेट से शानदार जीत हासिल की।





रेड बॉल 2 स्टेडियम में केरल और चंडीगढ़ की टीमों के मध्य मैच हुआ, चंडीगढ़ ने यह मुकाबला 20 रन से जीत लिया।
महाराजा अग्रसेन स्टेडियम में महाराष्ट्र तथा तमिलनाडु की टीम के मध्य मैच हुआ जिसमें महाराष्ट्र की टीम विजयी रही। वैश्य टेक्निकल इंस्टीट्यूट के क्रिकेट मैदान में ओडिशा और राजस्थान की टीम का मैच आयोजित किया गया जिसमें राजस्थान ने मैच जीता। विश्वकर्मा क्रिकेट ग्राउंड पर कर्नाटक तथा सीआईएसई टीम के मध्य मैच हुआ जिसमें सीआईएसई ने 53 रन से शानदार विजय हासिल की। वैश्य इंजीनियरिंग कॉलेज के स्टेडियम में छत्तीसगढ़ और उत्तराखंड टीम के बीच मैच हुआ, जिसमें उत्तराखंड की टीम विजयी रही। 22 याड्र्स स्टेडियम में आंध्र प्रदेश तथा नवोदय विद्यालय की टीम के बीच मैच हुआ। आंध्र प्रदेश ने यह मुकाबला 5 विकेट से अपने नाम किया। उद्घाटन समारोह का आयोजन उपायुक्त रोहतक सचिन गुप्ता के दिशा निर्देशन में और जिला शिक्षा अधिकारी रोहतक मंजीत मलिक, जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी रोहतक दिलजीत सिंह की अध्यक्षता में किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित पूर्व मंत्री मनीष ग्रोवर ने शिरकत की। उन्होंने खिलाड़ियों को अनुशासन, समर्पण एवं खेल भावना के साथ उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया।




## होर्मुज पर तकरार: दोनों देशों के बीच बातचीत के रास्ते बंद फिर से धमकियों का दौर शुरू

# ट्रंप की ईरान को अंतिम चेतावनी: तीन दिन में डील करो वरना फट जाएंगी पाइपलाइनें

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान को 3 दिन का अल्टीमेटम देते हुए कहा है कि तेल पाइपलाइनों में बढ़ते दबाव के कारण ईरान बड़ी तबाही की ओर है। वहीं, ईरानी राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियान ने होर्मुज नाकाबंदी हटाने की शर्त रखी है, जिससे खाड़ी में युद्ध का खतरा बढ़ गया है।

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

ईरान और अमेरिका के बीच तनाव एक नए और खतरनाक मोड़ पर पहुंच गया है, जहां दोनों देशों के बीच बातचीत के रास्ते बंद होने के बाद धमकियों का दौर शुरू हो गया है। ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियान ने स्पष्ट कर दिया है कि अमेरिका को सबसे पहले होर्मुज से अपनी नाकाबंदी हटानी होगी, जिसके बाद ही किसी भी प्रकार की बातचीत संभव है और इस रुख पर प्रतिक्रिया देते हुए अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान को कड़ी चेतावनी दी है। ट्रंप ने कहा है कि ईरान के पास डील करने के लिए अब ज्यादा वक्त नहीं बचा है और अगर वह अपनी बर्बादी रोकना चाहता है, तो उसे अगले 3 दिनों के भीतर समझौता करना होगा।



### ईरान का पलटवार और ट्रंप कार्ड का दावा

ट्रंप की इस आक्रामक धमकी का ईरान ने भी उसी अंदाज में जवाब दिया है। ईरानी संसद के स्पीकर कलीबाफ ने सोशल मीडिया के माध्यम से संकेत दिया कि ईरान के पास अभी कई रणनीतिक कार्ड बचे हैं।

### परमाणु मुद्दे पर गतिरोध और तीन चरणों वाला प्रस्ताव

ईरानी संसद की राष्ट्रीय सुरक्षा समिति के प्रमुख इब्राहिम अजीजी ने स्पष्ट किया है कि उनका अमेरिकियों के साथ, विशेषकर परमाणु मुद्दे पर, बातचीत करने का कोई इरादा नहीं है।

### अमेरिका की प्रतिक्रिया और आगामी रणनीति

अमेरिका फिलहाल ईरान के इन प्रस्तावों को स्वीकार करने के मूड में नहीं दिख रहा है। अमेरिकी प्रशासन का स्पष्ट कहना है कि जब तक परमाणु प्रोग्राम रोकने की ठोस गारंटी नहीं मिलती, तब तक कोई डील नहीं होगी।

**ईरान के प्रस्ताव से नाराज हुए ट्रंप बढ़ा सियासी संकट**

*अमेरिका और ईरान के बीच दूसरे दौर की होने वाली शांति वार्ता परमाणु मुद्दे पर अटक गई है। ईरान ने होर्मुज स्ट्रेट को खोलने के लिए पाकिस्तान के माध्यम से अमेरिका को जो नया प्रस्ताव भेजा है, उस पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप ने नाखुशी जताई है और कहा है कि ईरान पतन के कगार पर है। इस नए प्रस्ताव से सियासी संकट और बढ़ गया है। नए प्रस्ताव में अमेरिकी नाकेबंदी हटाने, युद्ध खत्म करने और परमाणु मुद्दे पर अलग से वार्ता की बात कही गई है। जबकि अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने भी साफ कहा है कि ईरान को परमाणु हथियार पाने से रोकना मुख्य मुद्दा है।*

### हमास के मिलिट्री इंटेलिजेंस ऑपरेशंस के चीफ शंबारी को किया ढेर



इजरायल ने कहा है कि उसने एक हमले में हमास के मिलिट्री इंटेलिजेंस ऑपरेशंस के चीफ इयाद अहमद अब्द अल-रहमान शंबारी को मार गिराया है। इजराइली रक्षा बल ने बुधवार को इसकी जानकारी दी है। शंबारी, फिलिस्तीनी सशस्त्र उग्रवादी समूह हमास की सैन्य खुफिया इकाई में ऑपरेशंस विभाग का प्रमुख था।

### ईयू अध्यक्ष ने कहा ईरान को शांति की जरूरत



इसी बीच यूरोपीय आयोग(ईयू) की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन ने कहा कि ईरान और लेबनान में लागू सीजफायर को बनाए रखने के लिए कूटनीतिक प्रयासों को और मजबूत करना होगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि लक्ष्य केवल अस्थायी शांति नहीं, बल्कि स्थायी समाधान होना चाहिए। लेयेन ने कहा कि हम चाहते हैं कि युद्ध पूरी तरह खत्म हो और होर्मुज जलडमरूमध्य में बिना किसी शुल्क के नेविगेशन की पूरी आजादी बहाल हो। उन्होंने जोर दिया कि किसी भी संभावित शांति समझौते में ईरान के परमाणु और बैलिस्टिक मिसाइल कार्यक्रम पर ध्यान देना जरूरी होगा।

## नई दिल्ली में 11वें राजदूतों और उच्चायुक्तों का सम्मेलन

# दुनिया में उथल-पुथल के बीच भारत की कूटनीति देश के हितों को आगे बढ़ाने के लिए पूरी तरह तैयार: जयशंकर

*राजदूतों और उच्चायुक्तों के सम्मेलन में बोलते हुए विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि अस्थिरता के दौर में भारतीय डिप्लोमेसी देश के हित को आगे बढ़ाने और देश के लक्ष्यों को सुरक्षित करने के लिए तैयार है। सम्मेलन में भारत के उच्चायुक्त, राजदूत और विदेश मंत्रालय के सीनियर अधिकारी शामिल हुए।*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

विश्व में अभी उथल-पुथल का दौर है और आज की अस्थिर और बदलती दुनिया में भारतीय कूटनीति देश के हितों को आगे बढ़ाने के लिए पूरी तरह तैयार है। बुधवार नई दिल्ली में आयोजित मिशन प्रमुखों का सम्मेलन में बोलते हुए विदेश मंत्री एस जयशंकर ने यह बात कही।

विदेश मंत्री ने कहा कि पिछले दस वर्षों में दुनिया के साथ भारत का जुड़ाव काफी बढ़ा है। भारत ने अपने मिशन प्रमुखों का तीन दिवसीय सम्मेलन आयोजित किया है।

**खास बातें**

- मिशन प्रमुखों का तीन दिवसीय सम्मेलन
- अन्य देशों में तैनात भारत के सभी प्रमुख राजदूतों ने हिस्सा लिया
- आज जियोपॉलिटिक्स पर विचार-मंथन होगा




सम्मेलन को संबोधित करते जयशंकर

### भारतीय राजनयिकों के सम्मेलन को एस जयशंकर ने किया संबोधित

भारतीय राजनयिकों का यह सम्मेलन ऐसे वक्त हो रहा है जब पश्चिम एशिया संकट की वजह से भारत के सामने भी कई चुनौतियां हैं। इस सम्मेलन की तस्वीर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए विदेश मंत्री एस जयशंकर ने लिखा कि नई दिल्ली में 11वें राजदूतों और उच्चायुक्तों के सम्मेलन में भारत के हाई कमिश्नर, राजदूत और विदेश मंत्रालय के अधिकारियों को संबोधित किया। हमारी बातचीत में पिछले दशक में दुनिया के साथ भारत के जुड़ाव में हुई काफी बढ़ोतरी को पहचाना गया।

### सम्मेलन में आज पीएम मोदी शामिल होंगे

एस जयशंकर ने कहा कि एक अस्थिर और उथल-पुथल भरी दुनिया में भारतीय डिप्लोमेसी देश के हित को आगे बढ़ाने और देश के लक्ष्यों को सुरक्षित करने के लिए तैयार है। एक रिपोर्ट के अनुसार पीएम मोदी आज यानी 30 अप्रैल को भारतीय राजनयिकों के साथ मौजूदा जियोपॉलिटिक्स पर विचार-मंथन में शामिल होंगे। सम्मेलन के आखिरी दिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी यहां अपनी बात रख सकते हैं

### गैब्रिएला सोमरफेल्ड से एस जयशंकर की मुलाकात

इससे पहले डॉ. एस. जयशंकर ने इक्वाडोर की अपनी समकक्ष गैब्रिएला सोमरफेल्ड से मुलाकात की। इस मुलाकात के दौरान दोनों नेताओं ने व्यापार, कृषि और कैपेसिटी बिल्डिंग जैसे खास क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने के तरीकों पर चर्चा की। इसके अलावा, विदेश मंत्री सोमरफेल्ड ने राजघाट जाकर महात्मा गांधी को पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलिभी दी।

### देश के लक्ष्यों को सुरक्षित करने के लिए तैयार

एस जयशंकर ने कहा कि एक अस्थिर और उथल-पुथल भरी दुनिया में भारतीय डिप्लोमेसी देश के हित को आगे बढ़ाने और देश के लक्ष्यों को सुरक्षित करने के लिए तैयार है। 30 अप्रैल को भारतीय राजनयिकों के साथ मौजूदा जियोपॉलिटिक्स पर विचार-मंथन होगा।

## अफसर की हत्या करने वाले रामधनी का पुलिस ने किया एनकाउंटर

**बेटी बोली- थाने में सरेंडर करने गए थे पुलिस ने कहा- कुख्यात ने पहले फायरिंग की**

**भागलपुर।** बिहार में योगी स्टाइल में भागलपुर हत्याकांड के आरोपी का एनकाउंटर हुआ है। मर्डर के 12 घंटे के अंदर पुलिस ने अपराधी को ढेर कर दिया है। भागलपुर में मंगलवार दोपहर 3 बजे सुल्तानगंज नगर परिषद ऑफिस में सरकारी अफसर की हत्या हुई थी। बदमाशों ने चेयरमैन को भी गोली मारी थी। देर रात 2.30 बजे पुलिस एनकाउंटर में अपराधी मारा गया। मुठभेड़ में डीएसपी नवीन, इंस्पेक्टर परमेश्वर और इंस्पेक्टर मृत्यंजय भी घायल हुए हैं। एनकाउंटर सुल्तानगंज थाने से महज 200 मीटर दूर बाइपास रोड इलाके में हुआ है। जहां मुठभेड़ हुई है, वहां से रामधनी यादव का घर 100 मीटर की दूरी पर है।

## लंदन में दो यहूदियों पर हमला

लंदन। ब्रिटेन की राजधानी लंदन में दो यहूदी लोगों पर चाकू से हमला हुआ है। हमले में घायल दोनों लोगों को मौके पर प्राथमिक इलाज देने के बाद अस्पताल पहुंचाया गया। मीडिया को मिली जानाकारी के मुताबिक हमला नॉर्थ लंदन के गोल्डर्स ग्रीन इलाके में हुआ, जहां बड़ी संख्या में यहूदी समुदाय के लोग रहते हैं। पुलिस ने घटना के कुछ समय बाद 45 साल के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने कहा है कि काउंटर टेरर यूनिट मामले की जांच कर रही है और आतंकी लिंक की भी पड़ताल हो रही है। आरोपी ने पुलिसकर्मियों पर भी चाकू से हमला करने की कोशिश की। इसके बाद उसे टेजर मारकर काबू किया गया। बता दे कि पहला हमला गोल्डर्स ग्रीन रोड पर दुकानों के बाहर हुआ, जबकि दूसरा पास की साइड रोड पर सिनेगॉग यहूदी धार्मिक स्थल के बाहर हुआ।

## बेंगलुरु में भारी बारिश,अस्पताल की दीवार गिरने से 7 मौतें

**बेंगलुरु।** बेंगलुरु में बुधवार को भारी बारिश के बीच हॉस्पिटल की दीवार गिरने से 7 लोगों की मौत हो गई। मृतकों में 3 बच्चे भी शामिल हैं। 7 घायलों का रेस्क्यू किया गया है। हादसे के समय सड़क किनारे मौजूद वेंडर और राहगीर मलबे की चपेट में आ गए। कई लोग मलबे में दब गए थे, जिन्हें रेस्क्यू टीम ने बाहर निकाला। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, भारी बारिश के कारण बोवरिंग एंड लेडी कर्जन हॉस्पिटल की दीवार कमजोर हो गई थी। हालांकि, प्रशासन ने कहा है कि हादसे के कारणों की जांच की जा रही है। मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने घटनास्थल पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया और मृतकों के परिजनों के लिए 5-5 लाख रुपए मुआवजे की घोषणा की।




### 1000 रुपये फीस लगेगी

# भारत में ब्याही नेपाली महिलाओं को मिलेगी भारतीय नागरिकता

एजेंसी ▶▶ काठमांडू



बगहा दो प्रखंड अंतर्गत वाल्मीकनगर थाना क्षेत्र में बुधवार को विभागीय आदेश के आलोक में नेपाली मूल की वैसी महिलाएं जिनकी शादी भारतीय क्षेत्र में हुई है या परित्यक्ता है। उनका सत्यापन का कार्य किया जा रहा है।

वैसी महिलाओं को जिनकी शादी भारत में हुई है। उन्हें भारतीय नागरिकता दिलाने हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है। यह आवेदन ऑनलाइन या विकास मित्र, कार्यपालक सहायक के माध्यम से किया जा सकता है। अगर किसी महिला की जानकारी छुपाई जाती है या आवेदन नहीं किया जाता है तो, वैसी महिला भविष्य में सरकार से प्राप्त सुविधाओं से वंचित हो सकती है। भारतीय नागरिकता के लिए ऑनलाइन आवेदन का शुल्क एक हजार रुपए निर्धारित किया गया है। इसमें निर्देशित किया गया है कि आवेदक का स्वहस्ताक्षर आवेदन पत्र, चार फोटो, वैध पासपोर्ट या यात्रा दस्तावेज, जन्मतिथि प्रमाण पत्र या मैट्रिक, आवासीय प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, वोटर कार्ड, बिल, भारतीय नागरिक से विवाह प्रमाण पत्र के 100 रुपए के स्टांप पेपर पर नोटरी शपथ पत्र, स्व घोषणा, पुलिस का एनओसी सर्टिफिकेट आवश्यक है। प्रखंड कार्यालय के दिशा निर्देश पर वाल्मीकि नगर, लक्ष्मीपुर रामपुरवा, संतपुर सोहरिया समेत अन्य पंचायत में विकास मित्र, कार्यपालक सहायक, टोला सेवक के द्वारा वैसे लोगों को आवेदन हेतु जागरूक और प्रेरित किया जा रहा है।

### खाद्य संकट पर आई रिपोर्ट में हुआ बड़ा खुलासा

# अत्याधिक खाद संकट झेलने वाले टॉप 10 देशों में बांग्लादेश शामिल

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

2026 ग्लोबल रिपोर्ट ऑन फूड क्राइसिस' (जीआरएफसी) के अनुसार, वर्ष 2025 में उच्च स्तर की तीव्र खाद्य असुरक्षा का सामना करने वाले लोगों की सबसे बड़ी संख्या वाले शीर्ष 10 देशों में बांग्लादेश भी शामिल है। इस जानकारी का खुलासा एक रिपोर्ट के अनुसार हुआ। रिपोर्ट के मुताबिक, बांग्लादेश में वर्ष 2025 के अंत तक लगभग 1.6 करोड़ लोग संकट स्तर की खाद्य असुरक्षा या उससे भी बदतर स्थिति का सामना कर रहे थे। यह विश्लेषित आबादी का करीब 17 प्रतिशत हिस्सा है। हालांकि रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि यह विश्लेषण देश की कुल आबादी के केवल 59 प्रतिशत हिस्से पर आधारित था, पूरी आबादी पर नहीं। रिपोर्ट में कहा है कि खाद्य असुरक्षा की लगातार बनी रहने वाली स्थिति एक गहरी संरचनात्मक समस्या की ओर इशारा करती है। इसके पीछे कम और अस्थिर आय, कमजोर क्रय शक्ति, क्षेत्रीय असमानता, जलवायु जोखिम, पोषण संबंधी कमजोर परिणाम और सामाजिक सुरक्षा योजनाओं में कमियां जैसी वजहें हैं। कई परिवारों के लिए समस्या यह नहीं है कि बाजार में भोजन उपलब्ध नहीं है, बल्कि यह है कि भोजन उनकी पहुंच से बाहर होता जा रहा है। पौष्टिक आहार महंगा है और लोगों के पास संकट से निपटने के साधन भी खत्म हो चुके हैं।



### नियमित निगरानी भी जरूरी

रिपोर्ट के अनुसार, बांग्लादेश की खाद्य सुरक्षा चुनौती असमानता का भी सवाल है। देश ने चावल उत्पादन बढ़ाने और मुख्य खाद्यान्न की आपूर्ति बनाए रखने में अपेक्षाकृत अच्छा प्रदर्शन किया है, लेकिन खाद्य सुरक्षा केवल उपलब्धता का मुद्दा नहीं है, यह पहुंच, पोषण, स्थिरता और सम्मानजनक जीवन से भी जुड़ा विषय है। रिपोर्ट में सुझाव दिया गया है कि नीति निर्माण का नजरिया क्या पर्याप्त चावल है? से बदलकर क्या गरीब परिवार पूरे साल पौष्टिक भोजन खरीद सकते हैं?

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड़, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2026-28